02 नवंबर 2024
शनिवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




बेगूसराय में मालिक पर जहरीली शराब पिलाकर मारने का आरोप

2









दीपावली की रात लोगों ने जमकर पटाखे फोड़े। आतिशबाजी का खूब आनंद लिया। इसका असर वायु की गुणवत्ता पर पड़ा। देश में अगर सबसे ज्यादा अगर कहीं की हवा जहरीली हुई है तो वो है अपने देश की राजधानी दिल्ली। यहां शुक्रवार की सुबह कई इलाकों में धुंध छाया हुआ था।

## दीपावली के अगले दिन दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 700 पार दर्ज किया गया, कई इलाकों में सुबह छाया रहा धुंध

# खूब चले पटाखे... दिल्ली से लेकर पटना तक की हवा हुई जहरीली

- पिछले साल दिवाली पर आसमान साफ था और एक्यूआई 218 दर्ज किया गया था
- इसके उलट इस साल दिवाली पर शहर में प्रदूषण का स्तर फिर से अपने चरम पर पहुंच गया
- दिल्ली सरकार ने इन हालातों से बचने के लिए पटाखों पर लगाया था प्रतिबंध

**एजेंसी/नई दिल्ली**

आतिशबाजी के चलते दिल्ली की वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गई है। शुक्रवार की सुबह 5:30 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 700 पार दर्ज किया गया। दिल्ली के कई हिस्सों में दिवाली के बाद स्मॉग की परत देखने को मिल रही है। साथ ही सड़कों पर जगह-जगह पटाखों के अवशेष भी दिखाई दे रहे थे। दिल्ली के आनंद विहार सहित प्रमुख क्षेत्रों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में पहुंच गया और दिल्ली के लोगों के पास जहरीली हवा में सांस लेने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा है। पिछले साल दिवाली पर आसमान साफ था और एक्यूआई 218 दर्ज किया गया था। इसके उलट इस साल दिवाली पर शहर में प्रदूषण का स्तर फिर से अपने चरम पर पहुंच गया है। हालांकि, दिवाली से पहले ही दिल्ली में एक्यूआई 400 पार बना हुआ था, लेकिन दिवाली के बाद स्थिति और भी गंभीर हो गई है।

साथ ही राजधानी में पराली जलाने और वाहनों से निकलने वाले धुएं के चलते हालात और भी खराब हो गए। दिल्ली सरकार ने पहले ही इन हालातों से बचने के लिए पटाखों पर प्रतिबंध लगाया था और इसका पालन कराने के लिए 377 प्रवर्तन दल गठित किए थे। साथ ही जागरूकता फैलाने का काम भी किया था। इस के बाद भी दिल्ली की हवाओं में इसका कोई असर दिखाई नहीं दिया। पूर्वी और पश्चिमी दिल्ली के इलाकों में बड़े पैमाने पर प्रतिबंधों का उल्लंघन होने की खबरें सामने आईं। इन जहरीली हवाओं में सांस लेने से स्वास्थ्य पर गहरा असर होता है। खासतौर पर बच्चों, बुजुर्गों और उन लोगों को इससे ज्यादा परेशानी होती है जो पहले से ही सांस की बीमारी का सामना कर रहे हैं। दिल्ली में दिवाली के मौके पर साल 2022 में 312, साल 2021 में 382, साल 2020 में 414, साल 2019 में 337, साल 2018 में 281, साल 2017 में 319 और साल 2016 में 431 एक्यूआई दर्ज किया गया था।

### ऐसे समझें क्या होता है एक्यूआई

एक्यूआई जीरो से 50 के बीच है तो एक्यूआई अच्छा माना जाता है। 51 से 100 एक्यूआई होने पर संतोषजनक होता है। 101 से 200 के बीच एक्यूआई मध्यम माना जाता है। एक्यूआई 201 से 300 के बीच हो तो उसे खराब माना जाता है। वहीं अगर एक्यूआई 301 से 400 के बीच हो तो इसे बहुत खराब कहा जाता है। वहीं 401 से 500 के बीच एक्यूआई होने पर इसे गंभीर श्रेणी में रखा जाता है।

## बिहार के हाजीपुर की हवा की गुणवत्ता सबसे ज्यादा खराब

**केटी न्यूज/पटना**

दिवाली पर बिहार की हवा में जहर घुल गया। चाहे पटना हो या राज्य के अन्य जिले तमाम जगहों पर वायु प्रदूषण का स्तर उच्च स्तर पर पहुंच गया। इसका बड़ा कारण दिवाली को लेकर पूरे राज्य में जमकर हुई आतिशबाजी है। दिवाली के बाद प्रदूषण का स्तर बेहद खतरनाक पर पहुंच गया है। पटना में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 206 के आसपास हो गया है। वहीं सबसे खराब हवा हाजीपुर में बहने लगी जहां एक्यूआई 303 के आसपास हो गया। हालांकि बिहार सरकार की ओर से पटना, गया, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर में पटाखे बैन थे, बावजूद इसके इन जिलों में देर रात तक आतिशबाजी हुई।

एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) के अचानक से ऊपर चढने के कारण दिवाली के दिन पूरे राज्य में जमकर हुई आतिशबाजी को माना जा रहा है। पटाखों के घुएं से कैसे हवा जहरीली हुई है इसका उदाहरण पूर्णिया है। दिवाली से एक दिन पहले पूर्णिया का एक्यूआई 150 दर्ज किया गया था जबकि दिवाली की रात पूर्णिया का एक्यूआई 280 दर्ज किया गया। वहीं दिवाली की दूसरी सुबह एक्यूआई 253 दर्ज किया गया। यानी एक्यूआई एक ही दिन में दोगुना हो गया।



दीपावली की रात पटना शहर का नजारा बेहद आकर्षक था। एलईडी रोशनी से पूरा शहर जगमग कर रहा था।

**कौन जिला सबसे प्रदूषितः** हाजीपुर 303, अररिया 284, मुजफ्फरपुर 263, पूर्णिया 253, बेगूसराय 249, समस्तीपुर 246, भागलपुर 232, सीवान 226, किशनगंज 214, मुंगेर 210, पटना 206, बेतिया 198, छपरा 191, सहरसा 188, बिहारशरीफ 183, बक्सर 171, गया 151

## दीपावली की रात पटना के दो फर्नीचर फैक्ट्री में लगी आग, छह घंटे की मशक्कत के बाद बुझी

**केटी न्यूज/पटना**

पटना सिटी के आलमगंज थाना क्षेत्र के मठ लक्ष्मणपुर कोयरी टोला देवी स्थान के समीप गुरुवार की देर रात फर्नीचर फैक्ट्री में आग लग गई। देखते ही देखते आग इतनी भीषण हो गई कि दो फैक्ट्री इसकी चपेट में आ गईं। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, लगभग आधा दर्जन दमकल की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर 6 घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस आग की चपेट में आकर वहां स्थित दो फैक्ट्री पूरी तरह जलकर राख हो गई। आग कैसे लगी इसकी अभी पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं स्थानीय लोगों को आशंका है कि दीपावली के मौके पर पटाखे की चिंगारी से आग लगी है।

घटना के बारे में स्थानीय लोगों ने बताया कि दीपावली की रात लगभग 11 बजे के आसपास फर्नीचर की फैक्ट्री में आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों को मिली। पहले तो लोगों ने खुद आग पर काबू पाने का काफी प्रयास किया। आग पर काबू नहीं पाया जा सका इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी।

### पटना में खिलौना दुकान में लगी आग 10 लाख रु. की संपत्ति का नुकसान

**पटना।** दिवाली के जश्न के बीच पटना में एक खिलौना दुकान में भीषण आग लग गई। दुकान में आग लगने के बाद इलाके के लोगों में अफरातफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अगलगी में 10 लाख से अधिक की संपत्ति जलकर राख हो गई। पटना सिटी के चौक थाना क्षेत्र के हरिमंदिर के मार्केट में स्थित खिलौना की दुकान में भीषण आग लग गई है। स्थानीय लोगो ने अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग की लपटें तेज होने के कारण आग बढ़ती ही जा रही थी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर बाइक पेथर फायर बिग्रेड की यूनिट पहुंची। फायर बिग्रेड के जवानों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। खिलौना दुकान में कागज और प्लास्टिक जैसे ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग की लपटे तेज हो गईं थी और देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया था।

## झूठे वादे करना आसान, उसे लागू करना कठिनः पीएम

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान पर तंज कसा है। पीएम ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी इस बात को भली-भांति समझ रही है कि झूठे वादे करना तो आसान है, लेकिन उन्हें सही ढंग से लागू करना कठिन या असंभव है। खरगे ने कर्नाटक में कहा था कि बजट के आधार पर ही घोषणा करनी चाहिए अन्यथा राज्य दिवालियापन हो जाएगा। अब खरगे के बयान पर पीएम ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी इस बात को भली-भांति समझ रही है कि झूठे वादे करना तो आसान है लेकिन उन्हें सही ढंग से लागू करना कठिन या असंभव है। अभियान दर अभियान वे लोगों से ऐसे वादे करते हैं, जिन्हें वे भी जानते हैं कि वे कभी पूरा नहीं कर पाएंगे। अब, वे लोगों के सामने बुरी तरह बेनकाब हो गए हैं।

**क्या है पूरा मामलाः** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को कर्नाटक के डिप्टी सीएम की उनके इस बयान को लेकर खिंचाई की कि राज्य सरकार शक्ति गारंटी की समीक्षा करेगी। प्रदेश की कांग्रेस सरकार की इस गारंटी के तहत महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा प्रदान की जाती है। शिवकुमार ने कहा था कि सरकार शक्ति योजना पर फिर से विचार करेगी क्योंकि कुछ महिलाओं ने सरकारी बसों में यात्रा के लिए भुगतान करने की इच्छा व्यक्त की है। इसके बाद खरगे ने खिंचाई की।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों ने दो लोगों को मारी गोली

**एजेंसी/श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में आतंकवादियों ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के दो लोगों को गोली मार दी। एक अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार शाम को मध्य कश्मीर जिले के मागाम के मजहामा इलाके में गोली लगने से सूफियान और उस्मान घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें अस्पताल ले जाया गया और उनकी हालत स्थिर बताई गई है। घटना के बाद सूचना मिलने पर पहुंची सुरक्षाबलों की टीम ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी और आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चलाया। चिनाब घाटी के डोडा जिले में वर्तमान समय में दो आतंकी समूह सक्रिय हैं।






### गृहमंत्री अमित शाह ने वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का किया उद्घाटन

## अहमदाबाद में एक हजार मीट्रिक टन ठोस कूड़ा जलाकर बनेगी बिजली

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारत के शहरों से हर दिन लगभग 1.5 लाख टन से भी ज्यादा ठोस कचरा निकलता है जिसमें से केवल 25-28 प्रतिशत कचरे का प्रोसेस किया जाता है। बाकी बचा कचरा या तो खुले में फेंक दिया जाता है या जला दिया जाता है। ऐसा अनुमान है कि वर्ष 2030 तक कचरे की यह मात्रा 16 करोड़ टन हो जाएगी। इस भारी भरकम कचरे से निपटने के लिए नीति निमार्ताओं ने एक ऐसा रास्ता निकाला है जिससे कचरे का ढेर भी खत्म हो जाए और साथ ही बिजली का उत्पादन भी होता रहे। इस प्रोसेस को वेस्ट टू एनर्जी प्लांट में जला कर पूरा किया जाता है। जिसका गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के अहमदाबाद में 1 नवंबर को उद्घाटन किया। कचरे को एनर्जी में कन्वर्ट करने वाला ये प्लांट गुजरात का सबसे बड़ा प्लांट है।

इस प्रोजेक्ट के लिए अहमदाबाद नगर निगम और एक प्राइवेट कंपनी के बीच एक



एमओयू साइन किए गए हैं। इस समझौते के तहत प्राइवेट कंपनी हर दिन शहर से निकलने वाले कूड़े में से एक हजार मीट्रिक टन ठोस कूड़ा जलाकर बिजली बनाएगी और कमाई करेगी। इससे कचरे से छुटकारा तो मिलेगा ही साथ ही शहर में कूड़े से राजस्व भी बढ़ेगा। चूंकि बाकी सभी कैटिगरी में अहमदाबाद सबसे आगे रहता है मगर जमा होने वाले कूड़े के कारण स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर गिर जाता हैं। इससे अहमदाबाद को बहुत बड़ा नुकसान होता है। अब इस वेस्ट टू एनर्जी प्रोजेक्ट के तहत उत्पादित बिजली से कंपनी को फायदा होगा।

### हर दिन लगभग 350 मेगावाट बिजली का होगा उत्पादन

इस तरह का प्लांट कोई पहली बार नहीं बना है। देश का पहला डब्ल्यूटीई प्लांट 1987 में तिमारपुर, दिल्ली में स्थापित किया गया था। उस समय, आने वाले कचरे की खराब गुणवत्ता के कारण इसे बंद करने से पहले यह सिर्फ 21 दिनों तक चला था। फिलहाल प्रायोगिक संचालन के तहत इस प्लांट से हर दिन 1000 टन कचरे का निपटारा करके हर घंटे 15 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। वहीं पूरी तरह से चालू होने के पर यह प्लांट शहर के कुल 4000 मीट्रिक टन प्रतिदिन के वेस्ट का प्रबंधन करेगा और लगभग 350 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा।

**कचरे से कैस बनती है बिजली:** वेस्ट टू एनर्जी प्लांट बिजली पैदा करने के लिए ईंधन के रूप में कचरे का इस्तेमाल वैसे ही करती है जैसे दूसरे बिजली संयंत्र कोयला, तेल या प्राकृतिक गैस का उपयोग करते हैं। इस संयंत्र में बिजली सात चरणों में बनती है। सबसे पहले कचरा डंपिंग पिट में आता है, ये वही कचरा है जिसे खुले में लैंडफिल साइट पर फेंक दिया जाता है। लेकिन यहां ये कचरा प्रोसेस होता है। दूसरा स्टेप होता है जब क्रेन के जरिए इस कचरे को उठाकर कन्वेयर बेल्ट में डाला जाता है। जहां गीले कचरे को सुखाया जाता है। साथ ही बेकार की चीजे अलग की जाती है। यहां ऐसा इसलिए किया जाता है क्योंकि कूड़ा मिक्स होकर आता है और कचरे को प्लांट में इस्तेमाल के लायक बनाना जरूरी होता है। तीसरा स्टेप होता है कचरे को जलाने का। कंब्शन चैंबर में कचरे को डाल जलाया जाता है। यहां तापमान 800 से 1000 डिग्री सेल्सियस होता है इस प्रोसेस के दौरान हीट निकलती है। यही हीट बॉयलर में पानी को भाप में बदलता है। चौथे स्टेप में हाई प्रेशर भाप टरबाइन जनरेटर के ब्लेड को घुमाता है। जिससे बिजली बनती है। इस प्रक्रिया में कचरे से निकलने वाली हानिकारक गैसों का प्रभाव कम हो जाता है। पांचवें और आखिरी चरण में राख को बॉयलर और वायु-प्रदूषण नियंत्रण प्रणाली से इक्ट्ठा किया जाता है।

# परिवार के साथ घूमने आए उड़ीसा के वकील समेत दो की सड़क हादसे में मौत

- नालंदा के सोहसराय में ट्रक ने कार में मारी टक्कर
- कार में गंगाजल और प्रसाद सहित अन्य धार्मिक सामग्री मिली

**केटी न्यूज/नालंदा**

नालंदा जिले में सड़क हादसे में उड़ीसा के एक वकील और उनके पुत्र की मौत हो गई। वहीं पत्नी, बेटी समेत तीन लोगों की हालत गंभीर है। इन्हें अस्पताल में करवाया गया है। यह हादसा सोहसराय थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 20 पर श्री राम पेट्रोल पंप के पास की है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सोहसराय थानाध्यक्ष राजमणि के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों द्वारा पिता-पुत्र को मृत घोषित करने के बाद गंभीर रूप से घायल तीनों लोगों को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया।

**नींद आने की वजह से हादसा होने की आशंका है:** यातायात थानाध्यक्ष सुशील कुमार राहुल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में चालक के थकान के कारण नींद आने से हादसा होने की आशंका है। कार से



बरामद सामग्री से पता चलता है कि परिवार तीर्थ यात्रा से लौट रहा था। कार में गंगाजल और प्रसाद सहित अन्य धार्मिक सामग्री मिली है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया है और उनके आने के बाद ही पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। मामले की विस्तृत जांच जारी है।परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर नालंदा आए थे। बताया जा रहा है कि उड़ीसा के पुरी जिले के वहियारपुर निवासी अधिवक्ता सत्यनारायण सत्यपति अपने परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर नालंदा आए थे। इसी दौरान यह घटना हो गई।

## धार्मिक यात्रा पर आया था पूरा परिवार

उड़ीसा के पुरी जिले के वहियारपुर निवासी अधिवक्ता सत्यनारायण सत्यपति अपने परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर नालंदा आए थे। वापसी के दौरान उनकी कार की एक खड़े ट्रक से जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में सत्यनारायण सत्यपति और उनके पुत्र ओम प्रकाश सत्यपति की मौत हो गई जबकि अधिवक्ता की पत्नी राजलक्ष्मी देवी, पुत्री पायल कुमारी एवं चालक नरेंद्र साहू गम्भीर रूप से जख्मी हो गए हैं।घटना की जानकारी मिलते ही सोहसराय थानाध्यक्ष राजमणि मौके पर पहुंच कर सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर गए। यहां चिकित्सक ने पिता और पुत्र को मृत घोषित कर दिया और हालत गंभीर होने के कारण मृतक की बेटी, पत्नी और कार चालक को पटना बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। इस मामले में यातायात थानाध्यक्ष सुशील कुमार राहुल ने बताया कि परिवार वाले वालों को सूचना दिया गई है। परिवार वालों के आने के बाद ही पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की जाएगी। पुलिस कार्रवाई कर रही है। वहीं अन्य घायलों का इलाज बेहतर तरीके से कराया जा रहा है।

# आरजेडी विधायक की गाड़ी ने छात्र को मारी टक्कर, तड़पता छोड़ भागे

**केटी न्यूज/मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर में आरजेडी विधायक और पूर्व मंत्री इसराइल मंसूरी की गाड़ी ने बाइक सवार छात्र को उड़ा दिया। हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार हो गया। घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सदर थाना क्षेत्र के भगवानपुर में बैंक ऑफ इंडिया की शाखा के पास की है। घायल छात्र की पहचान मनियारी थाना क्षेत्र के मोहम्मद मुर्तजा के 17 साल के बेटे मोहम्मद फरदीन रुप में की गई है। फरदीन दसवीं का छात्र है, स्कूल के काम से भगवान से मझोलिया की तरफ बाइक से लौट रहा था। इसी दौरान यह हादसा हो गया। हादसे के बाद विधायक के ड्राइवर ने छात्र को कहा कि साइड हो जाओ नमाज पढ़ने में देरी हो रही है। गार्ड और चालक नमाज पढ़ने के लिए पूर्व मंत्री इसराइल मंसुरी की गाड़ी लेकर निकले थे। घायल मोहम्मद फरदीन ने बताया कि भागवानपु चौक से मौझौलिया चौक की तरफ से स्कूल जाने के दौरान विधायक की गाड़ी ने उसे रौंद डाला था। गार्ड और ड्राइवर उसे सड़क पर तड़पता छोड़कर भाग गए। वहीं विधायक का कहना है कि घटना के समय वह गाड़ी में नहीं थे।

### धंधेबाज के घर पर मृतक जीवन साह से कराया जाता था मजदूरी का कार्य

# बेगूसराय में मालिक पर जहरीली शराब पिलाकर मारने का आरोप

- गुस्साएं ग्रामीणों ने किया तोड़फोड़-हंगामा
- डेढ़ साल से मृतक धंधेबाज के यहां करता था काम

**केटी न्यूज/बेगूसराय**



बेगूसराय में एक व्यक्ति की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गयी है। परिजनों ने मालिक पर जहरीली शराब पिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजन जहरीली शराब से मौत की बात कह रहे हैं। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैली हुई है। परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है। घटना से गुस्साएं लोगों ने मृतक के मालिक के घर पर जमकर तोड़फोड़ की और हंगामा मचाया। मौके पर पहुंची पुलिस के सामने भी लोगों ने जमकर हंगामा मचाया। घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के जीनेदपुर गांव वार्ड- 4 की है।

**शराब का होता था कारोबार**

स्थानीय लोगों ने बताया कि इलाके का चंदन,कुंदन,रंजन चौधरी और महिला बलिया बाली सभी मिलकर शराब का कारोबार करते हैं ये लोगों को बुलाकर शराब पिलाता है। जीवन साह करीब डेढ़ साल से धंधेबाज के घर पर काम करता था। उससे मजदूर के तौर पर काम लिया जाता है। मवेशी की सेवा करने के साथ-साथ घर का और भी काम उससे कराया जाता है। इसके बदले पैसा नहीं दिया जाता था बल्कि दारू दे दिया जाता था। आज जहरीली शराब पीने के लिए मालिक ने दे दिया जिसकी वजह से जवीन साह की मौत हो गयी। घटना के बाद सभी आरोपी घर छोड़कर फरार हो गये है। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जीनेदपुर वार्ड- 1 के रहने वाले जिलेबी साह का 35 वर्षीय पुत्र जीवन शाह के रूप में हुई है । इस घटना के संबंध में परिजनों बताया कि उसी के यहां गाय भैंस को खिलाने और दूध दुहने का काम जीवन शाह करता था।

**शराब ने छीन ली जिन्दगी**

जीवन शाह को जहरीली शराब पिलाकर जिन्दगी छीन ली है। शराब पीने के बाद अचानक बेहोश होकर वो गिर गया। कुछ देर बाद ही तड़प-तड़प कर जीवन साह की मौत आरोपी के दरवाजे पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं गुस्साए लोगों ने पुलिस के खिलाफ जमकर हंगामा किया। लोगों का कहना है कि यह लगातार इस इलाके में शराब बेचने का काम चलता है। लोगों ने साफ तौर से आरोप लगाया है कि इस इलाके में हर घर में शराब बनाता है लेकिन पुलिस को सूचना देने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं करती है। जिस लेकर लोगों में काफी नाराजगी देखी जा रही है। फिलहाल इस घटना के बाद मुफस्सिल थाने के पुलिस लोगों को समझा बूझाकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। पुलिस पदाधिकारी ने बताया है की सूचना मिली है कि एक व्यक्ति की मौत हो गई है । फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

**पुलिस लगातार कर रही है कैंप**

पुलिस कैंप कर रही है, आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी में जुट गई है।इस संबंध में एसपी मनीष ने बताया कि एक व्यक्ति की मौत की सूचना मिली है। मौके पर पहुंचे सदर डीएसपी और थानाध्यक्ष मामले की छानबीन में जुटे हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही घटना के सही कारणों का पता चल पाएगा। मृतक सालभर से शराब के धंधेबाज के यहां काम करता था। परिजनों का आरोप है काम के बदले उसे पैसे नहीं दिया जाता था। मजदूरी के बदले उसे जहरीली शराब पीने के लिए दिया जाता है और जहरीली शराब पीने से ही उसकी मौत हुई है। एसपी ने बताया कि सदर डीएसपी सुबोध कुमार के नेतृत्व में मामले की छानबीन की जा रही है।

# गाड़ी चोरी के शक में युवक की पेड़ से बांधकर पिटाई, सूचना पर पहुंची पुलिस



**केटी न्यूज/सहरसा**

सहरसा जिले में सदर थाना क्षेत्र के पूरब बाजार में खरीदारी के लिए पहुंचे एक युवक की गाड़ी को उसके साथ आए पड़ोसी के द्वारा साइड करने में लोगों ने उसे चोर समझकर जमकर पिटाई कर दी और पेड़ में बांध दिया। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच उसे पेड़ से खोल कर सदर थाना लाई, घटना शुक्रवार की है। जानकारी के अनुसार, एक 25 वर्षीय युवक को गाड़ी चोरी करने के शक में पब्लिक पेड़ में बांधकर जमकर पिटाई कर दी। उसके बाद पुलिस को सूचना दिया। सूचना मिलते ही पुलिस फौरन घटना स्थल पर पहुंचकर चोर को पेड़ से खोल कर सदर थाना लाई और पूछताछ कर रही है। युवक की पहचान मन्नू पासवान पिता कुलानंद पासवान घर ठाढ़ी भवानीपुर जिला सुपौल के रूप में हुई है। घटना को लेकर मन्नू पासवान के मित्र शंकर कुमार ने बताया कि लोग उसे पीट रहे थे और मैं लोगों से उसकी गाड़ी और युवक उसका ही पड़ोसी है कहकर छोड़ने की गुहार लगाते रहा। लेकिन लोग एक भी न सुनी। उन्होंने बताया कि गाड़ी मेरी ही थी और पकड़ाया युवक मेरा ही पड़ोसी है। हम आदित्य विजन में एलसीडी खरीद रहे थे। जाम न लगने को लेकर मेरा पड़ोसी मन्नू पासवान मेरा बाइक आदित्य विजन के सामने रोड पर साइड कर रहा था। उसी दौरान पब्लिक को लगा जो बाइक चोरी कर भाग रहा रहा है। उसके बाद पब्लिक सब उसको गाड़ी सहित पकड़ लिया और पेड़ में रस्सी से बांधकर जमकर पिटाई कर दिया। हम जब आदित्य विजन से बाहर निकले तो भीड़ देखकर वहां पहुंचे तो तब पता चला जो मेरे ही आदमी को पेड़ में बांध दिया है। उसके बाद पुलिस आई और मेरे पड़ोसी को सदर थाना लेकर आई है। मालूम हो कि आए दिन शहरी क्षेत्र में लगातार बाइक चोरी से आम लोग त्रस्त हैं, जिसके कारण युवक को लोगों के आक्रोश को झेलना पड़ गया। वहीं दूसरी ओर पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा जा रहा है। इसमें जो भी दोषी होंगे। कार्रवाई होगी।

## एक नजर

### बिहार लोक सेवा आयोग ने हेड मास्टर और हेड टीचर का रिजल्ट जारी किया

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग ने दीपावली के अगले दिन आखिरकार हेड मास्टर और हेड टीचर का रिजल्ट जारी कर दिया है। बिहार लोक सेवा आयोग ने प्रधान शिक्षक और प्रधानाध्यापक के पद के लिए परीक्षा ली थी, जिसमें प्रधान शिक्षक के 40,247 और प्रधानाध्यापक के 6064 पद थे। प्रधान शिक्षक के पद पर 36, 947 और प्रधानाध्यक के पद पर 5971 अभ्यर्थी पास हुए हैं। दोनों मिलाकर 42, 918 अभ्यर्थी पास हुए हैं।हेड टीचर के लिए 37947 और उच्च माध्यमिक स्कूलों में प्रिंसिपल के 661 पदों पर भर्ती निकली थी एग्जाम में करीब डेढ़ लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे परीक्षा 28 और 29 जून को थी। बिहार लोक सेवा आयोग ने प्रधान शिक्षकों के लिए पहले 40247 पदों पर भर्ती निकाली थी, लेकिन बाद में पुराने आरक्षण रोस्टर यानी 50% के अनुसार 2300 पोस्ट घटाकर 37947 कर दिया गया था। प्रधान शिक्षक क्लास एक से आठ तक के लिए प्रिंसिपल होंगे, जबकि उच्च माध्यमिक स्कूलों के लिए बनने वाले प्रधानाध्यापक वर्ग 9 से 10 और 11 से 12 के लिए होंगे।

### प्रशांत किशोर बोले- बिहार में बेटे और बहू की हो रही है राजनीति, इसे खत्म करना है

**पटना।** बिहार में बेटे और पतोह की राजनीति हो रही है। लोग जातियों में उलझे हैं। बेलागंज की जनता अपराध और अपराधियों से किनारा करना चाहते हैं। बिहार विधानसभा उपचुनाव चुनाव में बेलागंज के सभी लोगों की सोच है, अपराधियों की राजनीति को खत्म करना है। उक्त बातें जन सुराज पार्टी के सुत्रधार प्रशांत किशोर कहा कि कोई बड़े बाहुबलियों को चुनौती दे सकता है। शुरूआती प्रयास में लोगों के बीच विश्वास पैदा करने के लिए जन सुराज पार्टी ईमानदारी से प्रयास शुरू किया है और वह विश्वास लोगों के बीच लाया है। लोकतंत्र में सबसे बड़ी जनता ही ताकत है। प्रत्याशी के चयन में जल्दबाजी के सवाल पर प्रशांत किशोर ने कहा कि जन सुराज में गलत आदमी को टिकट मिलने का सवाल ही नहीं है। इमामगंज विधानसभा सीट से जन सुराज पार्टी से प्रत्याशी जितेंद्र पासवान है। बिहार में रूरल प्रैक्टिनसर, ट्रेनिंग के बाद प्रैक्टिशनर है जो कर रहे है। जब महागठबंधन की सरकार थी, उस समय राज्य के कानून मंत्री जिसको बनाया था। वह भी वैसे हीं डॉक्टर है। जो अस्पताल चला रहे है। एक एमबीबीएस, क्वालीफाई डॉक्टर और दूसरा बहुत बड़ा एक ऐसा तंत्र है, जो अपने अनुभव से प्रैक्टिस करता है। बिहार की चिकित्सा व्यवस्था पूरी तरह ठप है। जो कुछ भी गरीबों को चिकित्सीय सुविधा मिल रही है। गांवों में सेवा दे रहे गरीब डॉक्टरों के कंधे पर है। अगर वह गलत है तो उस पर कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। लेकिन बंद कराएंगे तो ऐसे एक लाख से ज्यादा लोग है, जो ग्रामीण प्रैक्टिशनर है।

# मोतिहारी में ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर किया हमला, एक एसआई समेत 2 जख्मी

**केटी न्यूज/मोतिहारी**

बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के पहाड़पुर इलाके में ग्रामीणों ने शुक्रवार को एक उपनिरीक्षक समेत दो पुलिसकर्मियों पर हमला किया, जिससे वे घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। मोतिहारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी किए गए एक बयान के मुताबिक, पहाड़पुर थाने से पुलिस की एक टीम अपहृता की बरामदगी एवं आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लिपनी गांव गई थी, जहां शम्भु प्रसाद एवं उनके परिजनों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। बयान के अनुसार, इस हमले में प्रशिक्षु पुलिस आरक्षी निरीक्षक सोनू कुमार एवं गृहरक्षक मुन्ना कुमार पासवान जख्मी हो गए। इस संदर्भ में सात नामजद एवं 10-15 अज्ञात लोगों के विरूद्ध पहाड़पुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी अनिता देवी को गिरफ्तार कर लिया गया और विधिक प्रक्रिया के तहत उसे जेल भेज दिया गया है।बयान के अनुसार, पहाड़पुर थानाध्यक्ष का वेतन रोककर उनके खिलाफ विभागीय



कार्रवाई प्रारंभ की जा रही है। घायल पुलिसकर्मियों के बचाव में अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को भेजने में कथित रूप से शिथिलता बरतने को लेकर अरेराज अंचल पुलिस निरीक्षक एवं अरेराज अनुमंडल पुलिस अधिकारी से भी स्पष्टीकरण की मांग की गई है। बयान के अनुसार सभी हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए 5000 रुपए की इनाम राशि की घोषणा की गई है। उक्त कांड में शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही सभी आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

## बाइक और कंटेनर की टक्कर में पिता की मौत, बेटी जख्मी

**समस्तीपुर।** जिले के ताजपुर थाना एरिया से होकर गुजरने वाले नेशनल हाइवे-28 मोतीपुर सब्जी मंडी के पास बाइक और कंटेनर के बीच हुई ठोकर में बाप की मौत हो गई। जबकि बेटी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जख्मी को उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डीएमसीएच रेफर कर दिया गया। लेखेंद्र कुमार अपनी पुत्री रूपा कुमारी के साथ पूसा के मोहमदा से बाइक से अपनी बड़ी बेटी से मिलने के लिए ताजपुर थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव आ रहे थे। इसी दौरान एनएच-28 पर कंटेनर ने उन्हें अपने चपेट में ले लिया, जिससे लखेंद्र कुमार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

### दीपावली खत्म होते ही सीएम नीतीश ने अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए जरूरी निर्देश

# 15 फरवरी तक होगी धान अधिप्राप्ति, सामान्य ग्रेड का न्यूनतम समर्थन मूल्य होगा 2300 रुपये: सीएम

- इस वर्ष धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य 45 लाख मीट्रिक टन रखा गया

**केटी न्यूज/पटना**



दिवाली खत्म होते ही फिर से एक्शन में आए सीएम नीतीश, अधिकारियों के साथ की अहम बैठक, दिए ये जरूरी निर्देशदिवाली का त्योहार खत्म होने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर से एक्शन मोड में आ गए हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने एक अणे मार्ग स्थित संकल्प में अधिकारियों के साथ अहम बैठक की और जरूरी दिशा निर्देश जारी किए हैं। बैठक में सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार समेत विभिन्न विभागों के आलाधिकारी मौजूद रहे। दरअसल, सीएम ने अपने आवास पर धान अधिप्राप्ति को लेकर समीक्षा बैठक की है। बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव एन सरवन कुमार ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से धान अधिप्राप्ति को लेकर विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य, धान अधिप्राप्ति की प्रस्तावित अवधि एवं धान अधिप्राप्ति के लक्ष्य से संबंधित जानकारी सीएम को दी। उन्होंने बताया कि इस बार सामान्य ग्रेड के धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है। धान अधिप्राप्ति की प्रस्तावित अवधि 1 नवंबर 2024 से 15 फरवरी 2025 तक रखा गया है। चरणबद्ध तरीके से धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया शुरू शुरू की गई है और इस वर्ष धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य 45 लाख मीट्रिक टन रखा गया है। राज्य में उसना चावल मिलों की संख्या अब बढ़कर 360 हो गई है। बैठक में सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह ने भी धान अधिप्राप्ति की कार्य योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में राज्य के 19 जिलों में आज से धान अधिप्राप्ति शुरू कर दिया गया है जबकि बाकी बचे जिलों में 15 नवम्बर से धान अधिप्राप्ति का कार्य शुरू कर दिया जायेगा। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों की हरसंभव सहायता के लिये तत्पर रहती है। कृषि कार्य से जुड़े हुए लोगों को धान अधिप्राप्ति में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखें।



## डुमरांव प्रखंड के नेनुआ में बुजुर्ग की हत्या करने के बाद युवक फरार, छापेमारी जारी

# मां की मौत के बाद अंधविश्वास में किशोर ने 65 साल के वृद्ध को चाकू से गोदकर मार डाला

♦ तीन साल पहले आरोपी की मां की हुई थी मौत, मृतक के झाड़ फूंक करने के कारण आरोपी को उस पर था शक

**केटी न्यूज/ डुमरांव**



दीपावली की अहली सुबह डुमरांव थाना क्षेत्र का नेनुआ गांव रक्त रंजित हो गया। एक किशोर ने 65 वर्षीय एक वृद्ध को चाकू से गोद मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद गांव में अफरा तफरी मच गई। जिसका फायदा उठा किशोर गांव से फरार हो गया। वही जानकारी मिलते ही पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। मृतक की पहचान नेनुआ गांव निवासी 65 वर्षीय कमला साह के रूप में हुई है। इस मामले में उसके पुत्र कृष्णा साह ने डुमरांव थाने में उक्त किशोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की सुबह कमला साह शौच के लिए बधार में गया था। इसी दौरान गांव के ही किशोर ने उसपर चाकू से हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शी सूत्रों की माने तो किशोर ने उसे कई बार चाकू से गोद दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वह तबतक उसपर वार कर रहा था जबतक की वह अचेत नहीं हो गया। इसके बाद किशोर वहां से भाग निकला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित छापेमारी शुरू कर दी है। वहीं घटना की गुत्थी सुलझाने के लिए एसएफएल टीम का सहारा लिया जा रहा है। डुमरांव थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि शीघ्र आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### झाड़ फूंक का काम करता था मृतक

ग्रामीण सूत्रों की माने तो यह घटना अंधविश्वास से जुड़ा हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक झाड़ फूंक का काम करता था। तीन वर्ष पूर्व आरोपित किशोर की मां की मौत हो गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि मां की मौत के बाद आरोपित को शक था कि कमला ने ही झाड़-फूंक से उसकी मां की जान ली है। हालांकि अभी तक पुलिस द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है तथा फरार आरोपित की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपित की उम्र अभी महज 14-15 वर्ष है। कम उम्र में ही उसके द्वारा इस तरह के जघन्य अपराध को अंजाम दिए जाने से लोग सन्न रह गए हैं।

## बगेन में दरवाजे पर सो रहे बुजुर्ग की लाठी-डंडे से पीट हत्या, चार गिरफ्तार

♦ सिकंदराबाद में दोनों के परिजनों के बीच हुआ था विवाद, प्रतिशोध में दिया घटना को अंजाम

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**



बगेन गोला थाना क्षेत्र के बराढ़ी पंचायत अंतर्गत छपरा गांव में नामजदों ने दरवाजे पर सो रहे 70 वर्षीय एक वृद्ध की लाठी डंडे से जमकर पिटाई कर दी, जिनका इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना बुधवार रात की है। इस मामले में परिजनों द्वारा दर्ज कराए गए शिकायत के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच में से चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पांचवे आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि छपरा गांव निवासी 70 वर्षीय बैजनाथ यादव बुधवार की देर शाम अपने दरवाजे पर सो रहे थे, इसी दौरान पड़ोसी गांव बराढ़ी टोला के पांच नामजद युवक उनके दरवाजे पर आए तथा सो रहे बैजनाथ को लाठी-डंडे से जमकर पिटाई कर दी। इसकी जानकारी मिलते ही परिजन उन्हें लेकर इलाज के लिए गए, जहां रात करीब 1.30 बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनकी मौत की पुष्टि होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

**सिकंदराबाद में दोनों परिवारों के बीच हुआ था विवाद :** मिली जानकारी के अनुसार मृतक का पुत्र व आरोपितों के परिजन सिकंदराबाद में रहते है, जहां दोनों परिवारों के बीच मारपीट हुई थी। इसकी जानकारी सिकंदराबाद में रहने वाले आरोपितों के परिजनों ने फोन पर दी थी। इसी के प्रतिशोध स्वरूप इस घटना को अंजाम दिया गया है। घटना के बाद से दोनों पक्षों में तनाव चरम पर पहुंच गया है। हालांकि पुलिस की त्वरित कार्रवाई से फिलहाल हिंसा प्रतिहिंसा पर रोक लग गया है। घटना के बाद से गांव में चचाओं का बाजार गर्म है।

## महदह में पटाखे की चिंगारी से फर्नीचर गोदाम में लगी आग



**केटी न्यूज/बक्सर**

♦ दो अग्निशमन वाहन ने घंटों की मशक्कत के बाद पाई आग पर काबू

दीपावली की रात मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महदह गावं में पटाखे की चिंगारी से एक फर्नीचर दुकान में आग लग गई। ग्रामीण जबतक माजरा समझते तथा आग बुझाने का प्रयास करते तबतक पूरी दुकान आग की लपटों से घिर गई थी।

इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। मौके पर पहुंची दो अग्निशमक वाहन को आग पर काबू पाने में घण्टों मशक्कत करनी पड़ी। तब जाकर आग पर काबू पाया गया। इस आगलगी की घटना में फर्नीचर गोदाम में रखे लाखों रुपये मूल्य के सामान जलकर राख हो गए। वही, दूसरी तरफ नगर थाना के पुराने बस स्टैंड स्थित मोबाइल शॉप की दुकान की छत पर पटाखे से आग लग गई। हालांकि, तत्काल पहुंची दमकल ने आग पर काबू पा लिया। जिसमे कुछ कबाड़ी के सामान जल गए।

मिली जानकारी के अनुसार दीपावली की रात पटाखे की धूम मची थी। इसी बीच कही से पटाखे से निकली चिंगारी गोदाम परिसर में आ गिरी, जिससे बाहर रखे फर्नीचर के कुछ सामानों में आग लग गई। जबतक लोग समझ पाते आग ने विकराल रुप ले लिया। गोदाम में भयंकर आग लग गई। इस अगलगी की घटना की सूचना दुकान मालिक व अग्निशामन दल को दी गई। इससे पहले वहा ग्रामीणों की भीड़ लग गई। आग बुझाने का प्रयास किया गया। लेकिन, सफलता नहीं मिली, बल्कि आग और तेज हो गई। इसके बाद पहुंची अग्निशामन की दो वाहनों द्वारा आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। जिसे बुझाने में लगभग एक घंटे लग गए। इस दौरान वहा गोदाम मालिक बक्सर फर्नीचर हाउस के मालिक संजय कुमार सिंह उर्फ. ब्रजेश सिंह पहुंचे। उन्होंने बताया की अपने दुकान का फर्नीचर गांव में बने गोदाम में ही रखते है। जिसमे विभिन्न कंपनियों की कुर्सियां व अन्य फर्नीचर रखा गया था। दिवाली की देर शाम लगभग 8 बजे गांव के बच्चों द्वारा छोड़े जा रहे पटाखे की चिंगारी गोदाम परिसर में आकर गिर गया। जिससे बाहर रखे कुछ सामानों में आग लग गयी जो देखते देखते विकराल रूप ले लिया और पुरे गोदाम में भयंकर आग लग गयी। आगलगी की घटना की सूचना गांव के लोगों ने फायर बिग्रेड को दे दिया और हमें भी फोन पर सूचना दिए जिसके पश्चात फायर बिग्रेड की गाड़िया पहुंच गयी और आग पर काबू पाया तबतक सबकुछ जल चूका था। उन्होंने बताया की इस आग की घटना में लगभग सात से आठ लाख रुपए मूल्य का फर्नीचर जलकर राख हो गया है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आ साइकिल सवार युवक की मौत, पसरा मातम

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**



घटना के बाद वहां मौजूद लोग।

आरा बक्सर एनएच 922 पर किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। घटना शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे गरहथा मोड़ की बताई जा रही है। मृतक की पहचान निमेज गांव निवासी झूलन राम के 41 वर्षीय पुत्र शिवजी राम के रूप में की गई है। उसे धक्का मारने वाले वाहन की पहचान नहीं हो सकी है।

मिली जानकारी के अनुसार शिवजी अपने घर से मजदूरी करने साइकिल से निकला था। जैसे ही वह एनएच 922 पर गरहथा मोड़ के पास पहुंचा कि पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार वाहन ने उसे धक्का मार दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे ले शिनाख्त काा प्रयास शुरू किया। थोड़ी देर बाद ही उसकी शिनाख्त हो गई। घटना स्थल पर पहुंचे परिजनों की चिख पुकार से माहौल गमगीन हो गया। बद में पुलिस ने उन्हें समझा बुझाकर शांत करारा तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गौरतल हो कि एनएच 922 पर वाहनों के बेलगाम रफ्तार के कारण अक्सर ऐसी घटनाएं हो रही है। ब्रह्मपुर पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि अज्ञात वाहन चालक की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

## ट्रेन की चपेट में आने से दुकानदार की मौत

**डुमरांव।** गुरूवार की शाम जब पूरा शहर दीपावली के जश्न में डूबा था उसी समय डुमरांव रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक दुकानदार की मौत हो गई। जिसकी जानकारी मिलते ही जहां परिजनों में कोहराम मच गया वही पड़ोसी दुकानदार मायूश हो गए।

मृतक की पहचान डुमरांव के लालगंज कड़वी निवासी 60 वर्षीय वंशी राय के रूप में हुई है। वह पंचमंदिर व पेट्रोल पंप के बीच साइकिल मरम्मत की दुकान चलाता था। मृतक काफी धार्मिक प्रवृति का था तथा स्थानीय लोगों का कहना है कि वह प्रतिदिन अपने घर से अहले सुबह स्टेशन आ जाता था तथा नियमित तौर पर पंचमंदिर परिसर की धुलाई व सफाई करता था। उसके असामयिक निधन से दुकानदारों के साथ ही मंदिर समिति से जुड़े लोगों में भी मायूशी छा गई है।

## एकौनी में करंट की चपेट में आने से बीएसएपी के रसोईया की गई जान

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय थाना क्षेत्र के एकौनी गांव निवासी तथा हरियाणा फार्म स्थित बीएसएपी में बतौर रसोईयां काम करने वाले एक युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई है। घटना बुधवार रात की है। घरवालों को उसकी मौत की जानकारी गुरूवार की सुबह हुई। जानकारी मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार एकौनी निवासी गोरख राम का बेटा निर्मल राम बीएसएपी में रसोईयां का काम करता था। बुधवार की रात बीएसएपी के कैंप में खाना पकाने के बाद वह वापस अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान गांव से बाहर स्थित ट्रांसफार्मर से करंट का प्रवाह सड़क पर बह रहे पानी में हो रहा था, जिसके संपर्क में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**सुबह में परिजनों को मिली जानकारी :** हालांकि रात में परिजनों को लगा कि वह खाना खाकर वही पर सो गया होगा, लेकिन सुबह में जब गांव की महिलाएं शौच के लिए गई तो उसे सड़क पर मृत पड़ा देखा। जिसके बाद महिलाओं ने शोरगुल कर उसके परिजनों तथा ग्रामीणों को इस घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी मान्ती देवी समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल हो गया था। इस घटना के बाद ग्रामीणों में बिजली कंपनी के प्रति गहरा आक्रोश है। वही, जानकारी मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

थानाध्यक्ष शंभु कुमार भगत ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना मिलते ही शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम कराया गया।

### एक नजर

## बक्सर सांसद सुधाकर सिंह पर मिथिलेश तिवारी ने पटना में किया परिवाद दायर



**बक्सर।** भाजपा के राज्य प्रदेश महामंत्री मिथिलेश तिवारी ने बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह के खिलाफ पटना व्यवहार न्यायालय में परिवाद दायर किया है। साथ ही, उन्होंने सांसद को वकालतन नोटिस भी भेजा है। दायर परिवाद में मिथिलेश तिवारी ने बताया उन्होंने बक्सर लोकसभा सीट से भाजपा की टीकट पर संसदीय चुनाव लड़ा। जिसमें उनके खिलाफ खड़े राजद के प्रत्याशी सुधाकर सिंह की जीत हुई। लेकिन, चुनाव के बाद एक इंटरव्यू में सुधाकर सिंह ने उनके विरूद्ध आधारहीन व झूठी बातें कही। जिसमें सांसद ने उनकी छवि खराब करते हुए इंटरव्यू में कहा कि चुनाव के बाद मिथिलेश तिवारी ने चुनाव में हारने के बाद बक्सर में 12 करोड़ की जमीन खरीदी है। यह खुद को गरीब का बेटा बताते हैं तो इनके पास इतना धन कहां से आया। जिसके बाद मामला तूल पकड़ने लगा। परिवार दायर करने के पूर्व भी मिथिलेश तिवारी ने अपने अधिवक्ता राधेश कुमार शर्मा के माध्यम से एक माह पहले नोटिस भेजा था। परंतु सांसद ने उक्त नोटिस का जवाब नहीं दिया। इसलिए मिथिलेश तिवारी ने परिवाद दायर किया। उन्होंने कहा है कि कोर्ट पर उनको पूरा भरोसा है कि कोर्ट मामले में बक्सर सांसद पर उचित कार्रवाई करेगा।

## केसठ के युवक के हत्याकांड में छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज, गिरफ्तारी के लिए जुटी पुलिस

**नावानगर।** तीन दिन पूर्व केसठ गांव में हुई युवक की हत्याकांड मामले में छह लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। शुक्रवार को मृतक के पिता चन्द्रभूषण तिवारी ने नावानगर थाना में सुनील तिवारी समेत छह लोगों पर अपने पुत्र को गोली मारकर हत्या का आरोप लगाया है। यूं कहा जाए कि मृतक के पिता के अनुसार सुनील तिवारी मुख्य आरोपी हैं। इधर एफआईआर दर्ज होने के साथ ही नावानगर पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उनके संभावित ठीकानों लगातार छापेमारी में जुटी है। मृतक के पिता द्वारा दर्ज कराया गया एफआईआर के अनुसार मृतक अखिलेश तिवारी अपने दरवाजे पर खड़े थे। तभी सुनील तिवारी समेत छह लोग वहां पहुंचे और मेरे बेटे पर कई राउंड गोली चलाकर हत्या कर दिया। उन्होंने बताया है कि मेरे बेटे को तीन गोली लगी थी। बता दें कि बीते बुधवार को दरवाजे पर खड़े अखिलेश तिवारी को अपराधियों ने गोली मार भाग निकले थे। घटना के बाद परिजनों ने जख्मी को इलाज के लिये आरा ले जा रहे थे। हॉस्पिटल पहुंचते ही जख्मी युवक ने दम तोड़ दिया।

## सील किए गए अवैध नर्सिंग होम के दो मरीज सदर अस्पताल में शिफ्ट

**बक्सर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जिलेभर में अवैध नर्सिंग होम व अस्पतालों पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई है। इस दौरान करीब 30 अस्पतालों को सील किया गया है। इस दौरान प्रशासन द्वारा सील किए गए एक अस्पताल के सिजेरियन वाले दो मरीजों को सदर अस्पताल में शिफ्ट किया गया। जिनका इलाज सदर अस्पताल में जारी है। परिजनों के अनुसार वे इटाढ़ी पीएचसी में प्रसव की पीड़ा के बाद इलाज कराने के लिए पहुंचे थे, लेकिन सीजेरियन की व्यवस्था नहीं होने का हवाला देकर भर्ती नहीं लिया गया। इस बीच कर्मियों के सलाह पर प्रसूति महिला के परिजन पीएचसी इटाढ़ी के पास स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराए थे। जहां उनका ऑपरेशन हुआ था, लेकिन प्रशासनिक कार्रवाई में इस अस्पताल को सील कर दिया गया।

## रंगदारी नहीं देने पर 5 युवकों पर मारपीट का लगाया आरोप

♦ आरोपितों ने घर को बम से उड़ाने की दी है धमकी

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबा नगर निवासी कृष्णानंद राय ने स्थानीय पुलिस को लिखित आवेदन देकर अपने पड़ोस के ही पांच युवकों पर अपने मुंशी दिलीप घोष से बतौर रंगदारी 20 हजार रुपये मांगने और रुपये नहीं देने पर उनसे मारपीट कर सोने की सिकड़ी छिनने का आरोप लगाया है।

पुलिस को दिए आवेदन में कृष्णानंद राय ने जिक्र किया है कि बाबा नगर मुहल्ले के ही पांच लोगों द्वारा रंगदारी में 20 हजार रूपए प्रतिमाह देने की मांग की गई। युवकों ने उनके मुंशी से कहा कि रंगदारी देना होगा तभी इस मुहल्ले में रह सकते है। जब उनके मुंशी ने रुपये देने से इन्कार कर दियार तब उन लोगों द्वारा उनके मुंशी दिलीप घोष के साथ मारपीट की गई और जान से मारने दी गई। युवकों ने बम से घर उड़ाने की धमकी दी है। इस दौरान उक्त युवकों ने मुंशी के गले से सोने की चेन भी छीन ली। इस संबंध में थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस मामले की जाच में जुट गई है।

## ई-रिक्शा से शराब तस्करी में एक धराया

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी पुलिस ने थाना क्षेत्र के नवाडेरा गांव के पास से गुप्त सूचना पर ई-रिक्शा से शराब की खेप बरामद किया है। पुलिस ने चालक सह तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। तस्कर की पहचान डुमरांव छठिया पोखरा निवासी रंजन सिंह के रूप में हुई है। ई-रिक्शा से 15.20 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ है। नया भोजपुर ओपी प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक तस्कर ई-रिक्शा से शराब की खेप लेकर आ रहा है। इस सूचना पर नवा डेरा के पास एनएच 922 पर वाहन जांच अभियान शुरू किया। इस दौरान वह पुलिस को देख भागने का प्रयास किया, लेकिन उसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया।

## पुलिस अधिकारियों ने ली एकता, अखंडता व सुरक्षा की शपथ

**केटी न्यूज/चौसा**




शुक्रवार को एकता दिवस के मौके पर मुफस्सिल थाना परिसर में पुलिस पदाधिकारियों व जवानों को एकता, अखंडता व सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

मौके पर पुलिसकर्मियों शपथ लिया कि मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिये स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ देश की एकता की भावना से ले रहा हूं जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूं। राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर आयोजित यह कार्यक्रम थानाध्यक्ष अरविंद की अध्यक्षता में आयोजित हुई थी। उन्होंने बताया कि पूरे देश मे गुरुवार 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जा रहा है। जिसको लेकर पुलिस उप महानिरीक्षक राज्य सरकार के निर्देश पर राज्य व जिले के सभी थानों में शपथ ग्रहण कार्यक्रम किया गया। जिसके तहत मुफस्सिल थाने में भी यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें थाने के सभी पदाधिकारी व कर्मियों ने एकता, अखंडता व सुरक्षा का शपथ लिया है।

### सारण में दो से चार नवंबर तक आयोजित है वुशु अंडर 17 व अंडर 19 राज्य स्तरीय प्रतियोगिता

# वुशु प्रतियोगिता के लिए सारण रवाना हुई बक्सर की बालिका टीम

♦ जिले की वुशु की बालिका टीम से सारण जिले में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**केटी न्यूज/बक्सर**



सारण में दो से चार नवंबर तक बालिका अंडर-17 व अंडर-19 आयु वर्ग के लिए राज्य स्तरीय विद्यालय वुशु चैंपियनशीप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए शुक्रवार को बक्सर वुशु की अंडर-17 व अंडर-19 टीमों को रवाना किया गया। यह टीम शाम तक सारण पहुंच जाएगी।

खेल विभाग, बिहार पटना एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के खेल कार्यकम 2024-25 के निर्देशन में सारण में आयोजित इस राज्य स्तरीय विद्यालय वूशु अंडर -17-19 (बालिका) खेलकूद प्रतियोगिता में बक्सर के खिलाड़ियों से इस बार अधिक उम्मीद लगाई जा रही हैं। इसके पीछे का मुख्य वजह यह है कि अभी कुछ दिन पहले ही बक्सर की दीक्षा ने जॉर्जियां के बटुमी शहर में आयोजित एशियाई वुशु अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशीप में गोल्ड मेडल जबकि निधी कुमारी ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीती थी। जिससे बक्सर की बालिका वुशु टीमों से उम्मीद बढ़ गई है।

**खिलाड़ियों को पोशाक देकर किया गया रवाना :** इस मौके पर वरीय उप समाहर्ता सह प्रभारी उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा अमित कुमार ने सभी चयनित खिलाड़ियों एवं टीम प्रभारियों को शुभकामानाओं के साथ विदा किया। उन्होंने कहा कि बक्सर जिले की लड़कियों की वुशु का कौशल अब देश ही नहीं पूरी दुनिया जान गई है। उन्होंने वुशु टीम से उम्मीद जताई कि सारण जिले में होने वाली प्रतियोगिता से भी दोनों टीमें पदक के साथ वापस आएंगी। जिसमें राज्य स्तरीय विद्यालय वूशु अंडर 17-19 (बालिका) खेलकूद प्रतियोगिता की टीम को सारण के लिए पोशाक देकर रवाना किया गया। जिले के चयनित खिलाड़ी अन्डर-19 के लिए खुशी कुमारी, शालू कुमारी, शिवानी कुमारी, सृष्टि कुमारी, अंजली राज अन्डर-17 रंजन कुमारी, प्रीति कुमारी, प्रीयांशु कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, मनीषा कुमारी अंडर-19 टीम प्रबंधक के रूप में सुधीर कुमार एवं टीम प्रशिक्षक निकिता कुमारी अंडर-17 टीम प्रबंधक के रूप में लव शर्मा एवं टीम प्रशिक्षक अमीषा कुमारी को बनाया गया है।

इस मौके पर मदन राम, कार्यपालक सहायक, सत्येंद्र कुमार सिंह यादव, दयाशंकर पाल, संजय कुमार, त्रिलोकी नाथ, राजू कुमार एवं मोहन सिंह शारीरिक शिक्षक उपस्थित थे।

# आतिशबाजी व सतरंगी रोशनी से जगमग रहा बक्सर का इलाका, खूब चले पटाखे

- हर्षोल्लास संपन्न हुआ दीपो का त्योहार दीपावली, अब छठ की तैयारी में जुटे श्रद्धालु







**केटी न्यूज/बक्सर/डुमरांव**

दीपो का त्योहार दीपावली गुरूवार को हर्षोल्लास संपन्न हो गया। इस मौके पर जिलेभर में आतिशबाजी की धूम मची रही। पूरी रात लोगों ने आतिशबाजी की। वही लोगों ने अपने घरों को कृत्रिम रोशनी से सजाया था। कृत्रिम रोशनी की सतरंगी छंटा व दीपों की लड़ियों के बीच आतिशबाजी का नजारा देखते ही बन रहा था। जिला मुख्यालय पर तो लोगों ने गंगा तटों पर भी दीप जला दीपावली मनाई।

शाम ढलते ही बक्सर का चप्पा-चप्पा रंग बिरंगी रोशनी से सराबोर हो गया था। इस दौरान लोग नये परिधान पहन एक दूसरे को दीपावली की बधाई दी रहे थे। शाम ढलने के साथ ही आतिशबाजी का जो दौर शुरू हुआ वह देर रात तक चलते रहा। इस दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य महकमा व फायर ब्रिगेड पूरी तरह से मुश्तैद था। हालांकि, इसकी नौबत नहीं आई। लोगों ने आपसी सौहार्द के वातावरण में दीपावली का त्योहार मनाया।

**डुमरांव अनुमंडल में भी दिखा उत्साह, जगमग रहा शहर :** डुमरांव अनुमंडल इलाके में भी दीपोत्सव का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। शाम ढलने के साथ ही बच्चों से लेकर युवक-युवती व बुजुर्ग सभी उत्सवी रंग में रंग गये थे। आलम यह रहा कि शहर से लेकर गांवों तक रंगीन रौशनी से नहा उठा। एक तरफ शहर की मुख्य सड़क के दोनों बगल की इमारतें रंग-बिरंगी रौशनी से जगमगा रही थी। तो वहीं दूसरी तरफ घर-मकान के द्वार से छत्त तक रखे दीयों से शहर की खूबसूरती में चार चांद लगा रहे थे। दीपावली को लेकर बच्चों में सबसे अधिक उत्साह दिखा। छोटे छोटे बच्चों ने अपने अभिभावकों के साथ जमकर अनार, राकेट, कम आवाज वाले बीड़िया, चरखी, रंग बिरंगी चरखी फूलझड़ी आदि पटाखे जलायें। वहीं युवा व बड़े चटाई बम, तेज आवाज वाले बम फोड़ने से पीछे नहीं हटे। देर रात तक समूचा शहर पटाखों के आवाज से गूंजता रहा। वहीं तरह-तरह के राकेट समेत अन्य पटाखों से शहर के आसमान जगमगा उठे। कई लोग घरों की छत से आसमान की ओर दीवाली की इस मनमोहक दृश्य का लुफ्त लेते नजर आये। दीपावली त्योहार पर घरों के आंगन और मुख्य द्वार को बेहतरीन ढंग से सजाया गया था। इस दौरान युवतियों द्वारा आंगन और दरवाजे पर एक से बढ़कर एक खूबसूरत रंगोली बनायी गई थी। इस दौरान फायर बिग्रेड के अधिकारी व जवान देर रात तक शहर के अलग-अलग जगहों पर गश्ती करते रहे। वहीं दमकल वाहनों की छोटी-बड़ी गाड़ियों को भी चिन्हित स्थानों पर मुस्तैद किया था। वहीं थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत के नेतृत्व में पुलिसकर्मी देर रात तक पूरे शहर में गश्ती करते रहे।

**स्थापित हुई मां लक्ष्मी-गणेश व काली की प्रतिमा स्थापित :** शहर के ठठेरी बाजार, चारमोटिया इनार में मां महाकाली जबकि लालाटोली रोड, ठाकुर लोहार की गली, बंधन पटवा रोड, फूलचंद कानू रोड सहित अन्य जगहों पर मां महालक्ष्मी व भगवान गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की गयी हैं। जहां महिला व पुरुष भक्तों ने दीपावली के दिन पूजा-अर्चना किया। पूजा समिति के सदस्यों द्वारा प्रतिमाओं को आकर्षण ढंग से सजाया गया हैं। पूजा-पंडालों पर भक्तों के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया।

## विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन, तेज हुआ मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य

# मतदाता सूची पर दावा आपत्ति लेने के लिए पूरे जिले में विशेष शिविर का होगा आयोजन: डीएम

- जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर लिया सुझाव, मतदाता सूची प्रारूप पर लिया जा रहा है दावा व आपत्ति



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ एक जनवरी 2025 की अहर्ता तिथि के आधार पर निर्वाचक सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के क्रम में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विचार विमर्श किया तथा उनसे सुझाव भी लिया। यह बैठक समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि एकीकृत मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन 29 अक्टूबर को किया गया है। दावा एवं आपत्तियां 29 अक्टूबर से 28 नवंबर तक ली जाएगी। इस दौरान आवेदक आवेदन दे दावा आपत्ति कर सकते है। डीएम ने कहा कि दो, तीन, 11, 23 एवं 24 नवंबर को दावा आपत्ति के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा इस दौरान विशेष कैंप भी आयोजित किए जाएंगे। जबकि दावा एवं आपतियों का निपटारा 24 नवंबर एवं स्वास्थ्य मापदंडों की जांच और प्राप्त करना, अतिंम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति एवं डाटाबेस को अद्यतन करना एवं अनुपूरकों का मुद्रण करना एक जनवरी 2025 को तथा मतदाता सूची का प्रकाशन छह जनवरी को किया जाएगा।

**डीएम ने दी युवा मतदाताओं की जानकारी :** बैठक के दौरान डीएम ने 18-19 आयु वर्ग के निर्वाचकों की विधानसभा वार व प्रखंड वार संख्या बताई। डीएम नेक बताया कि 199 ब्रह्मपुर विधानसभा अंतर्गत प्रखंड ब्रह्मपुर में 798, सिमरी प्रखंड में 1044 एवं चक्की प्रखंड में 269 मतदाता है। 200 बक्सर विधानसभा अंतर्गत नगर परिषद बक्सर में 671, बक्सर प्रखंड में 1155 एवं चौसा प्रखंड में 765 है। 201 डुमरांव विधानसभा क्षेत्र में प्रखंड डुमरांव में 769, नगर परिषद डुमरांव में 377, चौगाईं प्रखंड में 341, केसठ प्रखंड में 322 एवं नावानगर प्रखंड में 811 है। 202 राजपुर (अ.जा) विधानसभा क्षेत्र के इटाढ़ी प्रखंड में 1209, डुमरांव प्रखंड में 481 एवं राजपुर प्रखंड में 1496 है। इस दौरान बैठक में मौजूद राजनैतिक दलों के कार्यकताओं ने भी अपने सुझाव जिलाधिकारी को दिए। डीएम ने कई सुझावों को नोट कराया और कहा कि मतदाता सूची का निर्माण पूरे पारदर्शी तरीके से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी राजनैतिक दलों को इससे संतुष्ट भी कराया जाएगा।

**सभी बूथों पर बीएलए की नियुक्ति करने की डीएम ने की अपील :** बैठक में डीएम ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से अनुरोध किया कि आयोग के निदेर्शानुसार मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण के बाद बढ़े हुए मतदान केन्द्र सहित सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलए की नियुक्ति का कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाए। डीएम ने बताया कि अभी तक मात्र तीन दलों द्वारा ही अपने बीएलए की नियुक्ति किया गया है, जिनमें राजद ने 1290, भाजपा ने 898 तथा जदयू ने 657 बीएलए की नियुक्ति की है। बैठक के दौरान मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जिलाधिकारी ने किया ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने शुक्रवार को भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार प्रखण्ड परिसर बक्सर स्थित ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दोनों वेयर हाउस की बारीकी से पड़ताल की तथा मातहतों को कई आवश्यक निर्देश दिया।

निरीक्षण के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के दिशा-निदेर्शों तथा मानक के आलोक में वेयर हाउस के सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। डीएम ने वेयर हाउस में लगे सीसीटीवी एवं अग्निशमन यंत्रों की कार्यकारिता की जांच की। डीएम ने वेयर हाउस में साफ-सफाई एवं बिजली संचालन आदि के लिए वहां उपस्थित उप निर्वाचन पदाधिकारी बक्सर को निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि ईवीएम व वीवीपैट की सुरक्षा के लिए जरूरी है कि यहां हर समय सीसीटीवी कैमरा काम करें तथा वेयर हाउस साफ-सुथरा रहे। उन्होंन वेयर हाउस में विद्युत आपूर्ति कितने देर होती है इसकी भी पड़ताल की तथा कर्मियों से मुश्तैदी से इस वेयर हाउस का निरीक्षण करने को कहा।

## एक नजर

### केसठ में उल्लास के साथ मनायी गई दीपावली



**केसठ।** प्रखंड क्षेत्र में दीपावली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। दीपों के इस त्योहार पर युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की। घरों में दीप जलाकर पर्व को मनाया गया। पूरा प्रखंड रोशनी से नहाया हुआ था। लोगों ने अपने घरों को दुल्हन की तरफ सजाया था। शाम के समय मां लक्ष्मी व श्रीगणेश की पूजा कर पर्व मनाया। देर रात तक युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की। वहीं सुबह से ही दुकानों पर मिठाइयों की जमकर खरीदारी की गई। बाजारों में पर्व को लेकर भारी भीड़ रही। ज्यादा भीड़ होने के कारण जाम की स्थिति बनी रही। हालांकि पुलिस भी पर्व को लेकर सतर्क नजर आई। इसके साथ-साथ लोगों में उत्साह सा दिखाई दिया। गुरुवार को दीपावली का त्योहार शांतिपूर्वक मनाया गया। सभी लोगों में शाम को माता लक्ष्मी व गणेश की पूजा अर्चना की। लोगों ने आतिशबाजी का खूब मजा लिया। बच्चे, महिलाओं व पुरूषों ने खूब पटाखे फोड़े। लोगों ने परिवार के साथ मिलकर खूब मस्ती की और त्योहार का लुत्फ उठाया। वहीं नया बाजार में माता लक्ष्मी और भगवान गणेश का प्रतिमा रखा हुआ था।

### छापामारी के दौरान महुआ जावा बरामद

**केसठ।** एसपी के निर्देश पर पर्व त्योहार को लेकर नावानगर पुलिस ने शराब कारोबारियों के खिलाफ छापेमारी का अभियान तेज कर दिया है। इसको लेकर नावानगर पुलिस ने शराब के खिलाफ केसठ प्रखंड के नया बाजार स्थित महादलित बस्ती में गुरुवार को जमकर छापेमारी की। इस दौरान जमीन की खुदाई कर जावा व फुला महुआ को नष्ट कर दिया। इस दौरान भारी मात्रा में जावा महुआ और शराब बनाने के उपकरण बरामद किया है। पुलिस को देखते ही धंधेबाज फरार हो गये। फरार धंधेबाजों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष डॉ. नंदु कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि महादलित टोले में चोरी छिपे शराब बनाकर बेची जा रही है। सूचना मिलने के साथ ही नावानगर पुलिस ने छापेमारी की। छापामारी के दौरान चार सौ लीटर जावा महुआ बरामद हुआ। जिसे तुरंत नष्ट कर दिया गया है। वहीं शराब कारोबारियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने ने बताया पर्व त्योहार पर शराब कारोबारियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### छठ को लेकर चला शिवपुर में सफाई अभियान

**केसठ।** प्रखंड के शिवपुर पश्चिमी गांव में शुक्रवार को ग्रामीणों ने लोक आस्था के महापर्व छठ को ले गांव के नाली, गली व सड़को की साफ सफाई की गई। जिसका नेतृत्व वार्ड नंबर 2 के वार्ड सदस्य परशुराम पासवान कर रहे थे। वार्ड सदस्य ने बताया कि लोक आस्था का महापर्व को देखते हुए गांव के नाली गली व सड़को की सफाई ग्रामीणों के सहयोग से की गई है। साथ ही ग्रामीणों से गांव के साफ रखने में सहयोग करने की अपील की। गांव के सफाई अभियान में हर आयु के लोगो ने मिलकर हाथ में झाड़ू लेकर ना सिर्फ गांव की सड़कों और गलियों में सफाई अभियान चलाया बल्कि लोगों को घर जाकर इसके लिए प्रेरित भी किया। छठ पूजा पर इस तरह के कार्यक्रम की ग्रामीणों ने भी प्रशंसा की है।

## पैक्स चुनाव के लिए मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की जांच शुरू

**केटी न्यूज/डुमरांव**

पैक्स चुनाव को लेकर पंचायतों में सरगर्मी बढ़ गई है। नामांकन कार्य पूरा हो चुका है, अगामी 29 नवंबर को चुनाव की तारीख भी घोषित हो चुकी है। इधर मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने को लेकर शिकायत आने लगी है। इसी तरह की शिकायत डुमरांव प्रखंड अंतर्गत कुशलपुर पैक्स में मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की शिकायत नेनुआं निवासी रंगनाथ तिवारी के द्वारा बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के परामर्शी कुमार शांत रक्षित के पास की गई है।

निर्वाचन प्राधिकार के द्वारा मिली शिकायत पर संज्ञान लेते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा पारित मुखर आदेश के प्रति के साथ दिनांक 4 नवंबर 2024 तक कराने का आदेश दिया गया है। प्राधिकार द्वारा इस तरह का आदेश आते ही पैक्स अध्यक्षों में आपसी कानाफूसी बढ़ गई है। मालूम हो कि पैक्स अध्यक्षों के पास ही यह अधिकार शुरू से मेम्बर बनाने का रहा है। लिहाजा पैक्स अध्यक्षों और प्रबंधक को ही सारी जवाबदेही रहती है। हालांकि यह बात किसानों में नागावार गुजरती है कि प्रबंधक और अध्यक्ष ही जिसका नाम चाहे जोड़ सकता है या हटा सकता है। इसकी सही से जांच होती है तो बहुत कुछ सामने आ सकता है। यदि यह शिकायतकर्ता के पक्ष में गया तो आगे बहुत कुद देखने को मिल सकता है। बहरहाल आगे जो भी हो, लेकिन यह बात सत्य है कि इस तरह की शिकायत पर प्राधिकार द्वारा संज्ञान लेने पर पैक्स अध्यक्षों में खलबली तो मच ही गई है। इसको लेकर किसानों में भी कानाफूसी तेज हो गई है।

## घाटों की सफाई पर नप ने झोंकी अपनी ताकत

**केटी न्यूज/डुमरांव**



दिवाली पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया, प्रशासन भी काफी खुश है। लिहाजा हर कोई चाहता है कि छठ पूजा भी अच्छी तरह से सम्पन्न हो जाए। जिस घर में छठ पूजा होती है, दिवाली बाद सभी तैयारी में जुट जाते हैं। इधर नगर परिषद भी घठ घाटों की सफाई से लेकर ब्रतियों व उनके परिवार के लोगों के बैठने के लिए भी जमीन को समतल किया जा रहा है। इतना ही नहीं जरूरत के अनुसार तालाब में पानी को भरा जाएगा।

मालूम हो कि नगर परिषद के अंतर्गत बीस तालाबों में छठ पूजा की जाती है। सभी घाटों की सफाई की जा रही है, अपने-अपने क्षेत्र के घाटों पर अपने लोगों को खुश करने के लिए वार्ड पार्षद भी मौजूद रहते हैं। बता दें की नगर के मुख्य तालाबों में छठिया पोखरा, ट्रेनिंग स्कूल तालाब, नाया तालाब, महरौरा शिवमंदरि तालाब, रामसूरत राय का तालाब, पुरानाभोजपुर का तालाब ऐसे हैं, जहां अधिक लोग पूजा करने के लिए आते हैं। नगर के 80 प्रतिशत लोग छठिया पोखरा पर छठ पूजा करते हैं, साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी आते हैं। इसिलिये इसका नाम छठिया पोखरा पड़ गया है। छठ घाटों की मरम्मत के बाद तालाब में निगरानी करने के लिए नाव की व्यवस्था भी रहेगी। छठिया पोखरा में दो नाव उपलब्ध करा दिये गए हैं। अन्य में भी शीघ्र कर दिया जाएगा। तालाब के डेंजर जोन की बारकेडिंग भी की जाएगी, इसके लिए स्थल का चयन कर उसे चिन्हित भी कर दिया गया है। वहीं नयातलाब पर भी तीन घाटों पर छठ पूजा करने के लिए ब्रती आते हैं, इसलिये इसके भी हर घाट पर सफाई अभियान शुरू कर दिया गया है। सबसे खतरनाक घाट ट्रेनिंग स्कूल के तालाब का है। इस तालाब को सौंदर्यीकरण के लिए चयन किया गया है, लिहाजा इसमें काम लगाया गया था, इसलिए इसकी स्थिति काफी खराब है। नप ने सबसे पहले इसके घाटों की सफाई कर समतल बनवा रहा है।

## जनता दरबार में आए 10 फरियादी

**बक्सर।** डीएम अंशुल अग्रवाल के जनता दरबार में कुल 10 फरियादियों ने अपनी फरियाद लगाई। इस दौरान डीएम ने सभी फरियादियों के आवेदन को अपने हाथ से लिया तथा उन्हें पढ़कर समझने के बाद उक्त आवेदनो संबंधित अधिकारी के पास भेज उस पर एक सप्ताह में कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## मतदाता सूची में सुधार के लिए आज होगा सभी बूथ पर विशेष कैंप का आयोजन

# विस क्षेत्र के सभी बूथों पर लगेगा चार विशेष कैंप

**केटी न्यूज/डुमरांव**



विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रो पर आज विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के लिए चार विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। इस ऐसे की जानकारी देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र में कैम्प आयोजित करने सहित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी बीएलओ को निर्देशित किया गया है।

शुक्रवार को स्थानीय प्रखंड कार्यालय सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। सभी बीएलओ को निर्देशित किया गया कि 2 नवम्बर, 3 नवम्बर, 23 नवम्बर और 24 नवम्बर को विशेष कैम्प आयोजित होंगे। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि लिंगानुपात को ठीक करने के लिए अधिक से अधिक महिलाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने और नए मतदाताओं का नाम शामिल करने हेतु प्रतिदिन हाउस टू हाउस सर्वे किया जाए। ताकि कोई भी योग्य मतदाता मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित नहीं रहे। ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव से पूर्व प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है। इसके साथ नहीं मतदाता सूची में सुधार के लिए दावा आपत्ति लेने का प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है।

**दावा आपत्ति के लिए तीन स्तर पर प्रपत्र भरा जाएगा :** अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि 28 नवंबर तक दावा आपत्ति लिया जाएगा। जिसमें तीन स्तर पर प्रपत्र भरा जाएगा। प्रपत्र छह को भरकर किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। प्रपत्र सात को भरकर मतदाता सूची से अपना नाम हटा सकेगा। अगर नाम में किसी तरह की गड़बड़ी या सुधार की जरूरत है तो उसके लिए मतदाता को प्रपत्र आठ भरकर देना होगा।

**अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 6 जनवरी को :** उन्होंने बताया कि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 6 जनवरी को होगा। इससे पहले दो नवंबर को विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष कैंप का आयोजन होगा। कैंप में बीएलओ प्रपत्र के साथ मौजूद रहेंगे। मतदाता अपने मतदान केंद्र पर जाकर तीन में से कोई प्रपत्र भरकर मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ने, हटाने या फिर सुधार करने के लिए दे सकता है। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया को मतदाता चाहे तो मतदान केंद्र आए बगैर ऑनलाइन सेवा का लाभ हासिल कर सकता है।



# 32 दिन तक चलनेवाले सोनपुर मेले का आगाज 13 नवंबर से

**केटी न्यूज/छपरा**



विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला 2024 का उद्घाटन 13 नवंबर को प्रस्तावित है। जबकि यह मेला 14 दिसंबर तक अनवरत चलता रहेगा। हालांकि, इस मेले के सफल अयोजन को लेकर 14 अलग-अलग कोषांगों का गठन किया गया है। उक्त बातें सारण के जिलाधिकारी अमन समीर ने समाहरणालय परिसर स्थित सभागार में मेला से संबंधित कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने को लेकर विभिन्न कोषांगों के साथ बैठक के दौरान कही। उन्होंने बताया गया कि पर्यटन विभाग द्वारा अंतर विभागीय बैठक के बाद मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए विभिन्न विभागों के लिए तिथियां का निर्धारण कर दिया गया है। 32 दिन के इस ऐतिहासिक मेले में छह दिन पर्यटन विभाग, 12 दिन कला संस्कृति एवं युवा विभाग, 11 दिन जिला प्रशासन, दो दिन सूचना एवं जनसंपर्क विभाग तथा एक दिन अपराध अनुसंधान विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। पर्यटन विभाग के सौजन्य से 13, 16, 17, 24 नवंबर तथा 13 एवं 14 दिसंबर को प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं, कला संस्कृति एवं युवा विभाग के सौजन्य से 14, 22, 23, 27, 30 नवंबर, 1, 4, 5, 7, 8, 11 एवं 12 दिसंबर को प्रस्तुति दी जाएगी। जबकि 28 एवं 29 नवंबर को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सौजन्य से प्रस्तुति का आयोजन किया जाएगा। हालांकि, सोनपुर मेला के दौरान आगामी 18 नवंबर को अपराध अनुसंधान विभाग के सौजन्य से प्रस्तुति का आयोजित कर जिला सहित राज्य के निवासियों को जागरुक किया जाएगा। शेष तिथियों को जिला प्रशासन सारण के सौजन्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। मेला के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन स्तर से किए जाने वाले कार्यों के निविदा का निष्पादन हो चुका है तथा संबंधित एजेंसी अपना कार्य शुरू कर चुकी है। सारण के जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा सोनपुर मेला में पुस्तक मेला के आयोजन साहित्यकारों की गोष्ठी का आयोजन के लिए भी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। वहीं, महत्वपूर्ण विषयों से संबंधित विशेषज्ञों के माध्यम से परिचर्चा का भी आयोजन कराया जाएगा। इस बार गंगा नदी तट पर गंगा महाआरती का आयोजन का भव्य स्वरूप दिया जाएगा। इसके लिए भी कार्रवाई की जा रही है। पेंटिंग और क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया जाएगा। इन सभी कार्यों के लिए अलग-अलग पदाधिकारियों को जिम्मेवारी सौंपी गई है। इन सभी संबंधित पदाधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्यों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। बैठक में जिलाधिकारी अमन समीर के अलावा डीडीसी, बंदोबस्त पदाधिकारी, एडीएम, एसडीओ सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## बनियापुर में हुई खेलकूद प्रतियोगिता

**छपरा।** बनियापुर प्रखंड के करही पंचायत के करही गांव में विविध खेलों का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्रजेन्द्र कुमार सिंह मुन्ना भवानी के साथ जनाब खुर्शीद नैयर और नीरज तिवारी उपस्थित थे । मुन्ना भवानी ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों का गांव में प्रोत्साहन करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इससे बच्चों की प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। इन आयोजनों से न केवल बच्चों का विकास होगा। कार्यक्रम में निम्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बच्चों की दौड़, बोरा दौड़, कुर्सी दौड़, क्रिकेट, सुई-धागा प्रतियोगिता, कबड्डी शामिल रहा।

## एक नजर

### डीएम व एसपी ने किया विभिन्न घाटों का निरीक्षण



**छपरा।** डीएम अमन समीर एवं एसपी कुमार आशीष द्वारा सारण जिला के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। डीएम ने नगर निगम छपरा अंतर्गत राजेन्द्र सरोवर के निरीक्षण के क्रम में सम्पूर्ण परिसर की पूर्ण सफाई, पर्याप्त बैरिकेडिंग एवं रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। रिविलगंज के गौतम घाट पर नदी की मुख्य धारा दूर में है। किनारे में नदी के पानी में छठ व्रतियों के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया। नाथ बाबा मंदिर घाट पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है। इस घाट पर नदी का जलस्तर कम होने के कारण किनारे की गीली मिट्टी की अभी से ही नियमित सफाई सुनिश्चित कराने का आदेश दिया।घाट के प्लेटफॉर्म पर जमा मिट्टी एवं बालू की साफ सफाई कराने का निदेश दिया गया। पर्याप्त रूप से बैरिकेडिंग कराने का भी निदेश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सदर , सहायक समाहर्त्ता सहित अन्य स्थानीय पदाधिकारी मौजूद थे।

### सड़क किनारे फेंकी गई नवजात बच्ची को मिली अज्ञात मां की छांव

**करगहर।** थाना के स्थानीय कुसहीं पथ में ब्रह्मस्थान के समीप स्थित शुक्रवार को राहगीरों ने नवजात शिशु के रोने की आवाज सुन कर अचंभित हो गए।नजदीक जाने पर कपड़े में लिपटा शिशु को देख पुलिस और एंबुलेंस को फोन किया । इस दौरान आसपास के ग्रामीणों की भीड़ लग गई। कई जानकार लोगों ने चाइल्ड केयर सासाराम को नवजात शिशु मिलने की सूचना दी। जब शाम ढलने लगा और स्थल पर पुलिस पहुंची और नहीं संबंधित विभाग के कर्मी तो ग्रामीणों को चिंता होने लगी । बताया जाता है कि करगहर के समीप ब्रह्मस्थान के निकट किसी अभागिन मां ने अपने दूधमुंहे नवजात को सड़क किनारे तड़प तड़प कर मरने के लिए फेंक दिया। उक्त नवजात लड़की थी । इस बीच नवजात के शरीर पर चारों ओर कीड़े घूम रहे थे । जिससे वह चिल्ला रही थी। स्थल पर मौजूद महिलाओं को देखा नहीं गया तो नवजात शिशु को गोद में लेकर साफ सुथरा करने लगी। नवजात बच्ची की मिलने की सूचना पर जब संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी नहीं पहुंचे तो एक महिला ने ग्रामीणों को मां का छांव देने का बचन देकर बच्ची के लालन पालन का जिम्मा लिया। समाचार लिखे जाने तक स्थल पर संबंधित विभाग के कर्मी नहीं पहुंचे थे ।

### पंचायत भवन निर्माण में रंगदारी मांगने को लेकर मुखिया ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**काराकाट ।** देव पंचायत के देव गांव में पंचायत सरकार भवन बनाने का कार्य शुरू हो चुका है। पंचायत सरकार भवन निर्माण स्थल से सरिया उखाड़ने, सरिया चोरी करने तथा पैसा की मांग करने के मामले में पंचायत मुखिया सुचित्रा सिंह ने एफआईआर कराया है। मुखिया ने दर्ज बयान में बताया है कि 28 अक्तूबर को घटना का अंजाम दिया गया। पंचायत सरकार भवन देव में निर्माण स्थल से सरिया उखाड़ दिया गया है, सरिया की चोरी कर ली गयी है। पंचायत सरकार भवन निर्माण करने पर पैसे की मांग किया गया है। उक्त मामले में मुखिया ने देव गांव निवासी डब्बू सिंह उर्फ डमरू यादव पिता स्व. जय गोविंद सिंह को आरोपी बनाया है। थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है जिसकी जांच जारी है।

## खबरें फटाफट

### डीएम के जनता दरबार में पहुंचे पीड़ित

**सासाराम।** जनता दरबार में शिकायत लेकर पहुंचे फरियादियों का डीएम उदिता सिंह ने सुनी समस्या। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए बताया कि परिमार्जन दाखिल खारिज एवं परिमर्जिन प्लस के संबंध में लोगों द्वारा शिकायत की गयी है। जिसको लेकर भूमि सुधार उप समाहर्ता, सासाराम एवं जिला जन शिकायत कोषांग तहत समीक्षा कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जबकि अगरसी डिहरा पैक्स का मतदान केन्द्र पुनः अगरसी डिहरी में करने हेतु आवेदन पत्र दिया गया। जिसके संदर्भ में उप विकास आयुक्त, रोहतास, सासाराम को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा गया है। वही आवेदक रामअवतार गुप्ता द्वारा मौजा मदैनी सासाराम में जमीन पर दखल कब्जा हेतु आवेदन दिया गया, जिस पर अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम को निर्देशित किया गया। जबकि अतिक्रमण, बैंक लोन, बीमा राशि वापसी,अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा रोहतास जिला कमिटी के द्वारा तिलौथू अंचल में भूदान यज्ञ कमिटी को दान में दी गयी। जिस भूमि के जांच करने हेतु प्रशासनिक कमिटी गठित कर कराये जाने आदि से संबंधित प्राप्त सभी आवेदनों पर संबंधित पदाधिकारियो को समुचित आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। मौके पर अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी, रोहतास चंद्रशेखर प्रसाद सिंह, निदेशक, डीआडीए सहित अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित रहें।

### चिकित्सक ने बच्चों को दिए मिठाई व पटाखे

**छपरा।** दीपावली की पूर्व संध्या पर गरीब बच्चों के चेहरे पर मुस्कान को ले डॉक्टर आरके गुप्ता ने भगवान बाजार मेन रोड स्थित अपने स्किन क्लीनिक पर मिठाई व पटाखे वितरित किया। दो दर्जन से अधिक गरीब बच्चे चिकित्सक के क्लीनिक पर पहुंच गए। वहां उन्होंने मिठाई का पैकेट और पटाखे के रूप में फुलझड़ी का पैकेट दिया गया। मिठाई के पैकेट और पटाखे हाथों में लेकर गरीब बच्चों के चेहरे पर खुशी आ गई।

### तरारी थाना क्षेत्र के बड़का गांव में गुरुवार की देर रात घटी घटना

# चोरी के आरोप में किशोर की पीट-पीटकर हत्या

- इलाज के दौरान तरारी पीएचसी में उसने तोड़ा दम
- पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हैं हुए 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**



भोजपुर जिले के तरारी थाना क्षेत्र के बड़का गांव में गुरुवार की रात चोरी का झूठा आरोप लगा एक दुकानदार द्वारा अपने ही दुकान पर काम कर रहे किशोर की बिजली के खंभे में बांध लाठी-डंडों से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। इलाज के दौरान तरारी पीएचसी में गुरुवार की मध्य रात्रि उसने दम तोड़ दिया। वही मृत किशोर के परिजन द्वारा उसके दुकानदार सहित पांच लोगों पर चोरी का झूठा आरोप लगा बिजली के खंभे में बांध लाठी-डंडों से पीट-पीटकर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मृत किशोर तरारी थाना क्षेत्र के बड़का गांव निवासी धनोज कुमार उर्फ धनोज बारी का 16 वर्षीय पुत्र प्रेम कुमार है। वही घटना की सूचना मिलते ही तरारी थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर मृत किशोर के छोटे भाई गुंजन कुमार ने बताया कि वह अजय शर्मा के सीमेंट व छड़ के दुकान पर सीमेंट समान लोड करने का काम करता था। गुरुवार की रात उन लोगों द्वारा उस पर प्रकाश शर्मा के किराना दुकान में चोरी करने का झूठा आरोप लगाकर बिजली के खंभे से बांध दिया गया। उसके बाद उनके द्वारा बांस एवं लाठी-डंडों से उसे पीट-पीटकर उसे अधमरा कर दिया गया। इसके बाद उनके द्वारा ही पुलिस को फोन कर उसे चोरी का आरोप लगा उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस उसे इलाज के लिए तरारी पीएचसी ले गई। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। वहीं दूसरी ओर मृत किशोर के छोटे भाई गुंजन कुमार ने उसके दुकानदार अजय शर्मा,उसके पुत्र अभिषेक शर्मा, प्रकाश शर्मा,दीपक शर्मा एवं छोटू शर्मा पर अपने भाई पर चोरी करने का झूठा आरोप लगाकर पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। उधर तरारी थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार भास्कर ने बताया कि मृतक अजय शर्मा के दुकान पर काम करता था और प्रकाश शर्मा का किराना का दुकान है। उन लोगों द्वारा उसे पर किराना दुकान से चोरी करने का झूठा आरोप लगाकर उसकी पिटाई कर दी गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए तरारी पीएचसी ले आए।

# भोजपुर में हथियारबंद बदमाश ने घर के बाहर दीया जला रहे युवक को मारी गोली

- जख्मी युवक इलाज के लिए सदर अस्पताल से पटना रेफर
- उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सेवगार गांव में गुरुवार की शाम घटी घटना

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सेवगार गांव में गुरुवार की शाम हथियारबंद बदमाश ने घर के बाहर दरवाजे पर दीया जला रहे युवक को गोली मार दी। जख्मी युवक को गोली दाहिने साइड सिर में मारी गई है। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल ले गए पर वहां से भी उसे रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन उसे पटना ले गए। वहीं घटना को लेकर गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। उधर घटना की सूचना मिलते ही उदवंतनगर थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जख्मी युवक के परिजनों से मिल घटना की जानकारी ली। इसके पश्चात आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सेवगार गांव निवासी रविंद्र सिंह का 18 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार सिंह है। इधर जख्मी युवक के बड़े भाई सूरज कुमार ने बताया कि जाता है कि वर्ष 2022 से 12 डिसमिल जमीन को लेकर पट्टीदार से विवाद चला आ रहा है। उस समय भी जमीनी विवाद को लेकर उक्त पट्टीदार द्वारा गोलीबारी की गई थी। जिसमें उनकी बहन मधुबाला को गोली लग गई थी। जिसको लेकर उन लोगों के द्वारा उक्त पट्टीदार पक्ष के गयारह लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी। उसी केस को उनके द्वारा उठाने के लिए दबाव दिया जा रहा था। लेकिन ये लोग कैसे उठाने से मना कर दिया। गुरुवार दीपावली की शाम जब उसका छोटा भाई नीरज कुमार सिंह अपने घर के बाहर दरवाजे पर दिया जला रहा था। तभी आरोपी आने चार अन्य लोगों के साथ हथियार लेकर छत पर चढ़ गया। उसके बाद उसने उसके भाई नीरज कुमार सिंह को सिर में गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए पहले आरा सदर अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए पटना ले गए।

# प्राईवेट आईटीआई का ताला तोड़ चोरों ने उड़ाया लाखों का सामान, संचालक ने दर्ज कराया केस

- चोरों ताला तोड़कर इन्वर्टर, प्रिंटर, जियो फाइबर बॉक्स, दो सीपीयू, ड्रिलिंग मशीन, डीसीसंट मोटर व सीसीटीवी बॉक्स ले गए अपने साथ

**केटी न्यूज/काराकाट**



काराकाट नगर से लेकर गांव देहात तक चोरी की घटनाओं का सिलसिला इस वक्त काफी बढ़ गया है। पिछले कुछ दिनों पहले कई जगह अनेकों चोरी की घटनाएं घटित हो चुकी हैं। जहां चोरों ने कई गांवों के घरों,स्कूलों व दुकानों को अपना निशाना बनाया। पुलिस द्वारा एक चोरी की घटना का खुलासा किया जाता है तभी दूसरी घटना को भी चोरों द्वारा अंजाम दे दिया जाता है। जो पुलिस के लिए सिरदर्द बन गया है । उसी क्रम में बता दें कि थाना क्षेत्र के गोड़ारी बाद रोड स्थित मनोज प्राइवेट आईटीआई में बीते बुधवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया । उक्त घटना क्रम में चोरों ने ताले तोड़कर इन्वर्टर, प्रिंटर, जियो फाइबर बॉक्स, दो सीपीयू, ड्रिलिंग मशीन, डीसीसंट मोटर व सीसीटीवी बॉक्स चोरी कर लिया। जानकारी होने पर आईटीआई प्रबंधक सुनील सिंह ने स्थानीय पुलिस को चोरी के घटना की सूचना देते हुए अज्ञात चोरों के विरुद्ध आवेदन दिया । दिए गए आवेदन में सुनील कुमार ने बताया कि कॉलेज के मेन गेट का ताला तोड़कर चोरों ने अंदर दाखिल होकर अन्य ताले तोड़ कर लाखों रुपए का समान व कागजात चोरी कर लिया । उक्त मामले में चोरी की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने अपनी जांच पड़ताल शुरू की। थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने चोरी की घटना की जल्द खुलासा करने का दावा किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि चोरी के मामला में अज्ञात चोरों के विरुद्ध आवेदन मिला है,घटना स्थल पर जाकर जांच किया गया हैं। जिससे बहुत जल्द ही घटना में संलिप्त सभी चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे। उन्होंने बताया कि इस इलाके सभी सीसीटीवी कैमरे की तलाशी ली जा रही है। इसके लिए विशेष अभियान चलेगा।




### रोहतास में 3 विजेता को मिलेगा पुरस्कार, आम लोगों को जोड़ने की कोशिश

# जिला स्थापना दिवस को लेकर रील्स प्रतियोगिता

- प्रतियोगिता में जिले के लोग भाग ले सकते है
- 7 नवंबर तक अपना रील्स, डॉक्यूमेंट्री और फोटोग्राफ भेज सकते है
- प्रथम पुरस्कार के रूप में 5 हजार, द्वितीय पुरस्कार को 3 हजार और तृतीय पुरस्कार को 2 हजार रुपये मिलेगा

**केटी न्यूज/रोहतास**



रोहतास में जिला प्रशासन की ओर से 9 और 10 नवंबर को स्थापना दिवस समारोह मनाया जाएगा। मौके पर जिला प्रशासन की ओर से रील्स प्रतियोगिता, डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिता और फोटोग्राफी विथ कैप्शन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में जिले के लोग भाग ले सकते है, 7 नवंबर तक अपना रील्स, डॉक्यूमेंट्री और फोटोग्राफ भेज सकते है। इसमें से तीन बेस्ट को जिला प्रशासन की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। प्रथम पुरस्कार के रूप में 5 हजार, द्वितीय पुरस्कार के रूप में तीन हजार और तृतीय पुरस्कार पाने वाले को दो हजार की राशि दी जाएगी। तीनों प्रतियोगिता की विषयवस्तु रोहतास जिले से संबंधित होनी चाहिए। रील्स 30 सेंकेंड से 1 मिनट तक के होनी चाहिए। इसमें मेरा रोहतास-मेरा गौरव, ग्लोरी आफ रोहतास, रोहतास तब और अब जैसे विषय पर रील्स बनाया जा सकता है। फोटोग्राफी प्रतियोगिता विथ कैप्शन भी इन्हीं विषयों से संबंधित होनी चाहिए। कैप्शन अधिकतम 100 शब्दों का होगा। डॉक्यूमेंट्री भी उक्त विषयों से ही संबंधित होगी। जो कि दो से पांच मिनट तक की होगी। डीएम उदिता सिंह ने बताया कि स्थापना दिवस पर इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन पहली बार किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आम लोगों को समारोह से जोड़ना और जिले के लिए रचनात्मक कार्य करने को प्रेरित करना है।



# झिलमिल रोशनी से जगमगाए शहर व गांव, बच्चे और नौजवानों ने जमकर की आतिशबाजी

**केटी न्यूज/बलिया**

नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ गुरुवार को मनाया गया। इस बार पहले की अपेक्षा आतिशबाजी कम हुई और रात साढ़े दस बजे के बाद लोगों ने पटाखे नहीं फोड़े। इसके पूर्व घर की महिलाओं ने मां लक्ष्मी व गजानन का विधिवत पूजन अर्चन किया। तत्पश्चात दीप व मोमबत्ती जलाया गया। इसके बाद बच्चों ने पटाखा फोड़ना शुरू कर दिया।

दीपावली को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही लोग घर की सजावट एवं लक्ष्मी पूजन की तैयारी में जुटे रहे। बाजार में भी खासी चहल-पहल रही। शाम ढलते ही जनपद रोशनी से जगमगा उठा। बिजली की झालरों एवं दीयों से सजे घरों में विधि-विधान से मां लक्ष्मी की पूजन के बाद बच्चे और नौजवान आतिशबाजी के साथ दीपावली के जश्न में जश्न में डूब गए। इसके पूर्व लोगों ने अपने-अपने घरों में मिट्टी के दीये, रंग-बिरंगी मोमबत्ती जलाया। इसके अलावा अपने मकानों पर रंग-बिरंगी विद्युत झालर भी जलाए। इसके साथ ही युवतियां व महिलाओं ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाकर उसमें दीपक जलाया। वहीं घर के मुख्य द्वार को अप्राकृतिक व प्राकृतिक फूलों से सजाया गया था। उधर, दुकानदार अपने-अपने प्रतिष्ठानों में गणेश-लक्ष्मी की विधिवत पूजन अर्चन किया और खाता बही बदला। तत्पश्चात बच्चे से लेकर नौजवानों ने रात आठ बजे से लेकर साढ़े 10 बजे तक जमकर आतिशबाजी की। इस दौरान बच्चों के साथ उनके अभिभावक मौजूद रहे। रात में रोशनी देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मानो आसमान से तारे जमीन पर उतर आए हो। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में जिस ओर देखो हर जगह रंग-बिरंगी रोशनी अपनी छटा बिखेर रही थी। उधर, पुलिस फोर्स एवं अग्निशमन विभाग की टीम पूरी रात सुरक्षा को लेकर मुस्तैद रही। उधर, जिला अस्पताल से लेकर सभी स्वास्थ्य केंद्र दीपावली के दिन पूरी तरह अलर्ट रहे।





### महंगाई पर उत्साह पड़ा भारी

नगर से लेकर ग्रामीणांचलों में फूलों की डिमांड ज्यादे रही। लोगों ने गणेश-लक्ष्मी पूजन अर्चन के लिए फूल-माला, पान, सुपारी, मिष्ठान आदि की खरीदारी की। बाढ़ व बारिश के साथ ही महंगाई का असर बाजार में दिखा। बावजूद लोगों में दीपावली को लेकर उत्साह कम नहीं दिखा। लोग अपने सामर्थ्य के अनुसार सामानों की खरीदारी कर पर्व मनाया।

## लोकनृत्य और गीतों से गुलजार रही रात, एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से मुग्ध हुए दर्शक

# बलिया महोत्सव में निरहुआ ने मचाया धमाल





- कार्यक्रम की शुरूआत भोजपुरी गायक हरिनारायण सिंह की प्रस्तुति से हुई
- बलिया के लोकल भोजपुरी गायक अंकित पाठक ने शानदार प्रस्तुति से मोहा मन

**केटी न्यूज/बलिया**

बलिया महोत्सव 2024 का शुभारंभ बिहार सरकार के राज्य मंत्री, उप मुख्य सचेतक विधान सभा बिहार जनक सिंह, पूर्व मंत्री राजधारी सिंह और धर्मेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा ने जनक सिंह का स्वागत बुके, शॉल और माला से किया। इसके बाद नेहरू युवा कल्याण अधिकारी बलिया, कपिल देव ने पूर्व मंत्री राजधारी सिंह का शॉल, बुके और माला से स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत भोजपुरी गायक हरिनारायण सिंह की प्रस्तुति से हुई। इसके बाद बलिया के लोकल भोजपुरी गायक अंकित पाठक ने मंच संभाला। 11 वर्षीय भोजपुरी गायिका वैष्णवी राय ने अपनी मधुर प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके बाद गणेश यादव ने कथक नृत्य के साथ मृदंग पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। फिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध लखनऊ की सूफी और बॉलीवुड गायिका वंदना मिश्रा ने अपनी गायकी से समां बांधा। इस दौरान प्रयागराज से आईं शिवानी की टीम ने लोक संस्कृति से जोड़ते हुए विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य जैसे पंजाब, कश्मीर, राजस्थान और कथक की मनमोहक प्रस्तुतियां पेश कीं। कार्यक्रम का संचालन दिल्ली की प्रसिद्ध सेलिब्रिटी एंकर लेइशा तोमर ने किया।

बलिया महोत्सव 2024 का आयोजन उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम का प्रबंधन खुशहाली फाउंडेशन के अध्यक्ष सोनू सिंह द्वारा किया गया। इसमें बलिया के डीडीओ, श्री धर्मेंद्र सिंह, और पीडी बलिया ने भी अतिथि बनकर शिरकत की। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण बने भोजपुरी सुपरस्टार निरहुआ, जिन्होंने अपनी धमाकेदार प्रस्तुति से पूरे महोत्सव में रंग भर दिए। उनकी मौजूदगी और जोशीली परफॉर्मेंस ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया और महोत्सव में चार चांद लगा दिए। निरहुआ की इस शानदार प्रस्तुति ने बलिया महोत्सव 2024 को यादगार बना दिया।









### एक नजर



## छात्र-छात्राएं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाएं: डॉ निर्मला सिंह

**मऊ।** मर्यादा पुरुषोत्तम पीजी कॉलेज भुड़सुरी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड लखनऊ के दिशा निर्देश के क्रम में 27 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2024 के मध्य 'दीपावली माई भारत वाली' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन महाविद्यालय के छात्रों ने महाविद्यालय की साइकिल स्टैंड में साफ सफाई का कार्य किया। कार्यक्रम के दूसरे दिन राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र महाविद्यालय के निकट स्थित रतनपुरा बाजार में जाकर बाजार की गतिविधियों का बारीकी से अवलोकन किया। तथा स्वच्छता एवं स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दे पर वहां के दुकानदारों तथा उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। बाजार में ही स्वयंसेवकों ने वहां के दुकानदारों तथा उपभोक्ताओं को प्रेरित करने के लिए स्वयं साफ सफाई का कार्य किया। कार्यक्रम के तीसरे दिन छात्र महाविद्यालय के निकट स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोगापुर गए। वहां 'सेवा से सीखे' कार्यक्रम के अंतर्गत उन्होंने मरीजों को दी जाने वाली चिकित्सा गतिविधियों का अवलोकन किया। तथा विभिन्न तरीकों से अस्पताल में आने वाले मरीजों का सहयोग किया। कार्यक्रम के अंतिम दिन महाविद्यालय में दीपावली से संबंधित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्राओं ने अनेक प्रकार के रंगोली का निर्माण किया। छात्रों ने वाद संवाद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। महाविद्यालय के सेमिनार हाल में दीपावली पर आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ निर्मला सिंह ने छात्रों को दीपावली के शुभ अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि हमारे छात्र मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलने का प्रयास करें। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 कर्मजीत सिंह ने भगवान राम के द्वारा स्थापित आदर्शों पर चर्चा करते हुए कहा कि भगवान राम का जीवन मानव मात्र के लिए एक प्रकार की संहिता है, जिससे संपूर्ण विश्व प्रेरणा लेता है। उनका माता-पिता के प्रति सम्मान भाव, चारों भाइयों में मातृत्व प्रेम, कर्तव्य भावना, मित्रता को आदर्श रूप में स्थापित करना, वचन का महत्व तथा आम जनों के साथ उनका प्रेम ऐसी कुछ बातें हैं, जिससे न केवल भारतीय समाज बल्कि मानव मात्र सीख लेकर अपने जीवन को सुंदर बना सकता है। कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार वर्मा ने भगवान राम के जीवन को राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के नजरिए से छात्रों के समक्ष रखा। उन्होंने भगवान राम को एक कुशल सेनापति बताया। जिन्होंने रावण को युद्ध में हराया।

## दुःखद... मऊ के गजियापुर के पास सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**केटी न्यूज/मऊ**

मऊ स्थित मधुबन थाना क्षेत्र के गजियापुर गांव के पास सरयू नदी से बाढ़ से बचने के लिए सड़क किनारे बनी दीवार से एक बाइक बेकाबू होकर टकरा गई। हादसे में बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई, जबकि चालक ने इलाज के दौरान दम तोड़ा, सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वही हादसे में एक ही गांव में दीपावली के अगले दिन मौत से मातम पसर गया। जानकारी के अनुसार मऊ जिले के आखिरी गांव परसिया जयराम गिरी निवास राजेश यादव 25 पुत्र श्याम देव और लालबहादुर उर्फ टंकी 45 पुत्र हरदेव यादव शुक्रवार की शाम्र तीन बजे किसी काम से गजियापुर चट्टी बाजार आए थे। वहां से वापस लौटते समय बाढ़ से बचाव के लिए यू टर्न पर बनी दीवार से बाइक जा टकराई, हादसे बाइक चला रहा राजेश और सवार लाल बहादुर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के समय हेलमेट न पहने होने से लाल बहादुर की मौके पर मौत हो गई।

## अतरौल पांडेय डाकघर के पोस्टमैन की सांप काटने से मौत

**मऊ।** रतनपुरा डाकघर से जुड़े अतरौल पांडेय शाखा डाकघर के पोस्टमैन राजेश कुमार की सर्पदंश से मौत हो गई। वे रतनपुरा प्रखंड के गुलौरी ग्राम पंचायत के निवासी थे। बताया जाता है कि राजेश कुमार पुत्र नरेश प्रातः 8:30 बजे अपने खेत की तरफ फसल देखने गए थे, खेत में ही उन्हें सांप ने डंस लिया। इसके बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से रेफर कर दिया गया। परिजन उन्हें मऊ के फातिमा चिकित्सालय ले गए, वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## इस बार वाराणसी के मंदिरों में एक हजार क्विंटल मिठाइयों से सजाई जाएगी अन्नकूट की झांकी

**एजेंसी/वाराणसी**

काशी का अन्नकूट महोत्सव भी अनोखा होगा। शहर के मंदिरों में अन्नकूट की झांकी सजेगी तो देवी-देवताओं को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। इस बार शहर के मंदिरों में एक हजार क्विंटल मिठाइयों से अन्नकूट की झांकी सजाई जाएगी। श्री काशी विश्वनाथ धाम, अन्नपूर्णा मंदिर और मणिमंदिर समेत शहर भर के मंदिरों में दो नवंबर को भव्य अनुष्ठान होंगे। मां अन्नपूर्णा का ये प्रसाद तिरुपति बालाजी के दरबार तक जाएगा। अन्नपूर्णा मंदिर में अन्नकूट की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। मां अन्नपूर्णा का अन्नकूट सजाने के लिए 511 क्विंटल कच्चा-पक्का भोग तैयार किया गया है। शुक्रवार से ही झांकी सजाने की तैयारियां भी शुरू हो गईं। महंत शंकर पुरी ने बताया कि इस बार अन्नकूट के भोग की मात्रा और संख्या बढ़ाई गई है। देश भर के श्रद्धालुओं तक मां अन्नपूर्णा का प्रसाद पहुंचेगा। तीन नवंबर को महंत तिरुपति बालाजी के लिए मां अन्नपूर्णा का प्रसाद लेकर रवाना होंगे। अन्नकूट पर श्री काशी विश्वनाथ का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। बाबा को छप्पन भोग लगेगा और 21 क्विंटल प्रसाद चढ़ाया जाएगा।

बाबा का मुख्य भोग पुजारी बनाएंगे। भोग आरती में बाबा की प्रतिमा सजकर आती है और बाबा के गर्भगृह में विराजमान कराई जाती है। शाम छह बजे तक गर्भगृह में दर्शनार्थी बाबा का दर्शन प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही प्रसाद का वितरण किया जाएगा। 14 क्विंटल मेवा और मिष्ठान का भोग लगेगा। धाम में ही लड्डुओं का मंदिर बनेगा।

## मेयर, चेयरमैन, जि.पं.अ., प्रमुख, बीडीसी, प्रधान को भी मिले वेतन और भत्ते: अरशद जमाल



**मऊ।** पालिकाध्यक्ष अरशद जमाल ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद माननीय डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल ने गत दिनों राज्यसभा में बोलते हुये छोटे जनप्रतिधियों को भी वेतन, भत्ता एवं पेंशन दिये जाने की वकालत की थी। उन्होंने कहा था कि भारत के संविधान में यह व्यवस्था की गयी है कि व्यक्ति काम के बदले वेतन प्राप्त करेगा और सामान्य कार्य हो तो उसे वेतन भी सामान्य दिया जायेगा। परन्तु यह दुर्भाग्य है कि इस देश में जनप्रतिनिधियों के साथ दोहरा आचरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा था कि एक तरफ महामहिम राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्र के मंत्रीगण एवं राज्य के मंत्रीगण तथा समस्त विधायकगण एवं सांसदगण को संवैधानिक तरीके से कानून बनाकर वेतन, भत्ते तथा पेंशन की व्यवस्था कर दी गयी है जबकि संविधान द्वारा प्रदत्त उसी व्यवस्था के होते हुये लाखों की संख्या में छोटे एवं जमीनी जनप्रतिनिधियों जिनमें ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, सभासद, नगर पंचायत एवं नगर पालिका परिषद के चेयरमैन, जिला पंचायत सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष आदि से लेकर मेयर तक शामिल हैं, को आज भी उनके कार्यों के बदले कुछ भी हासिल नहीं होता। जबकि बड़े जनप्रतिनिधियों की अपेक्षा उन्हीं के कंधों पर राष्ट्र के भौतिक निर्माण एवं विकास की जिम्मेदारियां टिकी हुयी हैं तथा जो अपने महत्वपूर्ण कार्यों के बदले पात्र होते हुये भी वेतन, भत्ता एवं पेंशन पाने से आज भी वंचित हैं। छोटे जनप्रतिनिधियों के लिये सदन में करूणामयी आवाज उठाने पर मऊ नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अरशद जमाल ने राज्यसभा सांसद डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल का हृदय तल से आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उन्होंने अपने भाषण के दौरान सदन को बताया कि जो योजनायें हम बनाते हैं उन योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रिया रूप देने में इन्हीं जमीनी जनप्रतिनिधियों का हाथ होता है। हमने संवैधानिक तरीके से वेतन, भत्ते व पेंशन की व्यवस्था अपने लिये तो कर दी परन्तु शहरों, देहातों एवं गांवों तक सत्ता का विकेंद्रीकरण कर उनके कंधों पर विकास एवं निर्माण की बड़ी बड़ी जिम्मेदारियां तो डाल दीं पर यदि उन्हें कुछ नहीं दिया तो वह वेतन, भत्ता एवं पेंशन है। पालिकाध्यक्ष अरशद जमाल ने डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि कोई तो ऐसा है जो हम जैसे जनप्रतिनिधियों का दर्द अपने सीने में महसूस कर सदन में हमारी वकालत कर रहा है। उनके इस कृत्य के प्रति हम सभी ग्राम प्रधान, सभासद, अध्यक्ष एवं मेयर के रूप में अपने संरक्षक जनप्रतिनिधि डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल जी का हृदय तल से आभार व्यक्त करते हैं।

## मां लक्ष्मी के जयकारे से गुंजायमान हुआ बलिया व मऊ जनपद का इलाका, घरों में मां लक्ष्मी व गजानन का हुआ पूजन-अर्चन

# वैदिक मंत्रोचार के साथ मां लक्ष्मी व गजानन का खुला पट

**केटी न्यूज/बलिया/मऊ**

मां लक्ष्मी की प्रतिमा का पट शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोचार के साथ खोला गया। मां का पट खुलते ही जयकारे व घंट- घडि?ाल से वातावरण देवीमय हो गया। तत्पश्चात लोगों में समिति के सदस्यों द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। उधर, सुरक्षा के मद्देनजर नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकारी व पुलिसकर्मी चक्रमण करते रहे। पुलिस विभाग के आकड़ों गौर किया जाय तो जिले के 22 थाना अंतर्गत कुल 853 स्थानों पर मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं स्थापित की गई। जिसका पट शाम को शुभ मुहुर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खोला गया। मां का पट खुलते ही जयकारे व घंट-घडि?ाल से वातावरण देवीमय हो गया।मालूम हो कि शहर कोतवाली में दो स्थानों पर प्रतिमा स्थापित की गई। इसी प्रकार दुबहर में आठ, गड़वार में 83, सुखपुरा में 29, फेफना में 47, नरहीं में छह, चितबड़ागांव में 30, बैरिया में 32 प्रतिमाएं स्थापित की गई। इसी प्रकार हल्दी में 24, दोकटी में 14, रेवती में 28, बांसडीह में 48, बांसडीहरोड में 34, सहतवार में 39, मनियर में 44, सिकंदरपुर में 70, खेजुरी में 30 प्रतिमाएं स्थापित की गई। जबकि पकड़ी में 30, रसड़ा में 31, नगरा में 60, भीमपुरा में 76, उभांव में 88 मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं स्थापित की गई। इस प्रकार कुल 853 स्थानों पर प्रतिमाएं स्थापित की गई।



### मां लक्ष्मी का पूजन कर सुख शांति और ऐश्वर्य की कामना की

**मऊ ।** घोसी नगर सहित आस पास के ग्रामीण अंचलों में दीपवाली के दिन मंत्रोच्चारण के बीच श्री लक्ष्मी प्रतिमाओं के पट जयकारे के बीच वृहस्पतिवार को खुल गये। साथ ही यजमानों द्वारा पट खोलकर पूजन अर्चन कर विश्व कल्याण की कामना की गई। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अभिषेक गोस्वामी घोसी तहसील क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर स्थापित श्री लक्ष्मी पण्डाल का निरीक्षण के बाद विधिवत पूजन अर्चन करके प्रतिमा का पट खोलकर क्षेत्र में सुख शांति की कामना की। घोसी नगर के बड़ागांव स्थित श्री लक्ष्मी पूजा समिति बड़ागांव राजभर बस्ती, तिलई बुजुर्ग एवं घोसी नगर के सिनेमा हाल घोसी के साथ ही ग्रामीण अंचलों में दीपावली के अवसर पर विधिवत पूजन अर्चन करके विश्व कल्याण की कामना की गई।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अभिषेक गोस्वामी, सीओ दिनेशदत्त मिश्र एवं प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह ने लक्ष्मी पूजा पंडालों पर निरीक्षण कर सुरक्षा एवं महिलाओं के पूजन अर्चन करने के लिए पंक्ति एवं लाइनों की व्यवस्था के साथ ही अलग से निकलने की व्यवस्था करने को कहा ।इस अवसर पर रविंद्र उपाध्याय,राजेश जायसवाल, मोतीचंद , रूपेंद्र राजभर, रतनपाल सिंह,रामशरीख राजभर,आदि उपस्थित रहे ।

संक्षिप्त समाचार

## झारखंड विस चुनाव से पहले बन्ना गुप्ता के बाद हेमंत सोरेन का कौन मंत्री हुआ हनीट्रैप का शिकार?

**गढ़वा, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले हेमंत सोरेन कैबिनेट के मंत्री और गढ़वा के विधायक मिथिलेश कुमार टाकुर हनीट्रैप का शिकार हो गए हैं. उन्होंने इस संबंध में एक वीडियो जारी किया है, जिसमें आरोप लगाया है कि उनके खिलाफ साजिश रची जा रही है. उन्होंने कहा कि वह इस मामले में थाने में शिकायत दर्ज करवा रहे हैं. झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक और गढ़वा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे मिथिलेश कुमार ठाकुर ने वीडियो जारी किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि बुधवार को उनके पास एक कॉल आया. जैसे ही उन्होंने फोन रिसीव किया, मोबाइल पर अश्लील वीडियो आने लगे. उन्होंने तत्काल फोन कट किया और उस नंबर को ब्लॉक कर दिया. गुरुवार को वीडियो कॉल करने वालों ने सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड करने और उसे वायरल करने की धमकी देना शुरू कर दिया. मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले इसे विपक्ष की साजिश करार दिया है. कहा है कि वह इसकी शिकायत थाने में दर्ज करवाएंगे. यह विपक्ष की चाल हो सकती है. पुलिस को गहन जांच करनी चाहिए.

## झारखंड-बंगाल सीमा के फरीदपुर चेक पोस्ट से 4 लाख रुपए से अधिक जब्त

**बरहरवा (साहिबगंज), एजेंसी।** झारखंड में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से राज्य से सटी सीमाओं पर कड़ी चौकसी बरती जा रही है. धनबल और किसी प्रकार के हथियार की सप्लाई न हो पाए, इसके लिए सीमावर्ती चेक पोस्ट्स पर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है.इसी क्रम में गुरुवार को झारखंड और पश्चिम बंगाल के बरहरवा स्थित फरीदपुर सीमा पर बने चेकपोस्ट से 4 लाख रुपए से अधिक बरामद किए गए हैं. वाहन जांच के दौरान यह राशि बरामद हुई. फरीदपुर चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट नुरुल इस्लाम और बरहरवा थाना के एएसआई रामप्रवेश दास वाहनों की जांच कर रहे थे. इसी बीच, पश्चिम बंगाल की ओर से आ रहे यात्री वाहन मैजिक की जांच की गई. जांच में वाहन में 4 लाख रुपए मिले. जांच कर रहे अधिकारियों ने वाहन के चालक से उससे संबंधित दस्तावेज मांगे. वह कोई भी प्रमाण देने में विफल रहा. इसके बाद मालदा जिले के हल्दीबाड़ी निवासी नूर इस्लाम के पास जो भी रुपए थे, उसे जब्त कर लिया गया. इस मामले में बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने बताया कि जब्त रुपए की जानकारी वरीय अधिकारियों को दी जा रही है.

## दो लाख से अधिक दीपों से जगमगा उठेगा देवघर का बाबा मंदिर, 22 मंदिरों के मुख्य द्वारों पर जलेंगे दीये

**देवघर, एजेंसी।** देवघर–बाबा नगरी देवघर में दीपोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा. इस शुभ अवसर पर हर साल की तरह लोग बाबा मंदिर में दीप प्रज्वलित कर पर्व की शुरुआत करेंगे. शहरवासी शाम पांच बजे से बाबा मंदिर और परिसर में स्थित सभी 22 मंदिरों के मुख्य द्वारों पर दीप जलायेंगे. इसके बाद लोग अपने–अपने घरों में दीप जलाकर दीपावली की औपचारिक शुरुआत करेंगे. बाबा मंदिर में इस बार दो लाख से अधिक दीप जलाए जाएंगे, जिससे पूरा मंदिर परिसर रोशनी से जगमगा उठेगा. मंदिर के आसपास निवास करने वाले पितृहीन लोग दीप जलाने की इस परंपरा में सम्मिलित होकर अपने पूर्वजों को याद करते हुए सोनलाठी जलाकर बाबा मंदिर के सिंह द्वार पर रखेंगे. दीपावली के अवसर पर भारी भीड़ और बड़े स्तर पर दीप प्रज्वलन को देखते हुए मंदिर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है. मंदिर के मुख्य प्रबंधक रमेश परिहस्त ने सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे देर रात तक मंदिर परिसर की निगरानी करते रहें. जैसे ही दीपों का जलना समाप्त हो, तुरंत सफाई का कार्य प्रारंभ कर दिया जाये, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े. पूरे बाबा मंदिर परिसर में सुरक्षा के लिए कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना पर तत्काल नियंत्रण पाया जा सके. पानी प्रभारी को निर्देश दिये गये हैं कि मंदिर परिसर के सभी पानी के टैंकों को पूर्ण रूप से भरा रखा जाये, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके. इसके साथ ही सभी कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की स्थिति पर तत्परता से मोबाइल के माध्यम से सूचित करने के निर्देश भी दिये गये हैं।

# भाजपा ने कांग्रेस की बढ़ाई टेंशन! एक प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत, नामांकन पर मंडरा रहा खतरा

**रांची, एजेंसी।** भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंचकर महागामा विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह का नामांकन रद्द करने की मांग की। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि दीपिका पाण्डेय सिंह ने अपने नामांकन के फार्म 26 के शपथ पत्र में एक बहुत ही महत्वपूर्ण अपराधिक मामले की चर्चा नहीं की है।

दीपिका पाण्डेय के खिलाफ गोड्डा न्यायालय में एस सी /एस टी केस नंबर 21/2020 का उल्लेख अपने शपथ पत्र में नहीं किया है, आज जब कोई साधारण व्यक्ति होता तो नामांकन में जाते ही पुलिस गिरफ्तार कर लेती।




इस बात की शिकायत भाजपा का उम्मीदवार अशोक भगत ने रिटर्निंग आफिसर के पास की तो उन्होंने शिकायत लेने से इनकार कर दिया। नामांकन फार्म में अपराधिक मामला को छिपाना करप्ट प्रैक्टिस में आता है और इसमें आर पी एक्ट की धारा 125/ए के तहत कारवाई हो सकती है।

इसके अलावा आर पी एक्ट की धारा 8/ए के तहत राष्ट्रपति सीधा करवाई कर सकते हैं। चुनाव आयोग को दिए ज्ञापन के साथ केस का कागजात एवं आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय का एक निर्णय भी दाखिल की गई है। ज्ञापन की प्रति मुख्य चुनाव आयोग नई दिल्ली भी भेजी गई है।

भाजपा की सरकार बनने पर थर्ड और फोर्थ ग्रेड की नौकरियों में राज्य के ही लोगों को प्राथमिकता देने का प्रयास होगा। बुधवार को रांची में अरगोड़ा चौक के निकट भाजपा के मीडिया सेंटर का उद्घाटन करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने ये बातें कहीं।

इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रवींद्र राय और केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ भी उपस्थित थे। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पंच प्रण भाजपा की प्रतिबद्धता है। सरकार बनने पर इसे हर हाल में लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गोगो दीदी योजना महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए है।

राज्य में भाजपा और एनडीए की सरकार बनते ही इसे लागू किया जाएगा। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोगों को शिक्षा और सामाजिक सौहार्द की गारंटी देती है। अभी की सरकार में राज्य में उग्रवादी पैर फैला रहे हैं। संगठित अपराध हो रहे हैं। इस पर रोक लगाई जाएगी।

इस अवसर पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, प्रतुल शाहदेव, अजय साह, सब मीडिया प्रभारी तारिक इमरान, प्रिंस कुमार भी मौजूद थे।

## रात भर गुलजार रहा रजरप्पा का छिन्नमस्तिके मंदिर, श्रद्धालु और तांत्रिक हुए निहाल

**रजरप्पा (रामगढ़), एजेंसी।** देश का प्रसिद्ध सिद्धपीठ रजरप्पा काली पूजा की रात पूरी तरह से गुलजार रहा. भक्त और तांत्रिक मां की कृपा से मंदिर आकर निहाल हुए. रात भर मां छिन्नमस्तिके की पूजा हुई. कार्तिक अमावस्या की रात को तंत्र सिद्धि लिए देश के अलग-अलग हिस्से से तांत्रिक रजरप्पा आए थे.

झारखंड ही नहीं, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, असम, दिल्ली, ओडिशा समेत कई राज्यों से श्रद्धालु, साधक और तांत्रिक दीपावली की रात रजरप्पा मंदिर पहुंचते हैं. इस बार भी इन राज्यों के तांत्रिक यहां आए थे. सभी ने मां छिन्नमस्तिके की पूजा की और उनका आशीर्वाद लिया. तंत्र पूजा करने वालों ने भी साधना की.



रामगढ़ जिले के रजरप्पा स्थित मंदिर परिसर में 13 हवन कुंड में मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं ने हवन, यज्ञ किया. साधक और तांत्रिक मंदिर क्षेत्र के जंगलों में, भैरवी-दामोदर के संगम स्थल और एकांतवास में सिद्धि की प्राप्ति के लिए तंत्र साधना में लीन रहे. श्रद्धालुओं ने महाभोग ग्रहण किया.

काली पूजा के लिए मां छिन्नमस्तिके के मंदिर की आकर्षक विद्युत सज्जा की गई थी. फूलों और गुब्बारों से सजाया गया. मंदिर परिसर की साज-सज्जा से भी भक्त मंत्रमुग्ध थे. यहां आने वाले श्रद्धालुओं ने जमकर सेल्फी ली. हर कोई इस अद्भुत पल को यादगार बनाने में जुट गया था.

मां छिन्नमस्तिके का दरबार साल में सिर्फ एक दिन पूरी रात खुलता है. वह है कार्तिक मास की अमावस्या तिथि. यहां भक्त मां भगवती की पूजा करते हैं. कार्तिक अमावस्या को मंदिर प्रक्षेत्र में दिन में जितनी चहल-पहल रहती है, उतनी ही चहल-पहल रात में भी होती है.दिन में कई अनजान चेहरे नजर आने लगते हैं. रात में घने जंगलों के बीच उठती आग की लपटों और धुआं को देख लोग सिहर उठते हैं. जंगलों और कलकल बहती नदियों से आने वाली रहस्यमयी आवाजें सुनकर लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं.

## क्या 5 साल में 7 साल बढ़ गई हेमंत सोरेन की उम्र चुनाव के बीच बीजेपी नेता का दावा



**साहिबगंज, एजेंसी।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उम्र पांच साल के ही अंतराल में सात साल बढ़ गई है। 2019 में उनके नामांकन पत्र में उनकी उम्र 42 साल बताई गई थी, लेकिन इस साल नामांकन पत्र में उनकी उम्र 49 साल बताई गई है। बरहेट से भाजपा प्रत्याशी गमालियल हेम्ब्रम ने इस आशय की शिकायत निर्वाची पदाधिकारी गौतम भगत से की है।

उन्होंने भाजपा प्रत्याशी ने हेमंत सोरेन की जमीन की कीमत पर भी सवाल उठाए हैं। गमालियल का कहना है कि हेमंत ने बोकारो के जरीडीह में स्थित अपनी 43,560 वर्गफीट जमीन का खरीद मूल्य 2019 में 10 लाख रुपये बताया था, जबकि इस बार उसकी कीमत मात्र चार लाख 45 हजार रुपये बताई गई है।

भाजपा प्रत्याशी का कहना है कि हेमंत सोरेन ने 2019 के चुनाव के दौरान नामांकन फॉर्म में केस नंबर जीआर 1208/2014 का उल्लेख किया था, लेकिन इस बार के नामांकन में इसका कोई उल्लेख नहीं है। उनका कहना है कि 2019 के नामांकन फॉर्म में अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के नाम एक मारुति सियाज कार (निबंधन संख्या जेएच 01बीडब्लू 7580) का उल्लेख किया गया था, लेकिन इस बार इसका उल्लेख नहीं है, जबकि उक्त गाड़ी आज भी उनकी पत्नी के नाम से है।

गमालियल का कहना है कि 2019 के विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन ने अपने नामांकन फॉर्म में केवल दो भूखंड के बारे में उल्लेख किया था। उक्त दोनों जमीन 2006 से 2008 के बीच खरीदी गई थी, जबकि इस बार कुल 23 भूखंडों का उल्लेख किया गया है। खास बात यह है कि इन भूखंडों की रजिस्ट्री 2006 से 2008 के बीच की है। ऐसे में उक्त जमीन के बारे में 2019 में क्यों नहीं उल्लेख किया गया। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी ने हेमंत सोरेन का नामांकन रद करने की मांग की है।

उधर, निर्वाची पदाधिकारी गौतम भगत ने बताया कि स्क्रूटनी के दौरान प्रेक्षक की मौजूदगी में सभी उम्मीदवारों व उनके प्रतिनिधियों से आपत्ति दर्ज कराने को कहा गया था। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी ने किसी प्रकार की आपत्ति नहीं जताई। बाद में उन्होंने झामुमो प्रत्याशी हेमंत सोरेन के संबंध में कुछ शिकायत की थी।

इस दौरान प्रेक्षक भी मौजूद थे। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी की आपत्ति को खारिज कर दिया गया। उधर, झामुमो जिलाध्यक्ष शाहजहां से इस संबंध में कुछ भी टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया।

# मनोहरपुर विधानसभा में उलटफेर, दिग्गज नेता ने नामांकन लिया वापस, बीजेपी को मिली राहत

**सोनुवा (झारखंड), एजेंसी।** भाजपा के पूर्व विधायक गुरुचरण नायक ने मनोहरपुर से नामांकन वापस ले लिया और उन्होंने आजसू प्रत्याशी डॉ0 दिनेश चंद्र बोयपाई को अपना भतीजा कहते हुए उनकी जीत के लिये काम करने की बात कहा है। एनडीए गठबंधन के तहत मनोहरपुर विधानसभा सीट आजसू के खाते में जाने के बाद भाजपा के पूर्व विधायक गुरुचरण नायक ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन किया था।

बुधवार को असम के सीएम और भाजपा के झारखण्ड चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने बुधवार को चाईबासा दौरे के क्रम में उनसे बात किया, जिसके बाद उन्होंने अपना नामांकन वापस ले लिया।

पूर्व विधायक गुरुचरण नायक ने कहा कि पार्टी संगठन और राज्य के हित में पार्टी नेताओं के साथ बात होने के बाद उन्होंने अपना नामांकन वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि आजसू प्रत्याशी डॉ0 दिनेश चंद्र बोयपाई को अपना भतीजा हैं और उनकी जीत के लिये काम करेंगे।

रांची में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांके, रांची, हटिया, मांडर और तमाड़ क्षेत्रों में नाम वापसी की अंतिम तिथि बीतने के बाद उम्मीदवारों की संख्या का ऐलान हो गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त वरुण रंजन ने जानकारी दी कि तमाड़ (58) से 18, रांची (63) से 18, हटिया (64) से 27, कांके (65) से 13 और मांडर (66) से 17 प्रत्याशी मैदान में हैं।



यानी पांच विधानसभा क्षेत्र में कुल 93 प्रत्याशी चुनावी जंग में हैं। जिन विधानसभा क्षेत्रों में 15 से अधिक उम्मीदवार हैं, वहां प्रति मतदान केंद्र दो बैलट यूनिट्स लगाई जाएंगी। तमाड़ में दो, रांची दो, हटिया दो, कांके एक और मांडर में दो बैलेट यूनिट लगाई जाएंगी। नाम वापसी में तमाड से एक, रांची विधानसभा सीट से मुनचुन राय सहित चार आवेदनकर्ताओं ने नाम वापस ले लिया।

हटिया से एक और कांके से एक प्रत्याशी ने अपना नाम वापस लिया। इसके बाद चुनाव चिह्न का आवंटन कर दिया गया है। चुनाव के दौरान ईवीएम/वीवीपैट मशीनों, मतदान कर्मियों को दिए जाने वाली सामग्री, वाहन एवं अन्य जरूरी उपकरणों का डिस्पैच बिरसा मुंडा फुटबाल स्टेडियम और मोरहाबादी मैदान से किया जाएगा। सभी मतदान दलों को निर्देश दिया गया है कि वे चुनाव दिवस से एक दिन पहले ही अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्रों पर पहुंचें, ताकि समय पर सभी तैयारियां पूरी की जा सके।

मतदान प्रक्रिया के बाद कुल 2080 मतदान केंद्रों की पोल्ड ईवीएम कृषि उत्पादन बाजार समिति, पंडरा स्थित बज्र गृह में सुरक्षित रखी जाएंगी। इसके अतिरिक्त सुरक्षा कारणों से 27 मतदान केंद्रों की ईवीएम को अगले दिन पूर्वाह्न तक बज्र गृह में रखा जाएगा। सभी निर्वाची पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों के प्रत्याशियों और उनके चुनाव चिन्हों की जानकारी भी सार्वजनिक करेंगे।

# दीपावली के बाद झारखंड में लगेगा दिग्गज नेताओं का जमावड़ा

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी बिसात बिछ चुकी है. पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को विधानसभा की 43 सीटों पर होना है. वहीं दूसरी चरण का मतदान 20 नवंबर को विधानसभा की 38 सीटों पर होना है. नामांकन वापसी के बाद एनडीए और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मैदान में उतर चुके हैं. दीपावली के बाद झारखंड में स्टार प्रचारकों का जमावड़ा लगेगा. भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह प्रचार अभियान की कमान संभालेंगे.

इसको लेकर कार्यक्रम भी तय कर लिया गया है. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दो अक्तूबर को रांची पहुंचेंगे. रात्रि विश्राम के बाद तीन अक्तूबर को तीन चुनावी सभा को संबोधित करेंगे. अमित शाह घाटशिला, सिमरिया व बरकट्ठा में चुनावी सभा कर प्रत्याशियों के पक्ष में वोट मांगेंगे. वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार नवंबर को झारखंड आयेंगे. वह चाईबासा व गढ़वा में चुनावी सभा करेंगे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बोकारो व रांची में भी चुनावी सभा प्रस्तावित है. हालांकि अभी इसकी तिथि तय नहीं हुई है. इसको ध्यान में रख कर पार्टी के स्टार प्रचारकों का कार्यक्रम तय किया जा रहा है.

इनके साथ बीजेपी के स्थानीय नेताओं का भी कार्यक्रम तय किया जा रहा है. इधर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपल दीवाली के दूसरे दिन रांची पहुंच सकते हैं. वह पार्टी नेताओं के साथ चुनावी तैयारी की समीक्षा करेंगे. श्री वेणुगोपाल का दूसरे जिले में कार्यक्रम पार्टी तैयार कर रही है. प्रदेश कांग्रेस की ओर से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस के आला नेता राहुल गांधी का भी कार्यक्रम तय किया जा रहा है.

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह व जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष व सांसद संजय झा, प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो दो नवंबर को जदयू प्रत्याशी राजा पीटर व सरयू राय के समर्थन में तमाड़ व जमशेदपुर पश्चिमी में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे.



# 5 साल में दोगुनी हो गई हेमंत सोरेन की भाभी की संपत्ति, रखती हैं हथियार और गाड़ियों का शौक

**जामताड़ा, एजेंसी।** जामताड़ा विधानसभा सीट से भाजपा की प्रत्याशी सीता मुर्मू सोरेन की चल-अचल संपत्ति पांच साल में दोगुनी हो गई। पिछले चुनाव 2019 में उनकी चल-अचल संपत्ति 4.18 करोड़ रुपये थी। इस बार के शपथ पत्र में 8.53 करोड़ बताई गई।

इस बार रांची के हरमू स्थित आवास की कीमत 25.90 लाख रुपये अलग से दिखाया गया है। उनके खाते में राशि में कोई बदलाव नहीं हुआ है। साढ़े आठ लाख रुपये हैं। वाहनों की संख्या बढ़ी है। वर्ष 2022 में स्कोडा चारपहिया वाहन खरीदा गया है। इससे पहले उनके पास छह वाहन थे। इसमें पांच हाइवा था। उन पर छह आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। अभूषण में 10 ग्राम सोना है। इसमें कोई बदलाव नहीं है। तीन आर्म्स हैं। इसमें एक रायफल, दुर्गा सोरेन के नाम पर 32 बोर का पिस्टल व इटालियन पिस्टल 32 बोर का है। उनकी कुल चल संपत्ति 3.26 करोड़ है। जो पिछली बार 1.59 करोड़ रुपये था।



वहीं, उनकी अचल संपत्ति इस बार 5.26 करोड़ रुपये है। वहीं, पिछली बार 2.59 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति थी। इसमें दिल्ली में आवासीय भवन है। उसके मूल्य में इजाफा हुआ है।पिछली बार में चास में तीन जगहों पर जमीन का जिक्र था। इस बार जमीन में निवेश किया गया है। ऋण भी चार है। इसकी राशि पांच लाख से अधिक है।नाला विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी जोयंतो बनर्जी की संपत्ति भाजपा प्रत्याशी से अधिक है। उनकी पत्नी व ये दोनों करोड़पति हैं। पिछली बार की तुलना में दोनों की संपत्ति में दोगुनी वृद्धि हुई है।जोयंतो की चल संपत्ति पिछली बार 13.21 लाख थी जो इस बार 31.29 लाख है। वहीं उनकी पत्नी की संपत्ति पिछली बार 48.38 लाख रुपये थी जो बढ़कर 93.82 लाख रुपये हो गई है।नाला से निर्दलीय प्रत्याशी सत्यानंद झा बाटुल की संपत्ति में भी वृद्धि हुई है। पिछली बार चल संपत्ति 15.03 लाख रुपये थी, जो इसबार बढ़कर 15.10 लाख रुपये हो गई है। उनकी आय कर स्रोत केवल पेंशन है। 70 हजार रुपये पेंशन मिलती है।

## 'पूरे परिवार पर है नजर, पांच करोड़ दो नहीं तो कर देंगे मर्डर' धमकी के बाद दहशत में बिल्डर

**रांची, एजेंसी।** रांची-रातू थाना क्षेत्र के संडे मार्केट निवासी बिल्डर भीम प्रसाद से श्रीवास्तव गिरोह के नाम पर पांच करोड़ की रंगदारी मांगी गयी है. रंगदारी नहीं देने पर परिवार सहित हत्या की धमकी दी गयी है. घटना को लेकर बिल्डर ने रातू थाने में एक मोबाइल नंबर धारक अपराधी के खिलाफ केस दर्ज कराया है. पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है.

बिल्डर भीम प्रसाद ने पुलिस को बताया है कि वे बीपीसी इंफ्रा प्रोजेक्टस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं. उनका कार्यालय रांची के रातू रोड स्थित एक मॉल में है. बुधवार की दोपहर करीब 12.37 बजे उनके मोबाइल पर एक कॉल आया. कॉल करनेवाले ने अपने आपको श्रीवास्तव गिरोह का अमरेंद्र तिवारी बताते हुए पांच करोड़ रंगदारी देने की मांग की. रंगदारी नहीं देने पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी. बिल्डर के अनुसार, जब उन्होंने पैसा देने में असमर्थता जतायी, तब फोन करनेवाले ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी दी और कहा कि आपके बारे में मुझे सब पता है.

धमकी देनेवाले शख्स ने बिल्डर से कहा कि आपका सिमडेगा में करोड़ों का काम चल रहा है. अन्य जिलों में भी काम चल रहा है. ओडिशा में भी मंदिर का निर्माण करा रहे हो. जब बिल्डर ने इस बात से इनकार किया, तब उसने गाली-गलौज करते हुए कहा कि तुम्हारे पूरे परिवार पर नजर है. तुम्हारा बेटा गाड़ी से कब आता-जाता है. परिवार के लोग कहां रहते हैं, क्या करते हैं. सब पता है. तुम्हारे तीन पुत्र हैं. एक पुत्र बाहर पढ़ता है ओर दो पुत्र तुम्हारे ऑफिस में काम करते हैं. इस घटना के बाद से बिल्डर और उनके परिवार के सदस्य डरे हुए हैं.

## सुभाषितम्

युवावस्था आवेशमय होती है, वह प्रोध से आग हो जाती है तो करुणा से पानी भी।

- प्रेमचंद

## भारतीय नीति की छाया का पीछा करता पाकिस्तान

**यह तो सही है कि पाकिस्तान** और हिंदुस्तान भौगोलिक तौर पर ही नहीं बल्कि अचार-विचार, खान-पान और रहन-सहन के लिहाज से भी एक-दूसरे से जुड़ते हैं। बस फर्क जो है वो यह कि पाकिस्तान नफरतों के धरातल पर खड़ा हुआ, जबकि भारत अहिंसा के साथ ही शांति-सद्भाव, प्रेम, सहिष्णुता, भाईचारा और विश्वबंन्धुत्व के सिद्धांतों पर बना है। यहां सदा से ही लोकतंत्र के वृक्ष को सींचा गया, जबकि पाकिस्तान में समय-समय पर सेना ने इसे बूटों के तले कुचलने से भी परहेज नहीं किया। नतीजा यह हुआ कि पाकिस्तान में आतंकवादियों का पालन-पोषण आसानी से होता रहा, जबकि आतंकवाद के खिलाफ हिन्दुस्तान लगातार संघर्ष करता रहा है। बावजूद इसके अब ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पाकिस्तान भारतीय आत्मनिर्भरता की नीति की छाया का पीछा कर रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि पाकिस्तान ने हाल ही में थाईलैंड के साथ एक महत्वपूर्ण आर्म्स डील की है, जिसमें बख्तरबंद वाहनों की आपूर्ति भी शामिल है। यह सौदा पाकिस्तान की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने का एक प्रयास है। अब चूंकि भारत आजादी के बाद से ही आत्मनिर्भरता की नीति को अपनाए हुए है और जब से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं तब से उन्होंने रक्षा क्षेत्र को सशक्त करने के लिए कई अहम फैसले लिए और सार्थक कदम भी बढ़ाए हैं। ऐसे ही फैसलों में जहां विदेशी हथियारों की खरीद है तो वहीं स्वदेशी हथियारों के निर्माण की क्षमता को बढ़ाने के सफल कदम भी शामिल है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की सेना ने थाईलैंड की डिफेंस इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड के साथ इस डील पर हस्ताक्षर किए हैं। यहां बताते चलें कि यह डील 18 सितंबर को इस्लामाबाद में हुई थी, जिसे गोपनीय रखा गया, जिससे इसकी जानकारी बहुत ही कम लोगों को मिली थी। अब बताया जा रहा है कि इस समझौते के तहत, टीडीआई बख्तरबंद वाहनों की आपूर्ति पाकिस्तान की रक्षा कंपनी हैवी इंडस्ट्रीज टैक्सिला को करेगी। टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के प्रावधान ने इस डील को और महत्वपूर्ण बना दिया है, जिससे एचआईटी को आधुनिक बख्तरबंद वाहनों का उत्पादन करने में मदद भी मिलेगी। मौजूदा वक्त में दुनिया के जिस तरह के हालात बन गए हैं, उसमें पाकिस्तान का यह कदम बहुत मायने रखता है। इस नई डील के साथ, पाकिस्तान अपने रक्षा उद्योग को और मजबूत करने की कोशिश कर रहा है, जिससे रक्षा क्षेत्र में उसे महत्वपूर्ण शक्ति बनने की दिशा में बेहतर कदम साबित हो सकता है। दूसरी तरफ पाकिस्तान का यह कदम भारत के लिए चेतावनी भी हो सकती है। दरअसल हाल के वर्षों में, पाकिस्तान ने अपने रक्षा उद्योग को बढ़ाने के लिए अनेक देशों के साथ सहयोग बढ़ाया है, जिससे उसकी सैन्य क्षमताएं और भी विकसित हो रही हैं। पाकिस्तान की इस आर्म्स डील के संदर्भ में, यह स्पष्ट हो गया है कि दक्षिण एशिया में सुरक्षा का माहौल और अधिक प्रतिस्पर्धात्मक होता जा रहा है। यह डील न केवल पाकिस्तान के लिए एक नई दिशा प्रदान करती है। पाकिस्तान की इस डील से चिंता की बात इसलिए नहीं है, क्योंकि भारत ने पिछले चार दशकों में अपने रक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए कई पहल किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप भारत आयातक से आगे बढ़ा है और अब भारत का रक्षा निर्यात कई गुना बढ़ गया है। इस प्रकार भारत ने आत्मनिर्भरता की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए हैं, जिसकी देखा-देखी पाकिस्तान भी इस राह पर चलने का प्रयास करता नजर आ रहा है। कहना गलत नहीं होगा कि भारत की वैश्विक रक्षा क्षमताएं काफी मजबूत हुई हैं। इसके विपरीत, पाकिस्तान अपनी सुरक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए थाईलैंड जैसे देशों के साथ समझौतों की ओर बढ़ रहा है। इस प्रतियोगिता बढ़ेगी और संतुलन बनाने के लिए आत्मनिर्भरता नीति को और ज्यादा प्रभावी बनाने पर कार्य भी करना होगा। भारत को अपने रक्षा क्षेत्र में सुधार करने की आवश्यकता पहले भी थी और अब कुछ ज्यादा हो गई है। सीमाओं की रक्षा के लिए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना और दक्षिण एशियाई क्षेत्र में शांति व स्थिरता बनाए रखने के लिए भी यह जरुरी हो गया है।

## चिंतन-मनन

### विश्वास की ताकत

**एक अंग्रेज अफसर अपनी** नवविवाहिता पत्नी के साथ जहाज में सवार होकर सफर पर निकला। रास्ते में समुद्र में जोर का तूफान आया। मुसाफिर घबरा उठे। पर वह अंग्रेज अफसर जरा भी नहीं घबराया। उसकी पत्नी भी व्याकुल हो गई थी। उसने अपने पति से पूछा-इतना खतरनाक तूफान आया है। सबकी हालत खराब है। पर आप इतना निश्चिंत कैसे बैठे हैं?

यह सुनते ही उस अफसर ने म्यान से तलवार निकाली और पत्नी के सिर पर रखकर पूछा- क्या तुम्हें डर लग रहा है? पत्नी बोली-मेरी बात का जवाब न देकर आप यह क्या खेल कर रहे हैं? अफसर ने फिर पूछा-बताओ, तुम्हें डर लग रहा है या नहीं? पत्नी ने कहा- मुझे भला क्यों डर लगेगा? मुझे पता है आप मेरी जान नहीं लेंगे क्योंकि आप मेरे दुश्मन नहीं हैं। आप तो मुझे अपनी जान से ज्यादा चाहते हैं। फिर मैं क्यों डरूं?

इस पर अफसर ने कहा-बिल्कुल सही। जिस तरह तुम्हें मुझ पर भरोसा है उसी तरह मुझे ईश्वर पर भरोसा है। वह हम सब का अभिभावक है। वह हमारा बुरा क्यों चाहेगा? वह तो हमारे पिता के समान है। वह हर संकट में हमारी सहायता ही करेगा। इसलिए तूफान आया है तो वह चला भी जाएगा। जीवन में विश्वास सबसे बड़ी चीज है। इससे हमें बड़ी ताकत मिलती है। हम इसी ताकत के सहारे जीते हैं। इसलिए हमें किसी न किसी के प्रति विश्वास तो रखना ही होगा। वही लोग घबराते हैं या अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाते हैं जिनमें विश्वास की कमी होती है। संयोग से उसी समय तूफान थम गया।

# गोवर्धन के दिन होती है गौ धन की पूजा

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**गोवर्धन पूजा में गोधन यानी** गायों की पूजा की जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि गाय उसी प्रकार पवित्र होती जैसे नदियों में गंगा। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती हैं उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती हैं। इनका बछड़ा खेतों में हल जोतकर अनाज उगाता है। इस तरह गौ सम्पूर्ण मानव जाती के लिए पूजनीय और आदरणीय है। गौ के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए ही कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन गोर्वधन की पूजा की जाती है और इसके प्रतीक के रूप में गाय की। दीपावली के दूसरे दिन सायंकाल गोवर्धन पूजा का विशेष आयोजन होता है। इस दिन प्रातः गाय के गोबर से लेटे हुए पुरुष के रूप में गोवर्धन बनाया जाता है। अनेक स्थानों पर इसके मनुष्याकार बनाकर पुष्पों, लताओं आदि से सजाया जाता है। इनकी नाभि के स्थान पर एक कटोरी या मिट्टी का दीपक रख दिया जाता है। फिर इसमें दूध, दही, गंगाजल, शहद, बताशे आदि पूजा करते समय डाल दिए जाते हैं और बाद में इसे प्रसाद के रूप में बांट देते हैं। शाम को गोवर्धन की पूजा की जाती है। पूजा में धूप, दीप, नैवेद्य, जल, फल, फूल, खील, बताशे आदि का प्रयोग किया जाता है। पूजा के बाद गोवर्धनजी की जय बोलते हुए उनकी सात परिक्रमाएं लगाई जाती हैं। परिक्रमा के समय एक व्यक्ति हाथ में जल का लोटा व अन्य जौ लेकर चलते हैं। जल के लोटे वाला व्यक्ति पानी की धारा गिराता हुआ तथा अन्य जौ बोते हुए परिक्रमा पूरी करते हैं। गोवर्धन पूजा हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। लोग इसे अन्नकूट के नाम से भी जानते हैं। इस पर्व की अपनी मान्यता और लोककथा है। इस त्यौहार का भारतीय लोकजीवन में काफी महत्व है। इस पर्व में प्रकृति के साथ मानव का सीधा सम्बन्ध दिखाई देता है। भगवान श्रीकृष्ण ने आज ही के दिन इन्द्र का मानमर्दन कर गिरिराज पूजन किया था। कबीर दास जी कहते है:

**कबीर गोवर्धन कृष्ण जी उठाया, द्रोणागिरि हनुमंत। शेष नाग सब सृष्टी उठाई, इनमें को भगवंत।।**

इस दिन मन्दिरों में अन्नकूट किया जाता है। अन्नकूट एक प्रकार से सामूहिक भोज का आयोजन है जिसमें पूरा परिवार एक जगह बनाई गई रसोई से भोजन करता है। इस दिन चावल, बाजरा, कढ़ी, साबुत मूंग सभी सब्जियां एक जगह मिलाकर बनाई जाती हैं। मंदिरों में भी अन्नकूट बनाकर प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। सायंकाल गोबर के गोवर्धन बनाकर पूजा की जाती है। अन्नकूट में चंद्र-दर्शन अशुभ माना जाता है। यदि प्रतिपदा में द्वितीया हो तो अन्नकूट



अमावस्या को मनाया जाता है। इस दिन सन्ध्या के समय दैत्यराज बलि का पूजन भी किया जाता है। गोवर्धन गिरि भगवान के रूप में माने जाते हैं और इस दिन उनकी पूजा अपने घर में करने से धन, धान्य, संतान और गोरस की वृद्धि होती है। आज का दिन तीन उत्सवों का संगम होता है। इस दिन दस्तकार और कल-कारखानों में कार्य करने वाले कारीगर भगवान विश्वकर्मा की पूजा भी करते हैं। इस दिन सभी कल-कारखाने तो पूर्णतः बंद रहते हैं। घर पर कुटीर उद्योग चलाने वाले कारीगर भी काम नहीं करते। भगवान विश्वकर्मा और मशीनों का दोपहर के समय पूजन किया जाता है।वेदों में इस दिन वरुण, इन्द्र, अग्नि आदि देवताओं की पूजा का विधान है। इसी दिन बलि पूजा, गोवर्धन पूजा होती हैं। इस दिन गाय-बैल आदि पशुओं को स्नान कराकर, फूल माला, धूप, चंदन आदि से उनका पूजन किया जाता है। गायों को मिठाई खिलाकर उनकी आरती उतारी जाती है। यह ब्रजवासियों का मुख्य त्योहार है। अन्नकूट या गोवर्धन पूजा भगवान कृष्ण के अवतार के बाद द्वापर युग से प्रारम्भ हुई। उस समय लोग इन्द्र भगवान की पूजा करते थे तथा छप्पन प्रकार के भोजन बनाकर तरह-तरह के पकवान व मिठाइयों का भोग लगाया जाता था। महाराष्ट्र में यह दिन बालि प्रतिपदा या बालि पड़वा के रूप में मनाया जाता है। भगवान विष्णु के एक अवतार वामन की राजा बलि पर विजय और बाद में राजा बलि को पाताल लोक भेजने के कारण इस दिन उनका पुण्य स्मरण किया जाता है। माना जाता है कि भगवान वामन द्वारा दिए गए वरदान के कारण असुर राजा बलि इस दिन पातल लोक से पृथ्वी लोक आता है। अधिकतर गोवर्धन पूजा का दिन गुजराती नव वर्ष के दिन के साथ मिल जाता है जो कि कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष के दौरान मनाया जाता है। गोवर्धन पूजा उत्सव गुजराती नव वर्ष के एक दिन पहले मनाया जा सकता है और यह प्रतिपदा तिथि के प्रारम्भ होने के समय पर निर्भर करता है।

गोवर्धन पूजा के सम्बन्ध में एक लोकगाथा प्रचलित है कि देवराज इन्द्र का अभिमान चूर करने हेतु भगवान श्री कृष्ण ने एक लीला रची। एक दिन उन्होंने देखा के सभी बृजवासी उत्तम पकवान बना रहे हैं और किसी पूजा की तैयारी में जुटे। श्री कृष्ण ने यशोदा मैया से प्रश्न किया कि आप लोग किन की पूजा की तैयारी कर रहे हैं । कृष्ण की बातें सुनकर यशोदा मैया बोली हम देवराज इन्द्र की पूजा के लिए अन्नकूट की तैयारी कर रहे हैं। मैया के ऐसा कहने पर श्री कृष्ण बोले मैया हम इन्द्र की पूजा क्यों करते हैं? यशोदा ने कहा वह वर्षा करते हैं जिससे अन्न की पैदावार होती है। उनसे हमारी गायों को चारा मिलता है। भगवान श्री कृष्ण बोले हमें तो गोर्वधन पर्वत की पूजा करनी चाहिए क्योंकि हमारी गाये तो वहीं चरती हैं। इस दृष्टि से गोर्वधन पर्वत ही पूजनीय है और इन्द्र तो कभी दर्शन भी नहीं देते व पूजा न करने पर क्रोधित भी होते हैं। अतः ऐसे अहंकारी की पूजा नहीं करनी चाहिए। श्री कृष्ण के कहने पर सभी ने इन्द्र के बदले गोवर्घन पर्वत की पूजा की। देवराज इन्द्र ने इसे अपना अपमान समझा और मूसलाधार वर्षा शुरू कर दी। तब श्री कृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर पूरा गोवर्घन पर्वत उठा लिया और सभी बृजवासियों को उसमें अपने गाय और बछड़े समेत शरण लेने के लिए बुलाया। इन्द्र कृष्ण की यह लीला देखकर और क्रोधित हुए फलतः वर्षा और तेज हो गयी। इन्द्र का मान मर्दन के लिए तब श्री कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से कहा कि आप पर्वत के ऊपर रहकर वर्षा की गति को नियत्रित करें और शेषनाग से कहा आप मेड़ बनाकर पानी को पर्वत की ओर आने से रोकें। इन्द्र लगातार सात दिन तक मूसलाधार वर्षा करते रहे तब उन्हे एहसास हुआ कि उनका मुकाबला करने वाला कोई आम मनुष्य नहीं हो सकता। अतः वे ब्रह्मा जी के पास पहुंचे और सब वृतान्त कह सुनाया। ब्रह्मा जी ने इन्द्र से कहा कि आप जिस कृष्ण की बात कर रहे हैं वह भगवान विष्णु के साक्षात अंश हैं। ब्रह्मा जी के मुख से यह सुनकर इन्द्र अत्यंत लज्जित हुए और श्री कृष्ण से कहा कि प्रभु मैं आपको पहचान न सका। इसलिए अहंकारवश भूल कर बैठा। आप दयालु हैं और कृपालु भी इसलिए मेरी भूल क्षमा करें। इसके पश्चात देवराज इन्द्र ने श्री कृष्ण की पूजा कर उन्हें भोग लगाया।

सातवें दिन श्रीकृष्ण ने गोवर्धन को नीचे रखा और ब्रजवासियों से कहा अब तुम प्रतिवर्ष गोवर्धन पूजा कर अन्नकूट का पर्व मनाया करो। तभी से यह पर्व अन्नकूट के नाम से मनाया जाने लगा।

# बंटेंगे तो कटेंगे कोई नारा नहीं, सच्चाई है

**ललित गर्ग**

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के** सरकार्यवाह एवं महासचिव श्री दत्तात्रेय होसबोले ने हिंदू समुदाय को जाति और विचारधारा के आधार पर विभाजित करने के प्रयासों के खिलाफ लोगों को आगाह करते हुए समाज और लोक कल्याण के लिए हिंदू एकता के महत्व पर भी जोर दिया है। अपने को बचाये रखने एवं दूसरों के मंगल के लिये हिन्दू एकता वर्तमान की बड़ी अपेक्षा है, इसलिये उन्होंने अपना विस्तृत दृष्टिकोण पेश करते हुए न केवल हिन्दू शब्द का विरोध करने वालों पर करारा प्रहार किया है, बल्कि देश में अराजकता का माहौल पैदा करने वाले मुस्लिम संगठनों पर भी सीधी चोट की है। विशेषतः नफरती एवं विघटनकारी सोच के लिये राहुल गांधी पर भी कड़ा प्रहार किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बंटोगे तो कटोगे बयान का समर्थन करते हुए कहा कि वर्तमान हालात में हिन्दू एकता बनाए रखना आवश्यक है, क्योंकि कई जगहों पर धर्मांतरण की घटनाएं हो रही हैं। गणेश पूजा और दुर्गा पूजा के दौरान कुछ स्थानों पर हिन्दुओं पर हमले हुए हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर तरह-तरह के अत्याचार हो रहे हैं। हिन्दुओं पर लगातार हो रहे हमलों एवं उन्हें विभाजित किये जाने की साजिशों को नियंत्रित करने के लिये हिन्दू को संगठित होना ही चाहिए। दत्तात्रेय ने जहां हिन्दुओं को जगाया वहीं राजनीतिक दलों की नींद उड़ा दी, विपक्ष विशेषतः कांग्रेस की हिन्दू विरोधी सोच का पदार्पाश किया। श्री होसबोले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में हिन्दू समाज को जाति, भाषा एवं प्रांत के भेद में बांटने के विपक्षी दलों के प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि हम बंटेंगे तो निश्चित रूप से कटेंगे, इसलिये हिन्दू समाज में एकता आवश्यक है। उन्होंने इसे जीवन मंत्र जैसा बताया। दिया। उन्होंने देश के सामने कुछ ऐसी बड़ी चुनौतियों को भी रेखांकित किया, जिसे लेकर राजनीतिक दलों एवं साम्प्रदायिक संगठनों की भृकुटि कुछ तन गई है। मथुरा स्थित गऊ ग्राम परखम के दीनदयाल उपाध्याय गौ विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र में आयोजित 25 और 26 अक्टूबर 2024 की इस बैठक में संघ के सभी 46 प्रांतों के प्रांत एवं सह प्रांत संघचालक, कार्यवाह तथा प्रचारकों ने हिस्सा लिया। योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान एक रैली में हिंदुओं को जातियों में बांटने की विपक्षी दलों की रणनीति के प्रति आगाह करते हुए कहा था कि विपक्ष चाहता है कि मुसलमान एकजुट होकर ताकतवर और हिंदू जातियों में विभाजित होकर कमजोर बने रहें। योगी आदित्यनाथ ने पड़ोसी देश में मुसलमानों के हाथों बेगुनाह हिंदुओं के मारे जाने का हवाला देकर कहा था कि बंटेंगे तो कटेंगे। इस बयान की विपक्ष ने कड़ी आलोचना की, हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने अलग-अलग तरह से इस संदेश को आगे बढ़ाया है। इसी कड़ी में सरकार्यवाह होसबाले हिन्दू एकता एवं संगठन की आवश्यकता व्यक्त की।

सरकार्यवाह होसबोले एक सक्रिय, साहसी, चिन्तनशील, राष्ट्रयोद्धा, समाजसुधारक और बदलाव लाने वाले संघ नेता हैं। वे देशहित में अच्छी रचनात्मक एवं सृजनात्मक बातें करते हैं, बदलाव चाहते हैं, राष्ट्र को तोड़ना नहीं जोड़ना चाहते हैं, अच्छी बात यह भी है कि संघ एक जागरूक संगठन है और हर समस्या पर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। हर व्यक्ति के दिमाग में एक समस्या है और हर व्यक्ति के दिमाग में एक समाधान है। एक समस्या को सब अपनी समस्या समझे और एक का समाधान सबके काम आए। समाधान के अभाव में बढ़ती हुई समस्या संक्रामक बीमारी का रूप न ले सके, इस दृष्टि से आज का समाधान आज प्रस्तुत करने के लिए आरएसएस निरन्तर जागरूक रहता है। इसीलिये हिन्दू एकता के लिये व्यापक प्रयत्नों की अपेक्षा है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोगों की परेशानियों को लेकर भारत सरकार ने कदम उठाए हैं। दुनिया में कहीं भी किसी भी हिंदू को अगर कोई परेशानी होती है तो वह मदद के लिए भारत की तरफ ही देखता है। देश एवं दुनिया में हिन्दुओं से जुड़ी परेशानियों एवं समाधान की दृष्टि से एक सशक्त वातावरण बनना अपेक्षित है। होसबाले ने ऐसी ही जटिल होती समस्याओं में लव जिहाद का मुद्दा भी उठाया और कहा कि लव जिहाद से समाज में समस्या हो रही है। उन्होंने कहा, लड़कियों को लव जिहाद के प्रति जागरूक करें। हमारे समाज की बहन-बेटियों को बचाना हमारा काम है। उन्होंने दावा किया कि केरल में 200 लड़कियों को लव जिहाद से बचाया गया है। ध्यान रहे कि अभी राजधानी दिल्ली के नांगलोई इलाके में मुस्लिम लड़के सलीम ने खुद को संजू बताकर हिंदू लड़की सोनिया को प्यार के जाल में फंसाया। सलीम ने सोनिया के साथ शारीरिक संबंध बनाए और उसे गर्भवती कर दिया। सोनिया ने जब शादी दबाव बनाया तो सलीम ने दो दोस्तों के साथ उसकी हत्या कर दी और शव को हरियाणा में अपने ननिहाल के गांव में एक खेत में गाड़ दिया। निश्चित रूप से बंटेंगे तो कटेंगे कोई नारा नहीं बल्कि सदियों की सच्चाई है। जब-जब हिन्दू कमजोर हुआ है, तब तब उस पर अत्याचार बढ़े हैं, उनका सफाया कर दिया गया है। कश्मीर में हिंदुओं ने ताकत नहीं दिखाई तो उनका नरसंहार हुआ। लाहौर की 75 प्रतिशत आबादी हिंदुओं और सिखों की थी, कराची में हिंदू, सिंधी और हिंदू पंजाबी जनसंख्या के दो तिहाई थे, काबुल में 1950 तक एक तिहाई हिंदू-सिख थे, रंगून में एक तिहाई आबादी हिंदुओं की थी, सभी जगहों पर आज हिंदुओं-सिखों का सफाया हो गया। इसीलिये सरकार्यवाह होसबोले की दृष्टि में बंटने के प्रति सचेत करने का मतलब अनेकता में एकता का मंत्र है। हम जाति, वर्ग में भले अनेक हों, लेकिन इस आधार पर हम बंटे नहीं बल्कि एकजुट रहें। बांग्लादेश के संदर्भ में भारत सरकार ने वहां हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है। संघ ने उस समय भी कहा था कि हिंदू समुदाय को वहीं रहना चाहिए और पलायन नहीं करना चाहिए। संघ की नजरों में धर्मांतरण और हिन्दुओं को विभाजित करने से हिन्दू जनसंख्या का संतुलन बिगड़ा है और वे अल्पसंख्यक होते गये हैं। इस मायने में होसबोले का उद्बोधन कोई स्वप्न नहीं, जो कभी पूरा नहीं होता। यह तो हिन्दुओं को सशक्त एवं विकसित बनाने के लिए ताजी हवा की खिड़की है। यह सामाजिक समरसता का भी जीवनमंत्र है। संघ इस संवाद को कायम रखेगा क्योंकि समाज को तोड़ने के लिए बहुत सी कोशिशें हो रही हैं, विपक्षी दल अपने राजनीतिक हितों के लिये हिन्दू समुदाय को तोड़ने एवं विभाजित करने के लिये तरह-तरह के षडयंत्र कर रहे हैं।

## मिलावटखोरों को फांसी की सजा से रुकेगी मिलावटखोरी

**नरेंद्र भारती**

**आजकल त्योहारों का सीजन** जोरों पर है' मुनाफा कमाने के चक्कर में मिलावटखोर बेखौफ होकर नकली मिठाई बेच रहे हैं प्रशासन मिलावट करने वालो पर शिकंजा कस रहा है 'देश में नकली व मिलावटी मिठाईया बिक रही हैं और लाखों क्विंटल मिठाईयां बन रही है और बाजारों में पहुंच रही हैं' मिठाईयों की गुणवत्ता परखी जा रही है और बड़े पैमाने पर मिलावट भरी मिठाईयां जब्त की जा रही हैं 'मिलावटखोरो कुछ तो रहम कीजिये मानव के स्वास्थय से खिलवाड़ मत कीजिये 'त्यौहारी सीजन दिवाली, भैया दूज, धनतेरस में मिलावटखोर मुनाफा कमाने के चक्कर में घटिया किस्म की मिठाईयां बेचने से बाज नहीं आ रहे हैं ' पंजाब, दिल्ली, हिमाचल, में नकली मिठाई पकड़ी जा रही है 'प्रतिदिन प्रशासन छापेमारी कर रहा है और मिलावट करने वालों पर शिकंजा कसा रहा है लेकिन यह मिलावट करने वाले सुधर नहीं रहे हैं ' प्रतिदिन लोग पकड़े जा रहे हैं और नकली उत्पादों सें बनी नकली मिठाई नस्ट की जा रही है ' मिठाईयों में कॉकरोच मिल रहे हैं तो कहीं और जीव जंतु मिल रहे हैं ' मिठाईयों में रंग मिलाया जा रहा है ' ऐसी जहर बनाने वाले उद्योगों पर कार्रवाई करनी चाहिए इनके लाइसेंस रद्द करने चाहिए ' देश में जहरयुक्त मिठाई बेचीं जा रही है ' कैसी विडंबना है की मिलावट करने वाले किसी की जान लेने से भी नहीं डरते हैं और खुलेआम उल्लंघ्न कर रहे हैं ' त्यौहारी सीजन में नकली दूध, पनीर, मावा से मिठाईयां बनाई जा रही हैं ' मिलावट का यह धंधा खूब फ्लफुल रहा है 'खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 में सजा व जुमार्ना दोनों का प्रावधान है ' वही आई पी सी की धारा 272 एवं 273 के अंतर्गत पुलिस प्रशासन को सीधे कार्रवाई की छूट है' नकली दूध बेचा जा रहा है जिससे लाईलाज बीमारिया हो रही हैं लोग कैंसर से ग्रस्त हो रहे हैं' मिलावट करने वाले चंद चांदी के सिक्कों के लिए यमराज बन गए हैं' प्रतिवर्ष पता नहीं कितने लोग इन मिलावटखोरों की वजह से मारे जा रहे हैं' ऐसे लोगों को सजा ए मौत देनी चाहिए जो लालच में मौत बाँट रहे हैं' नकली दूध से नवजात बच्चे बीमार हो रहे हैं और मारे जा रहे हैं' आखिर इंसान किस ओर जा रहा है जो इंसानों की जान ले रहा है ' ऐसे लोगों को फांसी की सजा देनी चाहिए ताकि फिर कोई ऐसा जुर्म न कर सके' प्रशासन अगर सक्रिय रहे तो लोगो की जान बच सके' यह बहुत ही घिनौना जुर्म है' ऐसे लोगों को हवालातों में डाला जाये और उम्रकेद की सजा दी जाये' काल कोठरी में डाला जाये ताकि तिल तिल मर सके और मौत की भीख मांगे और ताउम्र अपने कर्मो को भुगत सके' खाद्य विभाग को जागरूकता शिविर लगाने चाहिए तथा समाज के लोगों को इन मिलावट करने वालों की मिठाई का बहिस्कार करना चाहिए 'यह देश हित में है ' देश में हर वर्ष लाखों क्विटंल मिलावटी मिठाई पकड़ी जाती है जिसे खाद्य विभाग के अधिकारी नस्ट कर देते हैं। मिलावट के मुख्य सरगनाओं को सार्वजनिक स्थानो पर सजा देनी चाहिए खाद्य मंत्रालय को अपना अभियान पूरा वर्ष जारी रखना चाहिए ताकि इन पर शिकंजा कसा रहे और मिलावट का यह काला धंधा पूरी तरह खत्म हो सके।ताकि गैर कानूनी कारोबार करने वाले लोग बेनकाब हो सकें।खाद्य विभाग की सक्रियता से इन मिलावटखोर माफिया के लोगों को पकडना होगा तभी इस पर पूर्ण रोक लग सकती हैं। समाज के लोगों को भी इस अभियान में सहयोग करना होगा ताकि इन मिलावट के माफियों का साम्राज्य खत्म किया जा सके ।

## आज का राशिफल

**मेष** आज दिन लाभ से भरा होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी और दिन लाभ से भरा होगा।

**तुला** करियर में सफलता प्राप्त होगी। अतीत के एक दौर की समाप्ति हो रही है।

**वृषभ** आज दिन आर्थिक मामलों में लाभ से भरा होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी।

**वृश्चिक** आज करियर के मामले में लाभ होगा और आप अलग छाप छोड़ने में सफल रहेंगे।

**मिथुन** आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपने पहले से जो उम्मीदें संजो रखी हैं वे पूरी होंगी।

**धनु** आज दिन सफलता से भरा होगा और आपको हर मामले में लुत्फ उठाने का मौका मिलेगा।

**कर्क** परिवार के प्रति आपका रवैया उदार रहेगा। आप युवा लोगों को प्रोत्साहित करने में सफल रहेंगे।

**मकर** आज आप बदलाव के एक महत्वपूर्ण मुहाने पर हैं। अत्यधिक भावुकता से बचें।

**सिंह** आपको संघर्ष करना पड़ेगा। यही नहीं, आप स्वयं को बोझिल भी महसूस करेंगे।

**कुंभ** अतीत और भविष्य की योजनाओं में न डूबकर आप वर्तमान में रहें और हर लम्हे का आनंद उठाएं।

**कन्या** आज लाभ होगा। नए अवसर सामने आएंगे। कामयाबी पाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

**मीन** लाभ होगा। व्यावसायिक और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े लोगों के साथ संपर्क स्थापित करें।

## राजकाज

### पिछले दरवाजे से मनुस्मृति लागू?

**भारतीय संविधान के** अस्तित्व को लेकर लगातार तरह-तरह की चचाएँ हो रही हैं। झारखंड के विधानसभा चुनाव का प्रचार करते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया। भारत में मनुस्मृति लागू करने की कोशिश की जा रही है। संविधान को खत्म किया जा रहा है। हालांकि जब से संविधान लागू हुआ है। तब से मनुस्मृति एक राजनीतिक स्टंट बन कर रह गया था। भारत में मनुस्मृति का सबसे ज्यादा विरोध मायावती ने किया है। तिलक तराजू और तलवार इनको मारो जूते चार का नारा मायावती ने दिया था। अब मायावती ने भी चुप्पी साध ली है। अदालतों ने जिस तरह से मानव अधिकारों और संवैधानिक अधिकारों के प्रति चुप्पी साध ली है। आंख खोलकर सरकार का समर्थन न्यायालयों द्वारा किया जा रहा है। संविधान अब लाइब्रेरी की किताबों के रूप में एक कोने में रखा हुआ है। सही मायने में मनुस्मृति पर्दे के पीछे लागू हो चुकी है। न्यायपालिका जिस संविधान की रक्षा करनी थी। उसने संविधान को लेकर अपनी आंखें बंद कर ली हैं। अब न्याय पालिका की देवी की आंखें सरकार को देख रही हैं।

### बुजुर्गों को 5 लाख का मुफ्त इलाज

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धन्वंतरि जयंती पर** 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को 500000 रुपये तक का मुफ्त इलाज की योजना की शुरूआत कर दी है। निश्चित रूप से इससे बुजुर्गों को इसका लाभ मिलेगा। परिवार के लोग भी उनकी सेवा कर पाएंगे। महंगा इलाज होने के कारण बुजुर्ग परिवार में उपेक्षित होते चले जा रहे थे। सरकार की इस योजना का लाभ वास्तविक रूप से यदि बुजुर्गों को मिला, तो इसका आशीर्वाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिलना तय है।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1483 बेंकिंघम के ड्यूक को मौत के घाट उतार दिए गए। 1534 सिख गुरू रामदास का जन्म। 1774 राबर्ट क्लाइव ने इंग्लैंड में आत्महत्या कर ली। 1847 ब्रिटिश सेना के अधिकारियों की हत्या के बाद दूसरा अफगान युद्ध शुरू हुआ। 1955 डेविड बेन गुरियन ने इजरायल में सरकार का गठन किया। 1956 हंगरी वारसा संधि से अलग हुआ। 1964 सऊदी अरब में शाह फैजूल गद्दी पर बैठे। 1988 श्रीलंका सरकार ने पूरे देश में रात्रिकालीन कर्फ्यू लागू किया था। 1990 अयोध्या में हुई गोलीबारी में 8 मरे। 1994 यूगोल्साव सेना ने क्रोएशिया पर नए सिरे से हमला किया। 1992 बास्केटबॉल के जाने माने खिलाड़ी मैजिक जानसन ने अवकाश ग्रहण करने की दोबारा घोषणा की। 1994 मिस्त्र में एक तेल टैंकर में हुए विस्फोट से चार सौ से अधिक लोग मारे गए। 2000 डीटीएच टेलीविजन सेवा को केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी ।

## दैनिक पंचांग

**2 नवम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 07.14 ब.से |
| चंद्र | तुला में | धनु | 09.30 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मकर | 11.35 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 13.21 बजे से |
| गुरु | वृष में | मीन | 14.54 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मेष | 16.25 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृष | 18.05 बजे से |
| राहु | मीन में | मिथुन | 20.03 बजे से |
| केतु | कन्या में | कर्क | 22.16 बजे से |
| राहुकाल | | सिंह | 00.32 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | कन्या | 02.44 बजे से |
| बजे तक | | तुला | 04.55 बजे से |

**शनिवार** 2024 वर्ष का 307 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** कार्तिक **पक्ष** शुक्ल **तिथि** प्रतिपदा 20.22 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** विशाखा 05.58 बजे प्रातः को समाप्त। **योग** आयुष्मान 11.18 बजे को समाप्त। **करण** किस्तुघ्न 07.22 बजे तदनन्तर बव 20.22 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 0.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 14° 50' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872151 **जूलियन दिन** 2460616.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 29 **विशेष** अन्नकूट, गोवर्धन पूजा, बलि प्रतिपदा।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



# ज्योतिष की भविष्यवाणी को आप किस रूप में लेते हैं

**कुछ लोगों के लिए ज्योतिष एक उलझा हुआ विषय है, जो ज्योतिष के रहस्यों को नहीं समझ पाते हैं, वे इसे अंधविश्वास अथवा हास-परिहास का विषय मान लेते हैं। परंतु ज्योतिष के मर्म को समझने वाला व्यक्ति इस विद्या से पूर्ण लाभ उठाता है।**

बहुत पुरानी बात है, एक दिन एक प्रसिद्ध ज्योतिषी राजा के दरबार में आया और उसने राजा से कहा कि वह उनकी जन्मपत्रिका देखकर उनके भविष्य के बारे में बता सकता है।

राजा ने ज्योतिषी को अपनी जन्मपत्रिका दी और ज्योतिषी ने उसे देखकर कहा कि राजा की मृत्यु एक बहुत बड़े और भयानक जानवर के कारण होने की सम्भावनाऐं हैं। राजा को यह सुनकर कोई आश्चर्य नहीं हुआ, क्योंकि वे जानते थे कि मृत्यु तो अटल है और किसी न किसी रूप में आनी ही है। कुछ समय बाद, राजा जंगल में शिकार के लिए गए। अचानक उनके सामने एक शेर आ गया। शेर ने राजा पर हमला कर दिया, लेकिन राजा भविष्यवाणी के चलते पहले से ही चौकन्ना और तैयार था, इसलिए उसने बहादुरी से लड़ाई लड़ी और शेर को मार गिराया। जब राजा ने शेर को मारा तो उन्हें समझ में आया कि ज्योतिषी ने जो कहा था, वह सच था। शेर ही वह भयानक जानवर था जिसके कारण उनकी मृत्यु हो सकती थी, लेकिन उनकी बहादुरी और बुद्धिमत्ता ने उन्हें बचा लिया। राजा ने अपने राज्य में आकर घोषणा कराई कि ज्योतिष शास्त्र हमें संभावित भविष्य के बारे में अवगत कराता है। भविष्यवाणियों को सुनकर हम अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं, हम अपने साहस, बुद्धिमानी और सूझबूझ से काम लें तो किसी भी संकट अथवा परिस्थिति का सामना कर सकते हैं। राजा ने अपने स्वयं का उदाहरण देकर बताया कि भविष्यवाणी से पूर्व वह जब भ्रमण के लिए जाते थे तो उनके अस्त्र-शस्त्र उनके आस-पास महामंत्री, विशेष सेवादार, सिपाहियों के पास रहते थे, परन्तु जब से उन्हें किसी जानवर द्वारा उन पर हमले होने की सम्भावना का पता लगा, तब से वे अपने साथ अपने बचाव के सभी हथियार स्वयं लेकर चलने लगे, जिसके कारण उनकी जान बची। ज्योतिष शास्त्र में बताई गई बातें सच होती हैं, शेष हमारे कर्म के ऊपर निर्भर करता है, कि हम ज्योतिषी की उस भविष्यवाणी को किस तरह से लेते हैं।



# भगवान की आरती समेत पूजा के दौरान इन चीजों का रखें विशेष ध्यान, तभी मिलेगा पूरा फल

**सुख और समृद्ध जीवन के लिए हर रोज पूजा की जाती है लेकिन जानकारी ना होने की वजह से कई बार पूजा व आरती करते समय गलती कर बैठते हैं। शास्त्रों में पूजा पाठ और आरती के कुछ नियम बताए गए हैं। इन नियमों का पालन करने से भगवान आपकी पूजा और आरती को स्वीकार करते हैं और उनका आशीर्वाद भी प्राप्त होता है। आइए जानते हैं पूजा पाठ के दौरान किन चीजों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।**

हिंदू धर्म में पूजा पाठ सबसे जरूरी प्रक्रिया मानी जाती है। हम सभी के घर में भगवान का मंदिर होता है लेकिन जानकारी के अभाव में हम कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं, जिनकी वजह से पूजा का पूरा फल नहीं मिल पाता। शास्त्रों व पुराणों में भगवान को प्रसन्न करने और पूजा करते समय के लिए कुछ नियम बनाए गए हैं, जैसे आरती कैसे करनी चाहिए, दीपक को कैसे जलाएं आदि। इन नियमों का पालन करने से पूजा सफल मानी जाती है और उसका पुण्य फल भी प्राप्त होता है। आज हम आपको पूजा पाठ से संबंधित कुछ ऐसे नियमों के बारे में बताएंगे, जिनको अपनाने से पूजा का शुभ फल प्राप्त होगा और भगवान का आशीर्वाद भी प्राप्त होगा...

## तुलसी अर्पित करने के नियम

शास्त्रों में बताया गया है कि बिना नहाए तुलसी के पत्ते तोड़ना वर्जित है, पूजा के समय ऐसे तुलसी के पत्तों को भगवान स्वीकार नहीं करते हैं। साथ ही रविवार, एकादशी, द्वादशी, संक्रांति और शाम के समय तुलसी के पत्ते नहीं तोड़ने चाहिए। शिवजी, गणेशजी और भैरवजी को तुलसी के पत्ते नहीं चढ़ाए जाते। तुलसी के पत्ते 11 दिनों तक बासी नहीं होते हैं, तुलसी के पत्तों पर हर रोज जल छिड़ककर फिर से भगवान को अर्पित कर सकते हैं।

## पंचदेव का अवश्य करें ध्यान

भगवान गणेश, भगवान शिव, भगवान विष्णु, माता दुर्गा, सूर्यदेव को पंचदेव कहा जाता है। किसी भी पूजा या शुभ कार्य करने से पंचदेव की पूजा अनिवार्य रूप से की जाती है। पूजा-पाठ करते समय हर रोज पंचदेव का ध्यान जरूर करना चाहिए, ऐसा करने से पंचदेव का आशीर्वाद बना रहता है और जीवन की सभी परेशानियां व दुख दूर होते हैं।

## आरती करने का नियम

शास्त्रों में भगवान की आरती करते समय ध्यान रखने लायक जरूरी बातें भी बताई गई हैं। आरती करते समय सबसे पहले भगवान के चरणों की चार बार आरती करें, फिर दो बार नाभि, मुख की एक या तीन बार आरती करें। फिर भगवान के ऊपर से लेकर नीचे तक सात बार आरती करें। आरती का यह नियम हर पूजा में ध्यान रखें और इसी तरह आरती करें। ऐसा करने से भगवान आपकी आरती को स्वीकार करते हैं और आशीर्वाद देते हैं।

## घर के मंदिर में ऐसी ना हों मूर्तियां

पूजा घर में मूर्तियां 1, 3, 5, 7, 9 और 11 इंच तक की ही होनी चाहिए, इससे ज्यादा नहीं। साथ ही ध्यान रखें कि पूजा घर में खड़े हुए गणेशजी, सरस्वतीजी और माता लक्ष्मी की मूर्ति न हो। पूजा घर में इनकी मूर्तियां हमेशा बैठी हुई होनी चाहिए। गणेशजी, देवी की प्रतिमा तीन, शिवलिंग दो, शालिग्राम दो, सूर्य प्रतिमा दो और गोमती चक्र की संख्या दो बिल्कुल ना रखें। साथ ही मंदिर में प्रतिष्ठित मूर्ति ही रखें, उपहार, लकड़ी, कांच, फायबर या खंडित मूर्तियां बिल्कुल ना रखें।

## परिक्रमा करने के नियम

घर के मंदिर में पूजा पाठ और आरती के पूरे हो जाने के बाद उसी स्थान पर तीन बार परिक्रमा अवश्य करनी चाहिए। वहीं अगर आप बाहर मंदिर जा रहे हैं तो भगवान विष्णु की चार, भगवान गणेश की तीन, सूर्य देव की सात, दुर्गा माता की एक और शिवजी की आधी परिक्रमा अवश्य करनी चाहिए। शास्त्रों में परिक्रमा का यही नियम बताया गया है, इस नियम का पालन करने से आपकी परिक्रमा को भगवान स्वीकार करते हैं।

## दीपक जलाने के नियम

पूजा हमेशा पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके ही करनी चाहिए और हर रोज ब्रह्म मुहूर्त से लेकर 8 बजे तक पूजा अवश्य करनी चाहिए। साथ ही घर के मंदिर में सुबह शाम दीपक अवश्य जलाएं। एक दीपक घी का तो दूसरा तेल का जलाएं। लेकिन हमेशा ध्यान रखें कि कभी भी दीपक से दीपक को नहीं जलाना चाहिए। शास्त्रों के अनुसार, जो व्यक्ति दीपक से दीपक को जलाता है, वह रोगी होता है।

## गंगाजल को रखने के नियम

पवित्र गंगा के जल को हमेशा तांबे के बर्तन में ही रखा जाना चाहिए, भूलकर भी प्लास्टिक या किसी अपवित्र धातु जैसे एल्युमिनियम और लोहे से बने बर्तन का प्रयोग नहीं करना चाहिए। साथ ही पूजा में मनोकामना पूरी होने के लिए दक्षिणा अवश्य चढ़ानी चाहिए। दक्षिणा अर्पित करते समय सभी दोषों को छोड़ने का संकल्प करना चाहिए, ऐसा करने से मनोकामना जल्द पूरी होती है।

## फूलों को अर्पित करने के नियम

माता लक्ष्मी को कमल का फूल अर्पित किया जाता है। इस फूल को आप पांच दिनों तक जल छिड़ककर फिर से चढ़ा सकते हैं। वहीं भगवान शिव को चढ़ाने जाने वाला बेलपत्र छह मास तक बासी नहीं होता है। आप बेलपत्र को जल से साफ करके फिर से अर्पित कर सकते हैं। ज्यादातर लोग जानकारी ना होने की वजह से फूलों को हाथ से भगवान को अर्पित करते हैं लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। पहले फूलों को किसी साफ पात्र में रखें और इसी पात्र से देवी देवताओं को फूल अर्पित करें।



# भगवान कल्कि कौन हैं और कलियुग में कहां लेंगे जन्म, स्कंद पुराण में लिखी हैं ये अद्भुत भविष्यवाणियां

**हाल ही में सिनेमाघरों में कल्कि फिल्म रिलीज हुई है। जिसके बाद से लोगों के बीच एक बार फिर से भगवान कल्कि के अवतार को लेकर उत्सुकता देखने को मिल रही है। भगवान विष्णु के कल्कि अवतार के बारे में स्कंदपुराण, श्रीमद्भागवत पुराण, कल्कि पुराण आदि पुराणों में लिखा गया है। विष्णु जी के कल्कि अवतार का जन्म कलियुग के अंत समय से कुछ पहले होगा। भगवान कल्कि उत्तरप्रदेश के एक गांव में जन्म लेंगे।**

कल्कि फिल्म के रिलीज होने के बाद से लोग एक बार फिर से भगवान विष्णु के कलियुग में होने वाले अवतार कल्कि के बारे में चर्चा कर रहे हैं। मनोरंजन की दुनिया से अलग पुराणों के आधार पर कल्कि अवतार की बात करें, तो भगवान विष्णु के 10वें अवतार कल्कि का उल्लेख कई पुराणों में मिलता है। माना जाता है कि कलियुग के पांच हजार से ज्यादा वर्ष बीत चुके हैं। ऐसे में जब कलियुग अपनी चरम सीमा पर होगा, तो भगवान विष्णु के अवतार कल्कि का जन्म होगा। कल्कि भगवान तब इस संसार में बढ़ते पापियों का अंत करेंगे और धरती को पापमुक्त बनाएंगे, जिससे कलियुग का अंत हो जाएगा। आइए, जानते हैं स्कंदपुराण, श्रीमद्भागवत पुराण, कल्कि अवतार, अग्नि पुराण के अनुसार कौन हैं भगवान कल्कि और इन जन्म कहां होगा।

## कौन है भगवान कल्कि और कहां जन्म लेंगे

स्कंदपुराण के अनुसार कलियुग के आखिर में, जब पाप अपने चरम पर होगा, तब भगवान विष्णु कल्कि के रूप में अवतार लेंगे। यह समय कलयुग और सतयुग के बीच का संधिकाल होगा। कहा जाता है कि भगवान कल्कि 64 कलाओं में माहिर होंगे। कल्कि पुराण के अनुसार उत्तरप्रदेश के मुरादाबाद जिले के सम्भल नामक स्थान पर विष्णुयशा नामक तपस्वी ब्राह्मण के घर भगवान कल्कि पुत्र रूप में जन्म लेंगे।

## परशुराम होंगे कल्कि भगवान के गुरु

कल्कि भगवान, जो विष्णु जी के अवतार हैं, अपने गुरु परशुराम जी से मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। परशुराम जी भी विष्णु जी के अवतार माने जाते हैं और उन्हें अमरता मिली हुई है। कल्कि भगवान, परशुराम जी के कहने पर भगवान शिव की तपस्या करेंगे। इस तपस्या से उन्हें दिव्य शक्तियां मिलेंगी जिनसे वे दुनिया से अधर्म का नाश करेंगे।

## भगवान विष्णु का कल्कि अवतार कैसा होगा

स्कंद पुराण के दशम अध्याय में स्पष्ट वर्णित है कि कलियुग में भगवान श्रीविष्णु का अवतार श्रीकल्कि के रुप में सम्भल ग्राम में होगा। अग्नि पुराण के 16वेंअध्याय में कल्कि अवतार का चित्रण भी किया गया। इस चित्रण के अनुसार भगवान राम की तरह ही कल्कि अवतार ने हाथ में तीर-कमान धारण किया होगा और वे एक घोड़े पर सवार होकर आएंगे। कल्कि पुराण में उल्लेख मिलता है कि भगवान कल्कि हाथ में चमचमाती हुई तलवार लिए सफेद घोड़े पर सवार होकर पापियों का अंत करेंगे।

## भगवान राम की तरह ही होंगे 4 भाई

भगवान विष्णु के दसवें अवतार, कल्कि, के बारे में कहा जाता है कि उनके भी चार भाई होंगे। ये भाई उनके साथ मिलकर धर्म की स्थापना में मदद करेंगे। उनके नाम होंगे सुमन्त, प्राज्ञ और कवि। अपने इन्हीं भाइयों के साथ मिलकर भगवान धर्म की स्थापना करेंगे।



# ईशान कोण दिशा में जरूर रखें यह एक चीज, होगा धन लाभ

**वास्तु शास्त्र के अनुसार ईशान कोण दिशा को उत्तर-पूर्व दिशा भी कहा जाता है। यह घर का सबसे पवित्र स्थान माना जाता है। इस दिशा में देवी-देवताओं का वास स्थान माना जाता है। इसलिए इस स्थान को बेहद शुभ और पवित्र माना जाता है। बता दें, ईशान कोण दिशा में अगर आप देवी-देवताओं की विधिवत पूजा-पाठ करते हैं, तो व्यक्ति को शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही सौभाग्य में भी वृद्धि हो सकती है। अब ऐसे में इस दिशा में शंख रखने का विशेष महत्व बताया गया है। आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं कि इस दिशा में शंख रखने का क्या महत्व है**

## ईशान कोण का महत्व क्या है

ईशान कोण को देवताओं का निवास स्थान माना जाता है। इस दिशा में पूजा स्थल स्थापित करने से देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है और जीवन में सुख-शांति आती है। ह दिशा ग्रह गुरु बृहस्पति से संबंधित है, जो ज्ञान और बुद्धि का कारक माना जाता है। ईशान कोण सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश द्वार माना जाता है। इसलिए इस दिशा को स्वच्छ रखना बेहद जरूरी है। ईशान कोण धन और समृद्धि से जुड़ा है। इस दिशा में तिजोरी रखने से आर्थिक स्थिति में सुधार होता है। ईशान कोण दिशा में पूजा करने और ध्यान लगाने के लिए सबसे शुभ स्थान माना जाता है।

## ईशान कोण दिशा में शंख रखने का क्या लाभ है

शंख को ईशान कोण में रखना शुभ माना जाता है। शंख को जल से भरकर उसमें कुछ तुलसी के पत्ते डालकर रखें। शंख को देवी लक्ष्मी और भगवान विष्णु का प्रतीक माना जाता है। ईशान कोण में शंख रखने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। इससे घर और कार्यस्थल में शांति और समृद्धि का वातावरण बनता है। ईशान कोण धन और समृद्धि से जुड़ा है। इसलिए इस दिशा में शंख रखने से माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है। ईशान कोण दिशा में शंख बजाने से मानसिक तनाव दूर हो सकती है और मन शांत रहता है।

## ईशान कोण दिशा में शंख की पूजा कैसे करें

सबसे पहले, शंख को जल से अच्छी तरह धो लें। फिर, शंख में थोड़ा सा गंगाजल डालकर उसमें कुछ तुलसी के पत्ते डालें। शंख को ढककर कुछ देर के लिए रख दें। फिर ईशान कोण दिशा में एक चौकी रखें और उसपर लाल रंग का कपड़ा बिछाएं। चौकी पर शंख रखें। शंख के मुख को पूर्व दिशा की ओर रखें। शंख के पास घी का दीपक जलाएं। इससे व्यक्ति को शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### 45 साल का रेकॉर्ड तोड़ने की तरफ बढ़ रहा सोना, इस साल आ चुकी है 34 प्रतिशत तेजी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने की उड़ान लगातार जारी है। इस साल सोने की कीमत में अब तक 34 फीसदी तेजी आई है। यह 1995 के बाद सोने की कीमत में आई सबसे ज्यादा तेजी है। इस साल अब तक सोना 41 बार ऑल-टाइम हाई पर पहुंच चुका है। इससे पहले 2011 में सोना 34 बार ऑल-टाइम हाई पर पहुंचा था। इतिहास में पहली बार सोने की कीमत 2,800 डॉलर प्रति औंस के पार पहुंची है। अगर महंगाई को एडजस्ट किया जाए तो सोना 1970 के दशक के बाद उच्चतम स्तर पर ट्रेड कर रहा है। सोना 1979 के बाद सबसे बेहतर सालाना प्रदर्शन की ओर बढ़ रहा है। 45 साल पहले सोना 120 फीसदी उछला था।

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनावों को लेकर बढ़ रही अनिश्चितता और पश्चिम एशिया में संकट के कारण सोने की कीमत में तेजी आई है। जानकारों का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बाद के महीने सोने की निकट अवधि की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण होंगे। भारत की बात करें तो ऐतिहासिक रूप से त्यौहारी सीजन के दौरान सोने की मांग में उछाल आता है। इस साल दिवाली के साथ अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव और फेडरल रिजर्व की इस साल आखिरी नीति बैठक भी हो रही है। जानकारों का कहना है कि मध्यम अवधि में सोने की कीमत 81,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और लंबी अवधि में 86,000 रुपये तक पहुंच सकती हैं। कॉमेक्स पर सोने के मध्यम अवधि में 2,830 डॉलर और लंबी अवधि में 3,000 डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। सोना हाल के वर्षों में लगातार सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली एसेट्स में से एक रहा है। इस साल सोने की कीमतें कॉमेक्स और घरेलू बाजारों दोनों पर रेकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। एमसीएक्स पर दिसंबर डिलीवरी वाला सोना गुरुवार को 13 रुपये की मामूली तेजी के साथ 78443.00 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 79681.00 रुपये तक ऊपर गया। दिवाली से एक दिन पहले दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में 1,000 रुपये के जबर्दस्त उछाल देखने को मिली और यह पहली बार 82,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक दिल्ली में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,000 रुपये बढ़कर 82,400 रुपये पर पहुंच गया।

### भारत में ऐपल का रेवेन्यू ऑल-टाइम हाई पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी ऐपल ने गुरुवार को अपना सितंबर तिमाही का रिजल्ट जारी किया। इस दौरान कंपनी ने 94.9 अरब डॉलर का रेकॉर्ड रेवेन्यू हासिल किया जो बाजार के अनुमानों से बेहतर है। यह पिछले साल की समान तिमाही के मुकाबले छह फीसदी अधिक है। इस दौरान कंपनी का आईफोन से रेवेन्यू 5.5 फीसदी बढ़कर 46.2 अरब डॉलर पहुंच गया। इसमें भारत की सबसे बड़ी भूमिका है। कंपनी ने भारत में ऑल-टाइम हाई रेवेन्यू हासिल किया है। कंपनी के सीईओ टिम कुक ने कहा कि वह भारत में कंपनी की सफलता से काफी उत्साहित हैं और भारत में चार नए स्टोर खोलने का ज्यादा इंतजार नहीं कर सकते। कुक ने कंपनी का रिजल्ट जारी होने के बाद अर्निंग्स कॉल में कहा, ऐपल भारत में अपने प्रदर्शन से बेहद उत्साहित है और भारत में कस्टमर्स के लिए चार नए स्टोर खोलने का ज्यादा इंतजार नहीं कर सकती। ऐपल ने पिछले साल भारत में दो स्टोर दिल्ली और मुंबई में खोले थे। कंपनी अब भारत में और चार स्टोर खोलने की तैयारी में है। ये स्टोर बेंगलुरु, पुणे, दिल्ली और मुंबई में होंगे।

# अडानी ग्रुप की एक कंपनी के प्रोजेक्ट में कई बैंक रुचि दिखा रहे

■ इस प्रोजेक्ट का मुख्य ऋणदाता बैंक एसबीआई हिस्सा बेच रहा है ■ ग्रुप की कंपनी अडानी एंटरप्राइजेट का यह ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट है




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी ग्रुप की एक कंपनी के पीछे कई बैंक पड़े हैं। ये बैंक किसी खास कारण से अडानी ग्रुप की इस कंपनी के पीछे हैं। यह कंपनी कोई और नहीं, बल्कि अडानी ग्रुप की दुधारू गाय कहे जाने वाली अडानी एंटरप्राइजेज है। दो दिन पहले ही इस कंपनी के दूसरी तिमाही के नतीजे आए हैं। इस दौरान कंपनी का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 664 प्रतिशत की तेजी के साथ 1742 करोड़ रुपये रहा।

दरअसल, ये बैंक अडानी एंटरप्राइजेज के एक प्रोजेक्ट में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के लिए इन बैंकों ने लोन को साझा करने की इच्छा जताई है। इकनॉमिक टाइम्स के मुताबिक इन बैंकों में बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी), पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक शामिल हैं।

### 20 हजार करोड़ के लोन की दी थी मंजूरी

अडानी ग्रुप पेट्रोकेमिकल्स डेब्यू करने जा रहा है। यह ग्रुप का ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) इस प्रोजेक्ट का प्रमुख ऋणदाता है। इस प्रोजेक्ट के लिए एसबीआई ने इस साल की शुरुआत में अडानी ग्रुप को 20 हजार करोड़ रुपये का लोन देने की मंजूरी दी थी।

एसबीआई अब इस लोन का एक बड़ा हिस्सा बेचने की सोच रहा है। इस साल की शुरुआत में एसबीआई ने 15 साल के लोन की कीमत 9.25 प्रतिशत रखी थी।

### क्या है प्रोजेक्ट?

कंपनी का यह प्रोजेक्ट गुजरात के मुंद्रा में है। इसकी लागत 4 अरब डॉलर (करीब 34 हजार करोड़ रुपये) बताई जा रही है। यह प्रोजेक्ट पॉलीविनाइल क्लोराइड (पीवीसी) से जुड़ा है। 2 मिलियन टन पीवीसी का यह प्रोजेक्ट अडानी ग्रुप का पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में पहला कदम है। इससे भारत की प्लास्टिक पॉलीमर बनाने की क्षमता दोगुनी होने की उम्मीद है। इसका इस्तेमाल रेनकोट, तार, प्लास्टिक पाइप आदि चीजों के अलावा मेडिकल डिवाइस बनाने के लिए किया जाता है।

### एसबीआई को कुछ फायदा होगा?

लोन बेचने से बैंक को किसी विशेष इकाई के लिए अपने जोखिम को कम करने में मदद मिलती है। साथ ही ग्रुप की अन्य कंपनियों को लोन देने की स्थिति में अपनी सीमाएं भी खोल देता है। एसबीआई लोन को मुंद्रा गुजरात में अडानी एंटरप्राइजेज की ओर से स्थापित किए जाने वाले ग्रीनफील्ड पॉलीविनाइल क्लोराइड (पीवीसी) प्लांट के लिए स्वीकृत किया गया था।

### बैंक क्यों दिखा रहे रुचि?

जानकारों के मुताबिक अडानी ग्रुप का यह प्रोजेक्ट काफी बड़ा है। बैंकों के लिए इसका हिस्सा बनना दिलचस्प है क्योंकि यह एक हाई रेटेड क्रेडिट है। इस प्रोजेक्ट के तहत बनने वाली चीजें, लोन की रकम और ग्रुप की क्रेडिट रेटिंग के कारण इतने सारे बैंक हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं।

पीवीसी के घरेलू विनिर्माण से भारत को आयात पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। वहीं आर्थिक गतिविधि और उच्च बुनियादी ढांचे के खर्च से पीवीसी की मांग बढ़ने की उम्मीद है। अडानी को उम्मीद है कि प्रोजेक्ट का पहला चरण साल 2026 के अंत तक लागू हो जाएगा।

# दिवाली में हुआ रिकॉर्ड कारोबार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिवाली में लोगों ने जमकर ख़रीदारी की। चारों ओर दीपों की जगमगाहट और रंग-बिरंगी सजावट ने माहौल को और भी आनंदमय बना दिया। हालांकि कुछ हिस्सों में दिवाली कल मनाई जाएगी लेकिन इससे लोगों के उत्साह में कहीं कोई कमी नहीं है।

बाज़ारों में विशेष रूप से खरीदारों की भारी भीड़ देखने को मिली। व्यापारियों के साथ साथ छोटा व्यापार करने वाले लोग जैसे कुम्हार, कारीगर एवं घरों में दिवाली का सामान बनाने वाले लोगों ने भी बड़े पैमाने पर अपने सामान की बिक्री की। लोगों ने जमकर खरीदारी की, जिससे पूरे देश में व्यापार में बड़ा इजाफा हुआ। इस साल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल अभियान के तहत भारतीय सामान की खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई।

**आज क्या बिके:** आज भी लोगों ने मिट्टी के दीये, लक्ष्मी और गणेश की प्रतिमा, घर की सजावट के सामान, वंदनवार, फूल-पत्तियां एवं पूजा का सामान, बिजली की रंगबिरंगी लड़ियां, मिठाई एवं नमकीन, कपड़े, हैंडिक्राफ़्ट आइटम्स, उपहार की वस्तुएं, फुटवियर, मेकअप का सामान, कास्मेटिक्स, सोने चांदी के सामान और अन्य घरेलू उत्पादों की भारी मांग रही। इससे स्थानीय व्यापारियों और कारीगरों को काफी लाभ मिला।

**दिवाली में सवा चार लाख करोड़ का व्यापार:** कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक के सांसद प्रवीन खंडेलवाल का कहना है कि इस वर्ष दिवाली त्योहार पर 4.25 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हुआ है। यह अब तक का रिकॉर्ड व्यापार है। उनका कहना है कि इस बार लोगों ने चीनी उत्पादों को नकारते हुए पूरी तरह से भारतीय सामान को प्राथमिकता दी है। इससे व्यापारी उत्साहित हैं। अब देवउठनी एकादशी 12 नवंबर से शुरू होने वाले शादियों के सीजन पर बड़े व्यापार की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

## महंगाई का तड़का, महंगा हुआ एलपीजी सिलेंडर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिवाली खत्म होते ही महंगाई का तड़का लग गया है। 19 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 62 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में अब इसकी कीमत 1802.00 रुपये हो गई है। बढ़ी हुई कीमत आज से लागू हो गई है। इससे पहले यह 1740 रुपये में मिल रहा था। लगातार चौथे महीने 19 किलो वाले सिलेंडर की कीमत में लगातार चौथे महीने बढ़ोतरी की गई है। हालांकि घरों में इस्तेमाल होने वाले 14.2 किलो के सिलेंडर की कीमत में एक बार कोई बदलाव नहीं किया गया है। 19 किलो वाले सिलेंडर को हलवाई सिलेंडर भी कहा जाता है। इसके महंगे होने से बाहर खाना-पीना महंगा हो सकता है। कोलकाता में अब इस सिलेंडर की कीमत 1911.50 रुपये, मुबंई में 1754.50 रुपये और चेन्नई में 1964 रुपये हो गई है। तेल मार्केटिंग कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को कीमतों में बदलाव करती हैं। इससे पहले 1 अगस्त को 19 किलो वाले सिलेंडर की कीमत में 6.50 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। 1 सितंबर को इसकी कीमत में 39 रुपये और 1 अक्टूबर को 48.5 रुपये की बढ़ोतरी हुई थी। हालांकि 14.2 किलो वाले सिलेंडर की कीमत में एक बार फिर कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली में बिना सब्सिडी वाले गैस सिलेंडर की कीमत 803.00 रुपये है। कोलकाता में यह 829.00 रुपये में मिल रहा है जबकि मुंबई में इसकी कीमत 802.50 रुपये है। इसी तरह चेन्नई में यह 818.50 रुपये में मिल रहा है। उज्ज्वला के लाभार्थियों को 300 रुपये की सब्सिडी मिलती है। यह सब्सिडी साल में 12 सिलेंडर पर मिलती है।

# ग्रीन एनर्जी सेक्टर के शेयरों ने किया मालामाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एनटीपीसी की सब्सडयरी कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी आईपीओ लेकर आ रही है। इसे बाजार नियामक सेबी से मंजूरी मिल गई है। आईपीओ के जरिए एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी 10 हजार करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। ग्रीन एनर्जी सेक्टर में यह पहली कंपनी नहीं है जो अपना आईपीओ लेकर आएगी। ग्रीन एनर्जी सेक्टर की काफी कंपनियों अभी तक अपने आईपीओ लेकर आ चुकी हैं। कुछ का प्रदर्शन शानदार रहा है तो कुछ कमाल नहीं दिखा पाई। ऐसे में सवाल है कि क्या एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी शेयर मार्केट की दुनिया में कमाल दिखा पाएगी? हालांकि यह तो इस कंपनी के आईपीओ आने और लिस्ट होने के बाद ही पता चलेगा।

**कैसा रहा है ग्रीन एनर्जी स्टॉक्स का प्रदर्शन?:** ग्रीन एनर्जी सेक्टर की काफी कंपनियां शेयर मार्केट में लिस्ट हैं। इनमें अडानी ग्रीन एनर्जी से लेकर केपीआई एनर्जी और सुजलॉन तक शामिल हैं। हाल ही में वारी एनर्जीज का भी आईपीओ शेयर मार्केट में लिस्ट हुआ है। इन कंपनियों का शेयर का प्रदर्शन मिला-जुला रहा है।

**अदानी ग्रीन एनर्जी:** अडानी ग्रुप की यह कंपनी जून 2018 में शेयर मार्केट में लिस्ट हुई थी। उस समय इसके शेयर की कीमत करीब 30 रुपये थी। अब यह कीमत बढ़कर 1636 रुपये हो गई है। ऐसे में इस शेयर ने अब तक निवेशकों को करीब 5455 फीसदी रिटर्न दिया है।

**केपीआई ग्रीन एनर्जी:** यह शेयर अप्रैल 2022 में शेयर मार्केट में लिस्ट हुआ था। उस समय इसके शेयर की कीमत करीब 88 रुपये थी। अब यह कीमत बढ़कर करीब 745 रुपये हो गई है। ऐसे में इसने करीब ढाई साल में निवेशकों को करीब 745 फीसदी रिटर्न दिया है।

ग्रीन एनर्जी सेक्टर स्टॉक्स में सुजलॉन भी बड़ा नाम है। यह काफी पुरानी कंपनी है। इसका आईपीओ शेयर मार्केट में अक्टूबर 2005 को लिस्ट हुआ था। उस समय इसके शेयर की कीमत करीब 124 रुपये थी। अभी 68 रुपये है। ऐसे में इसने अभी तक निवेशकों को करीब 45 फीसदी का नुकसान दिया है। हालांकि पिछले एक साल में इसने दोगुना मुनाफा दिया है। यानी इसका रिटर्न 100 से ज्यादा रहा है।

**ओरिएंट ग्रीन पावर कंपनी लिमिटेड:** यह कंपनी भी काफी पुरानी है। इसके आईपीओ की लिस्टिंग अक्टूबर 2010 में हुई थी। उस समय इसके एक शेयर की कीमत करीब 41 रुपये थी। अब करीब 19 रुपये है। ऐसे में इसने अब तक निवेशकों को 50 फीसदी से ज्यादा नुकसान दिया है। हालांकि पिछले एक साल में इसका रिटर्न करीब 43 फीसदी रहा है।

### आफ्टरनून एनर्जीज़ लिमिटेड

इस कंपनी का आईपीओ कुछ दिन पहले यानी 28 अक्टूबर को लिस्ट हुआ है। इसकी लिस्टिंग करीब 70 फीसदी प्रीमियम के साथ 2550 रुपये पर हुई। ऐसे में इसने लिस्टिंग पर ही निवेशकों को मुनाफा दे दिया। अभी इसकी कीमत 2,442.35 रुपये है। इसने दो दिनों में ही निवेशकों को करीब 5 फीसदी मुनाफा दे दिया है।

### क्या फायदे का सौदा होगा एनटीपीसी का आईपीओ?

पिछले कुछ समय के रिटर्न को देखें तो रिन्यूएबल एनर्जी (ग्रीन एनर्जी) सेक्टर के शेयरों में काफी उछाल आया है। इसका सबसे बड़ा कारण है कि देश-दुनिया में ग्रीन एनर्जी को काफी बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार के साथ निजी कंपनियां भी कई महत्वपूर्ण योजनाओं के साथ इस सेक्टर को तेजी से आगे बढ़ा रही हैं। ऐसे में कह सकते हैं कि एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का आईपीओ निवेशकों के लिए फायदे का सौदा हो सकता है।

## 19 भारतीय कंपनियों पर अमेरिका ने लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका ने भारत की 19 कंपनियों और दो नागरिकों पर पाबंदी लगा दी है। अमेरिका का कहना है इन कंपनियों ने यूक्रेन के खिलाफ लड़ाई में रूस की मदद की थी। अमेरिका ने कई देशों की करीब 400 कंपनियों और लोगों पर पाबंदी लगाई है। इनमें भारत के अलावा चीन, मलेशिया, थाईलैंड, तुर्की और यूएई की कंपनियां और नागरिक शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दिल्ली की कंपनी के डायरेक्टर विवेक कुमार मिश्रा और सुधीर कुमार पर पाबंदी लगाई गई है। साथ ही अमेरिका के विदेश विभाग ने चार भारतीय कंपनियों पर लगाए गए आरोपों की भी डिटेल जानकारी दी है।

**क्या हैं आरोप:** इसी तरह अमेरिका के विदेश विभाग ने भारतीय कंपनी पोस्तीनवो पर रूस को .1.4 मिलियन कीमत के सीएचपीएल आइटम देने का आरोप लगाया है। इनमें इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट भी शामिल हैं। ये सामान जनवरी 2023 से फरवरी 2024 के बीच सप्लाई किया गया था। यह पहला मौका नहीं है जब अमेरिका ने भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है। इससे पहले पिछले साल नवंबर में सिव माइक्रोसिस्टम्स को भी बैन किया गया था। कंपनी पर रूसी मिलिट्री को अमेरिकी ऑरिजिन वाले इंटिग्रेटेड सर्किट की सप्लाई करने का आरोप लगाया गया था।

## बीपीएल ग्रुप के संस्थापक टीपी गोपालन नांबियार का निधन, 94 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

**बंगलूरू एजेंसी।** देश की अग्रणी इलेक्ट्रॉनिक कंपनियों में शुमार बीपीएल समूह के संस्थापक टीपी गोपालन नांबियार का बृहस्पतिवार सुबह निधन हो गया। उन्होंने 94 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। बीपीएल ग्रुप के संस्थापक नांबियार भाजपा नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर के ससुर थे। उनके निधन पर कर्नाटक के पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा ने शोक व्यक्त किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

नांबियार के परिवार के एक सदस्य ने बताया कि वे 94 साल के थे और पिछले कुछ समय से बीमार थे। उन्होंने सुबह करीब सवा दस बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन पर शोक प्रकट करते हुए कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि बीपीएल समूह के संस्थापक टीपी गोपालन नांबियार के निधन से दुखी हूं। उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा।

# शादी के बाद ससुराल के कारोबार से अलग शुरू किया काम

## पति का मिला सपोर्ट, आज लाखों में कमाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आपने मछली पालन के कारोबार के बारे में सुना होगा। लेकिन क्या आपने ऐसे कारोबारी के बारे में सुना जो घर में रखे जाने वाले एक्वेरियम के लिए मछलियां पालता हो।? मिलिए पार्वती विनोद से। केरल की रहने वाली पार्वती का केरल के कोल्ल्म में देवू एक्वाफार्म नाम से मछली पालन का फार्म है। वह इस फार्म से हर महीने करीब 50 हजार रुपये (सालाना 6 लाख रुपये) कमाती हैं। यह उनकी औसतन महीने की कमाई है।

समाजशास्त्र में ग्रेजुएट पार्वती ने शादी के बाद एक्वेरियम में सजावट के लिए इस्तेमाल होने वाली मछलियों का पालन शुरू किया था। हालांकि इसके बारे में उन्होंने कभी नहीं सोचा था। 18 साल की उम्र में उनकी शादी ऐसे परिवार में हुई जो खाने वाली मछलियों का कारोबार करता था। शादी से पहले उन्हें मछलियों के कारोबार के बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

**सीखने में लगे कई साल:** पार्वती बताती हैं कि जब उन्होंने पति को मछली पालन का कारोबार करते देखा तो उनकी भी रुचि इसमें बढ़ गई। हालांकि उन्हें एक्वाकल्चर (एक्वेरियम के लिए सजावटी मछलियों के पालने के कारोबार को एक्वाकल्चर भी कहा जाता है) को सीखने में कई साल लग गए। इसमें उनके पति ने उनकी काफी मदद की। पार्वती कहती हैं कि मछली पालन बहुत ही मुश्किल कारोबार है। इसमें मछलियों का प्रजनन बहुत ही जोखिम भरा होता है। कई बार ऐसे भी दिन आए जब पूरे टैंक की मछलियां मर जाती थीं। ऐसे में काफी नुकसान होता था। हालांकि उन्होंने ऐसी असफलताओं से सबक लिया। आज वह मछली पालन के साथ लोगों को अपनी हैचरी में ट्रेनिंग भी देती हैं।

**सीमेंट और कांच के टैंक में मछली पालन:** पार्वती ने अपने परिवार से अलग मछली पालन शुरू किया। परिवार जहां खाने की मछलियों का कारोबार करता था तो पार्वती सजावटी मछलियों का। उन्होंने सजावटी मछली के कारोबार को विस्तार देने के लिए सीमेंट और कांच के टैंक बनवाए।

पार्वती ने कुछ साल पहले एक हैचरी बनाई। हैचरी वह जगह होती है जहां मछलियों के अंडों को रखा जाता है। हैचरी को बनाने में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना योजना से काफी मदद मिली। इस योजना के अंतर्गत उन्होंने लोन लिया। साथ ही अपनी बचत के 15 लाख रुपये के निवेश के साथ हैचरी स्थापित की। इनकी हैचरी में अलग-अलग आकार के कई टैंक हैं जहां इन मछलियों को रखा जाता है।

## जेनरेटिव एआई में तेजी से बढ़ रहा भारत, 2028 तक अमेरिका से निकल जाएगा आगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के मामले में दूसरे पायदान पर पहुंच गया है। भारत में डेवलपर्स एआई में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। गिटहब की रिपोर्ट के अनुसार, प्लेटफॉर्म पर भारतीय डेवलपर्स की संख्या 2024 में 28 प्रतिशत बढ़कर 1.7 करोड़ के पार हो गई है। इस साल फरवरी तक अमेरिका में दो करोड़ की तुलना में लगभग 1.32 करोड़ भारतीय डेवलपर्स गिटहब का उपयोग कर रहे थे। अनुमान है कि भारत 2028 तक अमेरिका को भी पछाड़ सकता है। गिटहब के सीईओ थॉमस डोहमके ने कहा, भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला शीर्ष-10 डेवलपर कम्युनिटी की सूची में शामिल हो गया है। डोहमके ने इन देशों की सूची सोशल मीडिया पर साझा की है। इसमें अमेरिका पहले, भारत दूसरे, हांगकांग तीसरे, चीन चौथे व जर्मनी पांचवें पायदान पर है।? जेनरेटिव एआई के इस्तेमाल में भारतीय डेवलपर्स को लेकर जारी रिपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुशी जताई?है।?उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, जब नवाचार और तकनीक की बात आती है, तो भारतीय युवा सर्वश्रेष्ठ हैं।

## करण जौहर ने परिवार संग मनाई दीपावली, पोस्ट पर सितारों ने कहा 'आपको त्यौहार मुबारक'

फिल्म जगत में दर्शकों को एक से बढ़कर एक सफल फिल्में देने वाले निर्माता निर्देशक करण जौहर दिवाली मनाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। जौहर ने अपने जुड़वा बच्चों और मां के साथ तस्वीरें शेयर कर



सोशल मीडिया पर बधाई दी है। करण जौहर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट शेयर कर कैप्शन लिखा 'हमारी ओर से आपको शुभकामनाएं, हम आपको त्यौहारी सीजन की शुभकामनाएं देते हैं और साथ में प्यार, खुशी, सम्मान से रहने की प्रार्थना करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपनी ड्रेस डिजाइनर्स का भी शुक्रिया अदा किया। करण जौहर ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह अपने जुड़वा बच्चों यश-रूही और मां हीरू जौहर के साथ खुशहाल फैमिली फोटो के लिए पोज देते नजर आ रहे हैं। जौहर का पूरा परिवार ट्रेडिशनल कपड़े पहने नजर आ रहा है। करण जौहर ने हाल ही में अपने धर्मा प्रोडक्शंस की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची है। सोशल मीडिया पर अक्सर सक्रिय रहने वाले जौहर ने इससे पहले दिवाली पार्टी के लिए तैयार होकर कुछ तस्वीरें साझा की थीं। उन्होंने 1984 में आई फिल्म मशाल की एक लाइन को कैप्शन में लिखा। कपड़ों के बेहद शौकीन करण जौहर अक्सर अपनी नई झलक सोशल मीडिया पर दिखाते रहते हैं। करण ने कुर्ता पजामा संग मिरर वर्क वाला ओवरकोट पहना था। तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर पोस्ट करने के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा 'तुम हो तो हर रात दिवाली हर दिन मेरी होली है। (यह फिल्म मशाल की एक लाइन है जो मुझे बहुत पसंद है और दुख की बात है कि मेरे वर्तमान जीवन से इसका कोई संबंध नहीं है।)

## दिवाली की रात मां काली के दर्शन करने पहुंचीं रानी मुखर्जी, बच्चों को बांटी मिठाइयां



बी-टाउन में दिवाली का जश्न जोरों पर है। कई सेलिब्रिटीज अपने परिवार और दोस्तों के साथ दिवाली मनाते हुए देखे गए। जान्हवी कपूर ने अपने परिवार और बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के साथ दिवाली मनाई। वरुण धवन अपनी पत्नी नताशा दलाल के साथ अपने पिता डेविड धवन के ऑफिस गए। इस मौके पर रानी मुखर्जी ने मां काली के सामने माथा टेका और दिवाली पर देवी का आशीर्वाद लिया। अभिनेत्री ने कार्यक्रम में बच्चों को मिठाइयां भी बांटी।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

इंस्टाग्राम पर एक वीडियो में रानी मुखर्जी को मां काली की मूर्ति के पीछे मंच पर चलते हुए देखा जा सकता है। रानी ने इस अवसर के लिए पर्पल कलर का शरारा चुना। उन्होंने अपने बालों को बन में बांधा हुआ था और साइड में फूल लगे हुए थे। कहने की जरूरत नहीं है कि अभिनेत्री अपने लुक में बेहद खूबसूरत लग रही हैं।

### बच्चे को मिठाई खिलाती दिखीं रानी

इंस्टाग्राम पर एक और वीडियो में रानी मुखर्जी को लोगों को मिठाई बांटते हुए देखा जा सकता है। रानी द्वारा एक बच्चे को मिठाई खिलाते हुए एक पल ने मंच पर फैंस का ध्यान खींचा। इसके साथ ही फैंस ने अभिनेत्री की खूब सराहना भी की और उन्हें दरिया दिल का भी टैग दे दिया।

### प्रशंसकों ने की तारीफ

अभिनेत्री बच्चे को मिठाई खिलाने के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाती है, जिससे बच्चे के चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। रानी इसके बाद बच्चे पर प्यार बरसाती हैं। इस वीडियो पर लोगों ने जमकर कमेंट किया। एक यूजर ने लिखा, रानी किसी भी त्योहार पर पूजा करना नहीं भूलती हैं। दूसरे यूजर ने लिखा, रानी हमेशा लोगों का दिल जीत लेती हैं।

### इस फिल्म में आई थी नजर

वर्कफ्रंट की बात करें तो रानी को आखिरी बार 2023 में मिसेज चटर्जी बनाम नॉर्वे में देखा गया था। अभिनेत्री को चोरी चोरी चुपके चुपके, हिचकी, मर्दानी, कभी अलविदा ना कहना, बंटी और बबली, ब्लैक, हम तुम, ता रा रम पम, लगा जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है।

### दीपावली पर हुई घोषणा



## फिल्म फसक्लास दाभाड़े अगले साल 24 जनवरी को सिनेमाघरों में होगी प्रदर्शितदीपावली पर हुई घोषणा

टी-सीरीज़ के रोमांचक जुड़ाव के साथ, कलर येलो प्रोडक्शंस और चलचित्रा मंडली अपनी अगली प्रमुख मराठी फिल्म- फ़सक्लास दाभाडे पेश करने के लिए फिर से एकजुट हुए हैं। झिम्मा 2 की बॉक्स ऑफिस सफलता के बाद, यह सहयोग दर्शकों को एक बार फिर आकर्षित करने का वादा करता है।

यथार्थवादी कथाएँ बुनने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाने वाले, निर्देशक हेमंत ढोमे भाई-बहनों की नोंक-झोंक, लेकिन दिल को छू लेने वाले कारनामों पर केंद्रित इस ताज़ा कहानी के साथ वापस आ गए हैं।

दिवाली के विशेष अवसर पर, निर्माताओं ने नई रिलीज़ तारीख 24 जनवरी, 2025 की घोषणा की। टी-सीरीज़ फिल्म्स और कलर येलो प्रोडक्शंस द्वारा प्रस्तुत, फ़सक्लास दाभाड़े पागल भाई-बहनों के बारे में एक अनोखी कहानी है, जो भूषण कुमार, आनंद एल राय, क्षिति जोग और कृष्ण कुमार द्वारा निर्मित है। भाई-बहन के रिश्तों की जटिलताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए, यह फिल्म प्यार, प्रतिद्वंद्विता और हास्य के मिश्रण का वादा करती है, जो पारिवारिक संबंधों के उतार-चढ़ाव का अनुभव करने वाले किसी भी व्यक्ति को पसंद आएगी। हेमंत ढोमे द्वारा लिखित, फिल्म में क्षिति जोग, सिद्धार्थ चांदेकर और अमेय वाघ प्रमुख भूमिकाओं में हैं, जिसे प्रतिभाशाली कलाकारों का सहयोग प्राप्त है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर एक उत्सवपूर्ण नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें सभी कलाकार दिवाली की फुलझड़ियों के साथ जश्न के मूड में हैं। दीवाली की शुभकामनाओं और शुभकामनाओं के साथ, पोस्ट में फसक्लास की नई थिएट्रिकल रिलीज डेट की घोषणा की गई 24 जनवरी 2025 को फसक्लास हमारे पास के सिनेमा में।

फससक्लास दाभाड़े टी-सीरीज़, कलर येलो प्रोडक्शंस और चलचित्र मंडली के बीच एक सहयोगी उद्यम है जो एक बार फिर आनंद एल राय, क्षिती जोग और हेमंत ढोमे के पुनर्मिलन का प्रतीक है। 24 जनवरी, 2025 को रिलीज होने वाली यह फिल्म अनिल थडानी की एए फिल्म्स द्वारा डिस्ट्रीब्यूटर की जाएगी।

### कांतारा के ऋषभ बनेंगे हनुमान



कन्नड़ सिनेमा के दमदार एक्टर ऋषभ शेट्टी अपने बेहतरीन अभिनय के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 'कांतारा' से बॉक्स ऑफिस का सारा आयाम ही बदल दिया था। छोटे बजट की इस फिल्म ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस को हिलाकर रख दिया था। इसमें ऋषभ की एक्टिंग की सभी ने जमकर तारीफ की थी। ऐसे में अब दिवाली के मौके पर एक्टर ने अपने फैंस को सरप्राइज दिया है। उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म 'जय हनुमान' का ऐलान किया है। फिल्म का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। दरअसल, दिवाली के मौके पर ऋषभ शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर अपनी अपकमिंग फिल्म 'जय हनुमान' की तस्वीर को शेयर किया है। इसे शेयर कर उन्होंने फैंस की दिवाली को खास बना दिया है। 'जय हनुमान' का निर्माण मैत्री प्रोडक्शन की ओर से किया जा रहा है। फिल्म के फर्स्ट लुक पोस्टर को शेयर करने के साथ ही लिखा गया है, 'वचनपालनं धर्मस्य मूलम्।

## अनुपम खेर ने 'विजय 69' के निर्माण के दौरान लगी चोटों के बारे में बताया



**दिग्गज** अभिनेता अनुपम खेर अपनी आगामी फिल्म 'विजय 69' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच अभिनेता ने आईएएनएस से बातचीत की और शूटिंग के दौरान आई मुश्किलों के बारे में बताया। अनुपम खेर 'विजय 69' में 69 वर्षीय ट्रायथलीट की भूमिका निभाते नजर आएंगे। अभिनेता ने फिल्म के सेट पर शूटिंग के दौरान लगी चोट के बारे में बताया। अभिनेता ने बताया कि उनके कंधे में गंभीर चोट लगी थी, लेकिन इससे वे परेशान नहीं हुए और असहनीय दर्द के बावजूद उन्होंने काम करना जारी रखा। उन्होंने कहा यह एक गंभीर चोट थी, मेरा कंधा टूट गया था और कंधे की हड्डी उखड़ गई थी, यह मेरे लिए बेहद दर्दनाक था। इसके बावजूद मैंने काम को रोका नहीं और शूटिंग जारी रखी। अभिनेता ने कहा मुझे लगता है कि जब आप ड्रामा स्कूल के होते हैं, तो वहां कि ट्रेनिंग आपको यही सिखाती है। शो किसी भी वजह से रुकना नहीं चाहिए और हमेशा चलते रहना चाहिए। अभिनेता ने कहा, मैंने इसे बहुत कम उम्र में सीखा, क्योंकि मैं एक साधारण पृष्ठभूमि से आता हूं, जहां चोट लगने पर भी नियमित जीवन की दिशा नहीं बदलती है। उन्होंने कहा जीवन चलते रहना चाहिए, मैंने अपने पिता को देखा है, वह जब तक बिस्तर पर नहीं पड़े, हर दिन ऑफिस जाते रहे।

## मनीषा कोइराला ने मनाया कुकुर तिहार, अभिनेत्री ने की पेट डॉग की पूजा



मनीषा कोइराला नेपाली मूल की अभिनेत्री हैं जिन्हें अपनी संस्कृति और परंपराओं पर गर्व है। वह अक्सर अपने प्रशंसकों को अपने जीवन और अपने गृहनगर में मनाए जाने वाले उत्सवों की झलक दिखाती नजर आती हैं। अभिनेत्री ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें दिखाया गया कि कैसे उनके परिवार ने कुकुर तिहार के शुभ अवसर पर कुत्तों की पूजा की। अभिनेत्री के इस वीडियो पर प्रशंसकों ने उनकी खूब सराहना भी की है।

**मनीषा कोइराला का वीडियो जीत रहा है दिल**

मनीषा कोइराला ने एक वीडियो जारी किया, जो किसी भी पालतू जानवर के प्रेमी को खुश कर देगा। क्लिप में दिखाया गया है कि उनका परिवार अपने पालतू कुत्तों को भगवान की तरह मानता है। उन्हें ट्रीट देने से लेकर कुत्तों पर फूल बरसाने, उन्हें माला पहनाने और उनकी पूजा करने तक, उन्होंने यह सब किया। इस कार्यक्रम के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने बताया कि उन्होंने नेपाली त्योहार, कुकुर तिहार मनाया।

**कुकुर तिहार मनाती नजर आई अभिनेत्री**

कैप्शन में उन्होंने लिखा, नेपाल कुकुर तिहार मनाता है, और मुझे कुत्तों द्वारा हमारे जीवन में लाए जाने वाले बिना शर्त प्यार और वफादारी की याद आती है। यह सुंदर परंपरा डॉग्स को माला, सिंदूर और उपहार देकर उनका सम्मान करती है ताकि उनके साथ और सुरक्षा के लिए उनका धन्यवाद किया जा सके।

## ऐश्वर्या के कंधे की हड्डी तोड़ी दी थीं: सोमी अली

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस सोमी अली इन दिनों काफी चर्चा में हैं। वो लगातार सलमान खान और लॉरेंस बिश्नोई को लेकर लगातार कोई ना कोई बयान दे रही हैं। हाल ही में बिश्नोई गैंग से धमकियों के बाद सोमी अली इस पर लगातार



रिएक्शन दे रही हैं। ऐसे में अब उन्होंने सलमान और ऐश्वर्या राय के रिश्ते को लेकर खुलासा किया है। उन्होंने सलमान और उनकी एक्स गर्लफ्रेंड संग संबंधों पर खुलकर बात की है। इसी बीच ऐश्वर्या और सलमान को लेकर कहा कि एक्टर ने उनकी कंधे की हड्डी तक तोड़ दी थी।

दरअसल, सोमी अली ने बातचीत में सलमान खान संग अपने और एक्स गर्लफ्रेंड संग रिश्ते को लेकर बात की। इस बातचीत में सोमी ने कहा कि उनके साथ सलमान ने जैसा बर्ताव किया है वैसा किसी के साथ नहीं किया। इसी के साथ ही उन्होंने ऐश्वर्या राय को लेकर भी खुलासा किया है और कहा कि सलमान ने ऐश्वर्या के साथ बहुत बुरा बर्ताव किया।

## नोरा ने अपने लेटेस्ट इंटरनेशनल गाने इट्स टू के साथ ग्लोबल स्टेज पर हिंदी का प्रभाव दर्शाया



अपनी बहुभाषी प्रतिभा के लिए मशहूर नोरा फतेही ने अपने लेटेस्ट सिंगल, इट्स टू के साथ एक बार फिर विभिन्न कल्चर को जोड़ा है। यह गाना हिंदी लिरिक्स के साथ उनका दूसरा इंटरनेशनल रिलीज़ है। फीफा वर्ल्ड कप एंथम में अपने शक्तिशाली प्रदर्शन के बाद, नोरा के लेटेस्ट ट्रैक में अफ्रीकी और भारतीय धुनों का समावेश है और यह पहले से ही दुनिया भर के दर्शकों को आकर्षित कर रहा है। यह साफ है कि नोरा उन कुछ कलाकारों में से एक हैं, जो ग्लोबल स्टेज पर हिंदी लिरिक्स के साथ अपने बॉलीवुड प्रभाव को प्रदर्शित करती हैं। नोरा, जिनका वार्नर म्यूजिक के साथ मेगा रिकॉर्ड डील है, कहती हैं, इस गाने में हिंदी लिरिक्स होने ही चाहिए क्योंकि मैं बॉलीवुड से आती हूँ। मैं ग्लोबल स्टेज पर भारत और हिंदी का प्रतिनिधित्व करने के किसी भी अवसर का लाभ उठाती हूँ। मैं इसे उस देश और भाषा को वापस देने के सम्मान के रूप में देखती हूँ, जिसने मुझे इतना कुछ दिया है। मैं ग्लोबल स्टेज पर हमेशा इसका प्रतिनिधित्व करती रहूँगी।

## कार्तिक की अमावस में माधुरी व विद्या का उजाला

### शुरू में लड़खड़ाने के बाद संभली फिल्म

दिवाली के मौके पर रिलीज हुई फिल्म 'भूल भुलैया 3' असल में भैया दूज वाली फिल्म है। सौतेले भाई, बहनों की साजिश से शुरू होने वाली कहानी आज के जमाने में खून के रिश्तों से ज्यादा सहृदयता के रिश्तों की महत्ता समझाती है। दो बेटियों के पिता को बेटे की चाहत अपने ही महल की नौकरानी के पास लाती है। सौतेले भाई को बहनों का प्यार नहीं मिलता लेकिन उसे दोनों बहनों में ही अपनी दुनिया दिखती है। और, फिर होता है एक खुलासा जिसके चारों तरफ की भूल भुलैया निर्देशक अनीस बज्मी की फिल्म 'भूल भुलैया 3' का मायाजाल बनता है। फिल्म का विस्तार शुरू में थोड़ा बोरिंग है, लेकिन उससे निकलने के बाद फिल्म में खूब मनोरंजन है।

### नेटफ्लिक्स का टुडुम

निर्देशक प्रियदर्शन की फिल्म 'भूल भुलैया' की रिलीज के 17 साल बाद इस कहानी के दो किरदार मंजुलिका और छोटा पंडित लोगों को याद रह गए तो इसमें इन्हें निभाने वाली अभिनेत्री विद्या बालन और अभिनेता राजपाल यादव की अपनी मेहनत का बहुत बड़ा योगदान है। 'भूल भुलैया 2' में रूह बाबा बनकर बड़े सितारों की बड़ी लीग में शामिल हुए कार्तिक आर्यन की उसके बाद कोई फिल्म धमाल नहीं मचा सकी। अब फिल्म 'भूल भुलैया 3' में उन्हें माधुरी के मोहक रूप ने बचाया है। विद्या बालन की चपलता उनके काम आई है। और, अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी इस फिल्म के क्लाइमेक्स ने मंजुलिका का सीधे नेटफ्लिक्स की अंतर्राष्ट्रीय नीतियों से 'टुडुम' करा दिया है।

### कौन है मंजुलिका?



मंजुलिका कौन है? इसी सवाल पर फिल्म 'भूल भुलैया 3' भी नाचती रहती है। आकाश कौशिक के साथ मिलकर अनीस बज्मी पहले एक घंटे दर्शकों को वाकई भूल भुलैया घुमाते हैं। कार्तिक आर्यन से अक्षय कुमार जैसी एक्टिंग कराते हैं। और, तृप्ति डिमरी का चढ़ा हुआ पेट छिपाने के लिए उन्हें अजीबो गरीब कपड़े भी पहनाते हैं।

दर्शक खीझने लगते हैं कि ये क्या ही कर रहे हैं कार्तिक आर्यन और अनीस बज्मी? लेकिन, ये एक चाल है इस फिल्म की, जिसमें दर्शक इंटरवल के ठीक पहले छपाक से जाकर गिरता है। ऊंची हील वाली सैंडल पहने माधुरी दीक्षित के कदम जैसे ही परदे पर पड़ते हैं, फिल्म का माहौल, कहानी और इसका ट्रीटमेंट सब बदल जाता है। जिन लोगों ने पहले की दोनों फिल्में देख रखी हैं, वह मन ही मन गणना करने लगते हैं कि इस बार मंजुलिका कौन है? माधुरी दीक्षित या विद्या बालन?

फिल्म 'भूल भुलैया 3' के बीच बीच में तृप्ति डिमरी जैसी ठुड्डी का सस्पेंस भी है लेकिन इसके खुलासे को शायद अनीस बज्मी ने 'भूल भुलैया 4' के लिए बचा लिया है। फिल्म में कॉमेडी भरपूर हो न हो लेकिन जगह जगह तंज बहुत सटीक हैं। कार्तिक आर्यन को अपनी ही फिल्म 'शहजादा' के नाम से भागते दिखाया गया है।

भागती टी सीरीज भी रही है इस फिल्म के समय की जिम्मेदारियां पूरी करने से। छोटा पंडित बने राजपाल यादव का डिज्नी की सीरीज 'मूनलाइट' से प्रेरित 'जवान' अवतार बिल्कुल सही समय पर आता है। फिल्म के क्लाइमेक्स एक के बाद एक तीन हैं और हर क्लाइमेक्स में कहानी बिल्कुल अलग मोड़ पर निकल जाती है। दो सौ साल पहले एक रियासत के राजकुमार की मनोभावनाओं तक जब कहानी पहुंचती है, तो न सिर्फ कार्तिक आर्यन के साहस की तारीफ करने का मन करता है बल्कि यहां तक फिल्म को लाकर माधुरी दीक्षित और विद्या बालन ने जो पूरा समा बांधा है, उस पर भी तालियां बज ही जाती हैं।

-साभार एजेंसी